@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com


R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 331 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## कीर स्टार्मर संग पीएम मोदी ने की बैठक

### भारत-ब्रिटेन के बीच शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में हुए समझौते

**एजेंसी**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई में ब्रिटेन के अपने समकक्ष कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की यह पहली भारत यात्रा है। इस मुलाकात के दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन सेक्टर में चार प्रमुख समझौते हुए हैं, जिनमें भारत-यूके कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर की स्थापना, एआई के लिए भारत-यूके के ज्वाइंट सेंटर की स्थापना, यूके-भारत क्रिटिकल मिनरल्स सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी के फेज-टू की शुरुआत और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में एक नया सैटेलाइट कैंपस स्थापित करना शामिल है। इसके साथ ही, ग्रीन टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन की



मजबूती के लिए क्रिटिकल मिनरल्स इंडस्ट्री गिल्ड की स्थापना के लिए भी समझौता हुआ है। शिक्षा क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण समझौतों पर सहमति हुई, जिनमें लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी का बेंगलुरु में कैंपस खोलने के लिए 'लेटर ऑफ इंटेंट' का हस्तांतरण और 'यूनिवर्सिटी ऑफ सरी' का गुजरात की जीआईएफटी सिटी में कैंपस खोलने के लिए मंजूरी शामिल है। ट्रेड और इन्वेस्टमेंट के क्षेत्र में तीन समझौते हुए, जिनमें पुनर्गठित भारत-यूके सीईओ फोरम की उद्घाटन बैठक, भारत-यूके संयुक्त आर्थिक व्यापार समिति (जेईटीसीओ) का पुनर्गठन, जो सीईटीए के कार्यान्वयन में सहायता करेगा और दोनों देशों में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। क्लाइमेट टेक्नोलॉजी स्टार्टअप फंड में एक ज्वाइंट इन्वेस्टमेंट, जो जलवायु प्रौद्योगिकी और एआई जैसे क्षेत्रों में इनोवेटिव एंटरप्रेन्योर्स को समर्थन देने के लिए ब्रिटेन सरकार और भारतीय स्टेट बैंक के बीच समझौता ज्ञापन के तहत एक रणनीतिक पहल है। इसके अलावा, क्लाइमेट, हेल्थ और रिसर्च सेक्टर में भी तीन महत्वपूर्ण पहलें हुईं, जिनमें बायो-मेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के फेज-थर्ड का शुभारंभ और ऑफशोर विंड टास्कफोर्स की स्थापना शामिल है। इसके अलावा, भारत के आईसीएमआर और ब्रिटेन के एनआईएचआर के बीच हेल्थ रिसर्च पर 'लेटर ऑफ इंटेंट' पर हस्ताक्षर शामिल हैं। ब्रिटेन के अपने समकक्ष कीर स्टार्मर से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ÷प्रधानमंत्री स्टार्मर और मैंने आने वाले समय में हमारे देशों के बीच व्यापारिक संबंधों और आर्थिक संबंधों पर चर्चा की। भारत-यूके सीईटीए युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा करेगा, व्यापार का विस्तार करेगा और हमारे उद्योगों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभान्वित करेगा।'

## सैनी ने आईपीएस वाई पूरन कुमार के निधन पर शोक जताया

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** सीएम नायब सैनी वीरवार को सेक्टर 24 स्थित आईएएस अमनीत पी कुमार के आवास पर पहुंचे और उनके पति आईपीएस वाई पूरन कुमार के निधन पर शोक जताया। सैनी करीब 45 मिनट रूके और फिर बिना कुछ कहे रवाना हो गए। सीएम के साथ वरिष्ठ आईएएस राजेश खुल्लर भी थे।



## असम में भाजपा को लगा झटका, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता राजेन गोहेन समेत 18 नेताओं का इस्तीफा



**एजेंसी**


**मुंबई।** असम में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और चार बार के भाजपा सांसद राजेन गोहेन ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ कुल 17 अन्य सदस्यों ने भी पार्टी से अपना त्यागपत्र सौंपा। राजेन गोहेन ने यह फैसला राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया को लिखे पत्र में बताया, जिसमें उन्होंने कहा कि वे पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी जिम्मेदारियों से तुरंत प्रभाव से हट रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस्तीफा देने वाले अधिकांश सदस्य ऊपरी और मध्य असम से हैं। राजेन गोहेन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि पार्टी ने 'असम के लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया और स्थानीय समुदायों को धोखा दिया, जबकि बाहरी लोगों को राज्य में बसने की अनुमति दी।'

## कफ सिरप मामले की जांच से जुड़ी पीआईएल पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कफ सिरप पीने से बच्चों की हुई मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट अदालत की निगरानी में जांच की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। याचिका में इस गंभीर मामले की जांच राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या सीबीआई के माध्यम से विशेषज्ञों की समिति बनाकर कराए जाने की मांग की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस उज्ज्वल भुयान और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनवाई 10 अक्टूबर के लिए निर्धारित की। वकील विशाल तिवारी की तरफ से दाखिल जनहित याचिका

### निष्पक्ष जांच की मांग



में सुप्रीम कोर्ट से अपील की गई कि मामले की निगरानी कोर्ट के रिटायर जज करें, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, याचिका में कफ सिरप में इस्तेमाल रसायन डायइथाइलीन ग्लाइकॉल और एथलीन ग्लाइकॉल की बिक्री और निगरानी के लिए सख्त नियम बनाए जाने की मांग भी की गई है। पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिए जाने और विभिन्न राज्यों में दर्ज एफआईआर को एक जगह ट्रांसफर कर संयुक्त जांच कराने की भी अपील की गई है। याचिका में उन कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने, उन्हें तुरंत बंद करने और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है, जो विषैले कफ सिरप का उत्पादन कर रही हैं। साथ ही बाजार से संबंधित उत्पादों को वापस मंगाने और ड्रग्स रिकॉल पॉलिसी बनाने की भी गुजारिश की गई है।

## मां यमुना के पुनर्जीवन के लिए केंद्र व दिल्ली सरकार अभूतपूर्व कार्य कर रही हैं: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

कौमी पत्रिका
**संजय कुमार**

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मां यमुना की स्वच्छता और पुनर्जीवन के लिए केंद्र एवं दिल्ली सरकार मिलकर अभूतपूर्व कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कल 1816 करोड़ रुपये की लागत से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जल एवं सीवरेज परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया, जो यमुना पुनर्जीवन और दिल्ली के जल ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और सुरक्षित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए निरंतर कार्यरत हैं और दिल्ली के विकास से जुड़े हर विषय पर उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के समर्थन से दिल्ली में जल एवं सीवरेज से जुड़ी 19 परियोजनाएं प्रारंभ की जा



रही हैं, जिनमें आठ आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, भूमिगत पेयजल जलाशय और सीवर लाइन बिछाने के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 1400 करोड़ रुपये की लागत से आठ एसटीपी बनाए जा रहे हैं, 99 करोड़ रुपये की लागत से भूमिगत जलाशयों का निर्माण और 300 करोड़ रुपये की लागत से सीवर लाइन व हाउस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इन योजनाओं से यमुना नदी में प्रदूषित जल का प्रवाह रुक सकेगा और दिल्ली के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल व बेहतर सीवरेज सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने यमुना की स्वच्छता पर केवल घोषणाएं कीं, लेकिन कभी ठोस कार्य नहीं किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने यमुना की सफाई के लिए एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की, जिसके अंतर्गत 22 बड़े और 200 छोटे नालों पर एसटीपी निर्माण का कार्य चल रहा है।

शेष पृष्ठ 3 पर

## मायावती ने सपा को दोगली पार्टी बताया, योगी की तारीफ की


### बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लखनऊ रैली में दिखाई ताकत

### ● सत्ता से बाहर होने पर सपा को याद आते हैं हमारे संत-महापुरुष और पीडीए : मायावती

**एजेंसी**

**लखनऊ।** लखनऊ के कांशीराम स्मारक स्थल पर गुरुवार को बसपा की रैली में मायावती ने संबोधन किया। मायावती ने कहा, कि यूपी में कासगंज जिले का नाम मान्यवर कांशीराम नगर के नाम से रखा था। जैसे ही सपा पावर में आई, उन्होंने नाम बदल दिया। मायावती ने कहा, इमरजेंसी के दौरान संविधान को कुचला गया। बाबा साहेब को संसद नहीं पहुंचने दिया था। बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं दिया था। सपा ने कांशीराम का हमेशा अपमान किया। दलित समाज को जागरूक होना होगा। मायावती ने भाजपा के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की।

पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, 'हम वर्तमान सरकार के



आभारी हैं क्योंकि समाजवादी पार्टी सरकार के विपरीत, इस स्थान पर आने वाले लोगों से एकत्र किए गए धन को वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा दबाया नहीं गया है... जब हम सत्ता में थे, और यह स्मारक स्थल बनाया गया था, तो हमने उन लोगों के लिए टिकट प्रदान करने का फैसला किया जो इसे देखना चाहते थे, और इससे उत्पन्न राजस्व का उपयोग अन्य चीजों पर नहीं किया जाएगा, बल्कि इसका उपयोग लखनऊ में बने पार्कों और अन्य स्मारक स्थलों के रखरखाव के लिए किया जाएगा।

**लाखों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता:** मायावती ने कहा, कि आप बसपा शासनकाल में बने कांशीराम स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि देने आए हैं। इस स्मारक के कुछ हिस्सों की समय पर मरम्मत नहीं हो पाई थी, जिसके कारण आप उन्हें पुष्पांजलि अर्पित नहीं कर पाए थे। लेकिन अब जबकि इसका अधिकांश भाग पूरा हो चुका है, आपने अपने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और लाखों की संख्या में कांशीराम को श्रद्धांजलि देने आए हैं

### बसपा सरकार में आरक्षण का सही लाभ मिल सकता है: आकाश आनंद



कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर महारैली में आकाश आनंद ने कहा, कि आरक्षण अभी पूरा नहीं मिल पाया है। बसपा बाबा साहब की रास्ते पर चल रही है। मायावती कांशीराम के अधूरे काम को पूरा करने में लगीं हैं। यूपी की जनता को मायावती की जरूरत है। जातिवाद के पीड़ितों को मान-सम्मान की जिंदगी मायावती ने दी है। बसपा को मजबूत करके सत्ता में लाना है। बसपा सरकार में आरक्षण का सही लाभ मिल सकता है। यूपी में बसपा को सत्ता में जरूर लाना है।

## फर्रुखाबाद में विमान दुर्घटनाग्रस्त, सभी बाल-बाल बचे



**एजेंसी**

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद क्षेत्र में बनी हवाई पट्टी पर एक प्राइवेट चार्टर प्लेन उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट सहित पांच लोग सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। अधिकारियों के मुताबिक मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी पर प्राइवेट चार्टर प्लेन उड़ान भरते समय रनवे पर फिसल गया और पास की झाड़ियों में घुस गया।

विमान मे एक बीयर कंपनी के एमडी अजय अरोड़ा, एसबीआई अधिकारी सुमित शर्मा, डीपीओ राकेश टीकू के अलावा पायलट कैप्टन नसीब वामल और प्रतीक फर्नांडीज सवार थे। इस हादसे में सभी लोग बच गए। विमान दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा साझेदारी के लिए तीन प्रमुख समझौतों पर किये हस्ताक्षर

### राजनाथ सिंह ने विदेश मंत्री पेनी वोंग और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ कीं द्विपक्षीय बैठकें

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करके अपनी यात्रा शुरू की। पहले दिन विदेश मंत्री पेनी वोंग और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से मुलाकात करके द्विपक्षीय बैठकें कीं। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर करके अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बढ़ती भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार, प्रौद्योगिकी, संपर्क और क्षेत्रीय सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा साझेदारी को मजबूत करने के लिए तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं, जो सूचना साझाकरण



समझौता, पनडुब्बी खोज एवं बचाव सहयोग पर समझौता ज्ञापन और संयुक्त स्टाफ वार्ता की स्थापना से संबंधित हैं। इन समझौतों का उद्देश्य दोनों सशस्त्र बलों के बीच परिचालन समन्वय, समुद्री सुरक्षा सहयोग और अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना है। सैन्य अभ्यास, रक्षा उद्योग सहयोग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और बहुपक्षीय सहयोग में द्विपक्षीय पहलों पर भी चर्चा हुई। राजनाथ सिंह ने आज ही ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के साथ रक्षा साझेदारी विश्वास, साझा हितों और समृद्ध हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शानदार चुनावी जीत पर शुभकामनाएं दीं। रक्षा मंत्री ने भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा संबंधों की प्रगति की जानकारी दी और आईटी, साइबर, रक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में गहन सहयोग पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने सरकारी और गैर-सरकारी पक्षों की साझा चिंताओं को स्वीकार किया और भारत के परिवर्तनकारी आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन की उपलब्धियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से मुलाकात के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ शानदार मुलाकात हुई।

## राजस्थान में केवल लूट और झूठ की सरकार-गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने राजस्थान सरकार को केवल लूट और झूठ की सरकार करार देते हुए कहा है कि उसने बजट घोषणा के तहत जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन देने का काम पूरा नहीं किया है। श्री गहलोत ने गुरुवार को अपने बयान में यह आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान में केवल लूट और झूठ की सरकार चल रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बजट में 2024-25 के बजट में 25 लाख जल कनेक्शन जल जीवन मिशन के तहत देने की घोषणा की परन्तु केवल 9 लाख 44 हजार कनेक्शन ही दे सकी जो कांग्रेस सरकार द्वारा 2022-23 में लगाए गए 13 लाख 88 हजार एवं 2023-24 में लगाए गए 12 लाख 17 हजार से भी कम था। उन्होंने कहा कि बजट वर्ष 2025-26 में 20 लाख नल कनेक्शन देने की घोषणा की गई परन्तु आज इस बजट वर्ष के छह महीने बीत जाने के बाद भी केवल 97 हजार कनेक्शन जारी किए जा सके हैं।

### बिहार विधानसभा चुनाव:
## जनसुराज की पहली सूची जारी

**एजेंसी**

**पटना ।** बिहार विधानसभा चुनाव में जहां दोनों गठबंधनों, एनडीए और महागठबंधन, में सीट बंटवारे को लेकर स्थिति साफ नहीं हो सकी है, वहीं जन सुराज पार्टी ने गुरुवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। जन सुराज ने बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। जन सुराज के अध्यक्ष उदय सिंह ने प्रेस वार्ता में उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस सूची में 51 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम हैं। उन्होंने बताया कि जन सुराज ने वाल्मीकिनगर से दिग नारायण प्रसाद, लौरिया से सुनील कुमार, हरसिद्धि से अवधेश राम, ढाका से लाल बहादुर प्रसाद, सुरसंड से उषा किरण, रुन्नीसैदपुर से विजय कुमार साह, बेनीपट्टी से मोहम्मद परवेज आलम, निर्मली से राम प्रवेश कुमार यादव और सिकटी से राघिब बबलू को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह कोचाधामन से अबु फारूक को, अमनौर से अरफोज आलम को, बायसी से शाहनवाज आलम को, और प्राणपुर से कुणाल निषाद को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी की ओर से दरभंगा से आरके मिश्रा, मुजफ्फरपुर से डॉ. अमन कुमार दास, और गोपालगंज से डॉ. शशि शेखर सिन्हा प्रत्याशी होंगे। रघुनाथपुर से राहुल कीर्ति सिंह, सहरसा से किशोर कुमार मुन्ना, और छपरा से जयप्रकाश सिंह चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। सोनपुर से चंदन लाल मेहता और मोतिहारी से डॉ. अरुण कुमार को प्रत्याशी बनाया गया है। बिहारशरीफ से दिनेश कुमार, पटना कुम्हरार से केसी सिन्हा, नालंदा से कुमारी पूनम सिन्हा, आरा से विजय कुमार गुप्ता, करहगर से रितेश रंजन पांडेय,

### 51 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा



गोह से सीताराम दुखारी, नबीनगर से अर्चना चंद्रा, बोधगया से लक्ष्मण मांझी, दरभंगा (ग्रामीण) से शोएब खान, और बनियापुर से श्रवण कुमार महतो चुनावी मैदान में जन सुराज के प्रत्याशी होंगे।उम्मीदवारों की इस पहली सूची में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर का नाम नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि वे इस चुनाव में पार्टी के लिए चुनावी रणनीति बनाएंगे।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 21.78 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त, तस्कर गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। देश के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में से एक मुंबई एयरपोर्ट पर दुनिया भर से यात्री आते हैं। इसलिए एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। इसके अलावा, चूंकि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, इसलिए एयरपोर्ट पर सुरक्षा की भी हमेशा समीक्षा होती रहती है। यहां अक्सर सोने या ड्रग्स जैसी वस्तुओं की तस्करी होती है। अब, यह खुलासा हुआ है कि खजूर के पैकेट से कोकीन की तस्करी की जा रही है। दरअसल एयरपोर्ट के सुरक्षा गार्डों ने एक खजूर के पैकेट से 2 किलो 178 ग्राम कोकीन जब्त किया है और इसकी मौजूदा बाजार कीमत 21.78 करोड़ रुपये है। बताया गया है कि तस्करों द्वारा खजूर के पैकेट से खजूर निकालकर, खजूर से बीज निकालकर और उनमें कोकीन भरकर तस्करी करने की कोशिश की थी। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर इस साजिश का पर्दाफाश हो गया। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 21.78 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन की जब्ती को हवाई अड्डा सुरक्षा और पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की यह एक बड़ी कार्रवाई है और सुरक्षा एजेंसियों ने 2 किलो 178 ग्राम कोकीन जब्त की है। बताया गया है कि सिएरा लियोन से आए यात्री के साथ कोकीन की डिलीवरी लेने आए एक शख्स को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि जब्त पाउडर कोकीन है, जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। अब यह जांच की जा रही है कि कोकीन कहां से लाया गया था और कहां ले जाया जा रहा था। इसके अलावा, पुलिस भारत में इस तस्करी के कनेक्शन की भी जांच कर रही है।

## कैबिनेट की मंजूरी, कर्नाटक में महिलाओं को हर महीने एक दिन की पेड पीरियड लीव

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक सरकार ने महिलाओं के स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर समानता को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। राज्य कैबिनेट ने मैन्स्ट्रुअल लीव पॉलिसी-2025 को मंजूरी दे दी है। नई नीति के तहत राज्यभर में कार्यरत सभी महिलाओं को हर महीने एक दिन की सवेतन (पेड) पीरियड लीव मिलेगी। यह नीति अब आधिकारिक रूप से लागू कर दी गई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस सुविधा का लाभ केवल सरकारी कर्मचारियों को ही नहीं, बल्कि वस्त्र उद्योग, बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी), आईटी सेक्टर और अन्य निजी संस्थानों में काम करने वाली महिलाओं को भी मिलेगा। राज्य के श्रम मंत्री संतोष ने बताया कि यह प्रस्ताव गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में पारित किया गया। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला ऐसा व्यापक कानून है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और कार्यस्थल पर उनके अधिकारों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में सरकार ने एक साल में छह पीरियड लीव देने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर हर महीने एक दिन यानी सालाना 12 दिन कर दिया गया है। सरकार का मानना है कि यह नीति महिलाओं की कार्यक्षमता, मानसिक स्वास्थ्य और समावेशी कार्यसंस्कृति को मजबूत करेगी।

## 20 बच्चों की मौत के मामले में कोल्ड्रिफ कफ सिरप कंपनी का लाइसेंस रद्द

चैन्नई (एजेंसी)। मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से 20 बच्चों की मौत के बाद, तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम ने गुरुवार को बताया कि कंपनी का लाइसेंस अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है और जांच के बाद इसे स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट में छिंदवाड़ा एसपी के मुताबिक कंपनी के मालिक रंगनाथन को चेन्नई की कोर्ट में पेश किया जाएगा और ट्रांजिट रिमांड हासिल करने के बाद छिंदवाड़ा लाया जाएगा। इस बीच मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बुधवार को बताया कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में 20 बच्चों की मौत हुई है। पांच का इलाज चल रहा है। इन 20 बच्चों में से 17 छिंदवाड़ा जिले के, दो बैतूल और एक पांढुर्ना जिले का है। डिप्टी सीएम शुक्ला ने कहा कि इस घटना को लेकर राज्य सरकार सख्त है। छिंदवाड़ा से पुलिस की टीमें कोल्ड्रिफ निर्माण कंपनी के मालिक रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है। बता दें डॉक्टरों के एक समूह और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले में एक विरोध प्रदर्शन किया और सरकारी डॉक्टर प्रवीण सोनी की रिहाई की मांग की, जिन्हें हाल ही में जिले में कथित तौर पर कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के मामले में जेल भेजा गया था।

## पुलिस ने दिल्ली में 28 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया, डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरु

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण पूर्व जिला पुलिस के बांग्लादेशी प्रकोष्ठ ने दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 28 बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई बढ़ती अवैध प्रवास की चिंताओं को देखते हुए की गई, जिसमें बिना वैध दस्तावेज के रह रहे लोगों की पहचान और निर्वासन पर जोर दिया गया। पुलिस उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन अवैध प्रवासियों को दिल्ली के विभिन्न इलाकों में झुग्गी-झोपड़ियों, श्रमिक शिविरों और अनधिकृत कॉलोनियों से हिरासत में लिया है। पुलिस ने मुखबिरों की मदद से खुफिया जानकारी जुटाई और अवैध तरीके से भारत आने वाले रास्तों की पहचान की। पुलिस टीम ने फील्ड इंटेलिजेंस, मुखबिर नेटवर्क और स्थानीय पूछताछ का सहारा लिया। सत्यापन अभियान चलाकर कड़ी निगरानी की, जिसके बाद 28 लोगों को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि ये पश्चिम बंगाल की खुलना सीमा से अवैध तरीके से भारत आए थे और उनके साथ कई अन्य अज्ञात लोग भी शामिल हो सकते हैं। इनमें से किसी के पास भी वैध दस्तावेज नहीं मिले। गिरफ्तार किए गए सभी प्रवासियों को अस्थायी हिरासत केंद्र में रखा गया है, जहां उनके निर्वासन की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक ये लोग अकुशल मजदूर हैं जो कूड़ा बीनने, खेतिहर काम या अनौपचारिक व्यवसायों में लगे थे।

# पार्टी आपकी आभारी है और हम इस समर्थन को बेकार नहीं जाने देंगे

### -बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांशीराम की पुण्यतिथि पर की लखनऊ में बड़ी रैली



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ की सड़कों पर हर तरफ नीले झंडे, पोस्टर और बैनर दिखाई दे रहे हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती गुरुवार को लखनऊ में कांशीराम की पुण्यतिथि पर एक बड़ी रैली कर रही हैं। उन्होंने इस दौरान कांशीराम को श्रद्धाजंलि दी। अपार संख्या में पहुंचे लोगों और कार्यकर्ताओं-समर्थकों का मायावती ने आभार जताते हुए कहा कि जनता ने इस बार जबरदस्त समर्थन दिखाया है। साथ ही योगी सरकार की सराहना की तो वहीं समाजवादी पार्टी पर जमकर तीखा हमला बोला।

मायावती ने कहा कि आज का जनसमूह यह दिखाता है कि हमने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पार्टी आपकी आभारी है और हम इस समर्थन को बेकार नहीं जाने देंगे। इसके अलावा उन्होंने लखनऊ के स्मारकों और पार्कों के रखरखाव का मुद्दा उठाया और कहा कि जब उनकी सरकार ने कांशीराम के सम्मान में यह स्मारक बनवाए थे, तो एक व्यवस्था की गई थी कि यहां आने वाले दर्शकों से जो टिकट का पैसा लिया जाएगा, वह इन्हीं स्मारकों के रखरखाव पर खर्च होगा।

मायावती ने सत्ताधारी यूपी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सीएम योगी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि टिकट से मिलने वाला पैसा इन स्थलों के रखरखाव में लगाया जाए। बीजेपी सरकार ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाया और मरम्मत का पूरा खर्च उठाया। इसके लिए हम उनका आभार जताते हैं। सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब अखिलेश यादव सत्ता में होते हैं तो न उन्हें कांशीराम याद आते हैं, न ही पीडीए। सत्ता से बाहर होते ही उन्हें ये सब याद आने लगता है। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि अगर सपा को कांशीराम जी से इतना ही सम्मान था, तो अलीगढ़ मंडल में जो ज़िला कांशीराम जी के नाम पर बनाया गया था, सपा सरकार आते ही उसका नाम क्यों बदल दिया गया? हमने कांशीराम जी के नाम पर कॉलेज, यूनिवर्सिटी और जनकल्याण योजनाएं शुरू की, लेकिन सपा का रवैया हमेशा से दोहरा रहा है- ना नीयत साफ है, ना नीति।

मायावती ने कहा कि जब सत्ता में रहते हैं तो उन्हें न तो पीडीए याद आता है और न ही कोई पुण्यतिथि। लेकिन जब सपा सत्ता से बाहर हो जाती है तो उन्हें संगोष्ठी की याद आती है। मैं अखिलेश से पूछना चाहती हूं कि यदि कांशीराम जी के प्रति आपका इतना ही आदर सम्मान था तो जब उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार थी और हमने अलीगढ़ मंडल में कासगंज नाम से एक जिला बनाया और उस जिले का नाम कांशीराम जी के नाम पर रखा गया था। समाजवादी पार्टी ने सत्ता में आते ही उसका नाम क्यों बदल दिया? हमने कांशीराम जी के नाम पर अनेकों संस्थानों के नाम रखें, अनेक योजनाएं शुरू की जिसे समाजवादी पार्टी ने सत्ता में आते ही बंद कर दियाज्यह उनका दोहरा चरित्र नहीं है तो क्या है?

मायावती ने कहा कि मरने से पहले कांशीराम जी की दिली तमन्ना थी कि जहां दलितों और अन्य उपेक्षित वर्गों की आबादी ज्?यादा है तो अकेले ही अपने दम पर पूरे दम से सरकार बनानी होगी, लेकिन दुख की बात ये है कि कांशीराम के जीते जी तो इनका ये सपना साकार नहीं हो सका था तो 2007 में हमने बहुजन समाज के अेकेले पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई, इससे पहले हमने मिली जुली सरकार बनाई, लेकिन चौथी बार हमने यूपी में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई।

उन्होंने कहा कि ये बीजेपी, कांग्रेस सपा और दूसरे जातिवादी दलों को बिल्कुल अच्छा नहीं लगा, जबकि इससे पहले केंद्र की बीजेपी सरकार ने मेरे, भाई बहन, रिश्तेदारों पर जबदस्ती गलत केस लगाकर आईटी और सीबीआई को पीछे लगाकर छवि को धूमिल करने का काम किया, कांग्रेस ने भी हमें राहत देने की बजाय का उलझा दिया। ऐसे हालातो में भी हमने डॉ. अंबेडकर के बताए रास्तों पर चलते हुए 2007 में अपनी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई।

## भारत के स्टार क्रिकेटर को अंडरवर्ल्ड से धमकी, 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी

**मुंबई (एजेंसी)।** एशिया कप जीतने वाले भारत के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड ने धमकी देते हुए उनसे 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। मुंबई पुलिस ने रिंकू को धमकी देने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि रिंकू सिंह को पहले भी धमकी मिल चुकी है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि रिंकू सिंह को यह धमकी किसी और की नहीं, बल्कि



मोस्ट वांटेड गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के गिरोह यानी डी-कंपनी की तरफ से आई है। फरवरी से अप्रैल 2025 के बीच रिंकू की प्रमोशनल टीम को तीन धमकी भरे मैसेज भेजे गए थे। रिंकू सिंह को इस साल तीन बार धमकियां मिलीं। धमकी भरे मैसेज रिंकू सिंह को नहीं, बल्कि उनकी प्रमोशनल टीम को भेजे गए थे। क्राइम ब्रांच ने बताया कि यह मामला किसी बड़े रैकेट से जुड़ा है। क्योंकि जीशान सिद्दीकी को भी इसी तरह के धमकी भरे ईमेल मिले थे। रिंकू सिंह को धमकी देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने धमकी देने की बात कबूल कर ली है। इससे पहले, जीशान सिद्दीकी के पिता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद उन्हें धमकी दी गई थी और 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी। इस मामले में इंटरपोल की मदद से मोहम्मद दिलशाद और मोहम्मद नवीद को त्रिनिदाद और टोबैगो से पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जीशान को ये धमकी भरे ईमेल 19 से 21 अप्रैल के बीच मिले थे। इनमें उन्हें यह भी चेतावनी दी गई थी कि अगर उन्होंने फिरौती नहीं दी, तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## केदारनाथ में टूटा 2024 का रिकॉर्ड, श्रद्धालुओं की संख्या 16.56 लाख के पार

**-पिछले वर्ष पूरे यात्रा काल में पहुंचे थे 16 लाख 52 हजार 76 यात्री**

**देहरादून (एजेंसी)।** चारधाम यात्रा फिर रफ्तार पकड़ गई है। बारिश और बर्फबारी के बावजूद यात्रियों में भारी उत्साह बना हुआ है। केदारनाथ यात्रा ने नया रिकॉर्ड बनाया है। आज बुधवार को यहां श्रद्धालुओं की संख्या 16 लाख 52 हजार के पार पहुंच गई, जबकि अभी धाम कपाट बंद होने में 14 दिन का समय बचा है। वर्ष 2024 में पूरे यात्रा काल में 16 लाख 52 हजार 76 यात्री केदार दर्शन के लिए पहुंचे थे। बुधवार को केदारनाथ धाम में 5614 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। केदार धाम के कपाट आगामी 23 अक्टूबर को भैया दूज के अवसर पर बंद होंगे। अभी यात्रा 15 दिन और चलेगी। इस प्रकार यहां यात्रियों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बनाया है। बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी अब यात्रियों की संख्या बढ़ी है। प्रदेश सरकार की ओर से श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए सुरक्षित यात्रा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यात्रा मार्ग में सुरक्षा जवानों की तैनाती की गई है। यात्रा मार्ग पर यातायात सुचारू बना रहे, इसके लिए भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर मलबे की सफाई के लिए जेसीबी की व्यवस्था की गई है। बता दें कि इस वर्ष 30 अप्रैल को गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का आगाज हो गया था। इसके बाद दो मई को केदारनाथ और चार मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए थे। मानसून सीजन में अतिवृष्टि, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं के चलते चारधाम यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई है। प्रकृति की विनाशलीला में गंगोत्री धाम का महत्वपूर्ण पड़ाव धराली बुरी तरह तबाह हो गया। मार्ग बुरी तरह तहस-नहस हो जाने से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा को रोकना पड़ा था। बारिश थमने पर भी यहां यात्रा को बहाल करना बड़ी चुनौती था, लेकिन शासन-प्रशासन की टीमों ने युद्धस्तर पर कार्य कर आम जनजीवन की बहाली के साथ ही यात्रा मार्गों को सुचारू किया। दोनों धामों की यात्रा भी सुरक्षा इंतजामों के साथ शुरू हो गई। प्रशासन की ओर से यात्रियों को अभी भी एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। यात्रियों को बार-बार आगाह किया गया है कि मौसम खराब होने पर यात्रा करने से बचें। यदि यात्रा मार्ग में हैं, तो सुरक्षित स्थान पर शरण लें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जिलाधिकारियों से कहा है कि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी यात्रा मार्गों पर आवश्यक यात्री सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। सभी जिम्मेदार अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा जाए।

## आईपीएस अफसर आत्महत्या मामले में डीजीपी और एसपी की हो गिरफ्तारी

### -मृतक पूरन कुमार की पत्नी आईएएस अमनीत ने लगाए गंभीर आरोप

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या मामले ने जोर पकड़ लिया है। अफसर की आत्महत्या के दौरान जापान गईं उनकी पत्नी अमनीत पी कुमार भारत लौट आई हैं और उन्होंने इस मामले में चंडीगढ़ पुलिस को शिकायत दी है। हरियाणा कैडर की आईएएस अमनीत ने अपनी शिकायत में डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारनिया पर आरोप लगाया है कि वे पति का उत्पीड़न कर रहे थे। इसके चलते उन्होंने खुदकुशी की।

अमनीत ने मांग की है कि हरियाणा के डीजीपी और रोहतक के एसपी के खिलाफ एससी-एसटी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाए। आईपीएस वाई पूरन कुमार दलित समाज से आते थे। उन्होंने हाल ही में रोहतक की सुनारिया जेल की जिम्मेदारी मिली थी और आईजी की पोस्ट पर तैनात थे। उन्होंने खुद को चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित आवास पर खुद को गोली मार ली थी।

आईएएस अफसर और पूरन की पत्नी अमनीत ने दावा किया है कि उनके पति ने सुसाइड नोट में मांग की है कि डीजीपी और रोहतक के एसपी के खिलाफ मामला दर्ज हो और उन्हें गिरफ्तार किया जाए। अमनीत ने अपनी शिकायत में लिखा है कि मेरे पति जो बेहद ईमानदारी थे। वह घर में गोली लगने से मृत पाए गए। आधिकारिक रूप से इसे आत्महत्या कहा जा रहा है, लेकिन मेरी आत्मा कहती है कि यह उनका लगातार उत्पीड़न होने का परिणाम है।

अमनीत ने आरोप लगाया कि उनके पति का सालों से उत्पीड़न किया जा रहा था। उन्हें सीनियर अधिकारी व्यक्तिगत तौर पर परेशान करते थे और इन लोगों में डीजीपी शत्रुजीत कपूर भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पति बताते थे कि जाति के आधार पर उनके खिलाफ भेदभाव हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया था कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है और किसी मामले में उन्हें फंसाया जा सकता है। ऐसा डीजीपी के इशारे पर हो रहा है।

यही नहीं अमनीत ने रोहतक के अर्बन एस्टेट पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर को भी गलत बताया। उन्होंने कहा कि 6 अक्टूबर को जो एफआईआर दर्ज की गई थी, वह गलत है। इसमें उनके पति के स्टाफ में शामिल सुशील कुमार का इस्तेमाल किया गया।

अमनीत ने कहा कि उनके पति को इस मामले में फंसाया गया और इसके चलते उन्होंने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि उनके पति पूरन कुमार ने इस मामले को लेकर डीजीपी शत्रुजीत कपूर से बात की थी, लेकिन उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि



पूरन ने इसके बाद रोहतक के एसपी से भी बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि इस मामले में डीजीपी और रोहतक के एसपी की गिरफ्तारी होनी चाहिए और इंसाफ मिलना चाहिए।

## टीवीके प्रमुख विजय के आवास पर बम की धमकी... पुलिस ने घर का एक-एक कोने की तलाशी ली

**-कॉल करने वाले की पहचान करने की तैयारी में जुटी पुलिस**

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडू की राजधानी चेन्नई के नीलंकरई में अभिनेता से नेता बने टीवीके प्रमुख विजय के आवास पर गुरुवार सुबह बम की धमकी भरा कॉल मिलने से हड़कंप मच गया। एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को मोबाइल फोन पर संपर्क कर बम होने की सूचना देकर कॉल काट दी। हालांकि सघन जांच के बाद यह अफवाह निकली। बम की सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते मौके पर पहुंचे और विजय के आवास की गहन तलाशी ली। तलाशी में पुलिस को कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि धमकी भरा कॉल फर्जी था। पुलिस ने कॉल करने वाले की पहचान और स्थान का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। मामले की गहन छानबीन जारी है। इसके पहले 28 सितंबर को विजय को धमकी भरे ईमेल भेजे गए थे। विजय को मिले मेल की जांच के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम ने मामले की गंभीरता को देखकर कार्रवाई शुरू कर दी। बम स्क्वायड की टीम को बुलाया गया। स्निफर डॉग्स की मदद से विजय के घर की जांच पड़ताल की गई। सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई कई घंटे चली। जांच के बाद कोई संदिग्ध या खतरनाक वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों ने साफ किया था कि भेजा गया धमकी वाला ईमेल केवल एक धोखा था, इसका मकसद अफरातफरी फैलाना था। यह ईमेल किसने और क्यों भेजी, इस बारे में अभी कोई खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस की साइबर सेल मामले की तहकीकात कर रही है ताकि जल्द ही दोषियों को पकड़ा जा सके। इस बीच गुरुवार को फिर बम की धमकी का कॉल प्राप्त होना, पुलिस और सुरक्षाबलों के लिए चुनौती है। हालांकि जांच में कॉल फर्जी निकली है, लेकिन पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार जांच की जा रही है कि कॉल करने वाला कौन था। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ा जाएगा।

# नए उपराष्ट्रपति की पहली ही बैठक में विपक्ष ने सत्तारुढ़ बीजेपी को घेरा

### संसद में सरकार विपक्ष की आवाज दबा रही और सवालों से बच रही है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन की अध्यक्षता में बुलाई गई राज्यसभा फ्लोर लीडर्स की बैठक में सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। बैठक में विपक्षी दलों ने सत्तारूढ़ बीजेपी पर आरोप लगाया कि वह संसद में विपक्ष की आवाज दबा रही है और सवालों से बच रही है। बैठक में राज्यसभा में नेता जेपी नड्डा भी मौजूद थे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद जॉन ब्रिटास ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह विपक्ष के सवालों से बचती है और पारदर्शिता से काम करने से इनकार करती है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे सवालों की अनुमति तक नहीं देती, जिनकी जानकारी आम जनता सूचना का अधिकार के जरिए भी हासिल कर सकती है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने नए संसद भवन की लागत से जुड़ा एक सवाल पूछा था, जिसे अनुमति नहीं दी गई। इसी तरह, पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर पूछे गए सवाल को गोपनीय बताकर अस्वीकृत कर दिया, जबकि ऐसी जानकारी तेल कंपनियों के संगठन खुद सार्वजनिक रूप से जारी करते हैं।

विपक्षी नेताओं का कहना है कि संसद में सरकार द्वारा सूचना साझा करने में हिचकिचाहट बढ़ रही है। कई बार ऐसे मुद्दों पर भी सवाल रोके जा रहे हैं जो सीधे जनता से जुड़े होते हैं। एक विपक्षी नेता ने कहा कि जब संसद ही जवाब मांगने का सर्वोच्च मंच है और अगर वहां भी सवाल नहीं पूछे जा सकते तो फिर जवाबदेही कहां होगी?

सूत्रों के मुताबिक बैठक में बीजेपी नेताओं ने विपक्ष के आरोपों पर स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। हालांकि, उन्होंने यह जरूर कहा कि सभी प्रश्न संसद के नियमों और प्रक्रियाओं के मुताबिक ही स्वीकार किए जाते हैं। बता दें पिछले कुछ सत्रों में संसद में सवालों की अस्वीकृति और विपक्षी सांसदों के निलंबन को लेकर बार-बार विवाद हुआ है। विपक्ष का कहना है कि इससे संसद का लोकतांत्रिक चरित्र कमजोर हो रहा है, जबकि सरकार का तर्क है कि वह सदन में सद्भावना और अनुशासन बनाए रखने की कोशिश कर रही है।

# जजों को कोर्ट में कम बोलना चाहिए, प्रवचन या उपदेश नहीं देने चाहिए

**-पूर्व जज ने सीजेआई गवई को ही जूता फेंकने की घटना का जिम्मेदार बताया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू ने भारत के सीजेआई बीआर गवई को ही जूता फेंके जाने वाली घटना का जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को कोर्ट में कम बात करनी चाहिए प्रवचन नहीं देने चाहिए। वकील राकेश किशोर ने कोर्ट में ही सीजेआई गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की थी। किशोर का दावा था कि वह सीजेआई की टिप्पणियों से आहत था।

पूर्व जज काटजू ने एक्स पर लिखा- मैं सीजेआई पर जूते फेंके जाने की निंदा करता हूं, लेकिन उन्होंने खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए खुद ही इस घटना को न्योता दिया था। उन्होंने कहा था कि आप कहते हैं कि आप विष्णु के बहुत बड़े भक्त हैं। जाएं और जाकर देवता से कहें कि वह खुद ही कुछ करें। उन्होंने आगे लिखा कि ऐसी टिप्पणियों की कोई जरूरत नहीं थी, ये अनुचित थीं और गैर जरूरी थीं। इसका मामले के कानूनी मुद्दों से कोई लेना देना नहीं था। जजों को कोर्ट में कम बोलना चाहिए, प्रवचन, उपदेश नहीं देने चाहिए।

वहीं वकील राकेश किशोर ने सीजेआई गवई को लेकर कहा कि बात यह है कि मैं बहुत ज्यादा आहत हुआ कि 16 सितंबर को चीफ जस्टिस की कोर्ट में किसी व्यक्ति ने जनहित याचिका लगाई थी। तो गवई साहब ने पहले तो उसका पूरी तरह से मजाक उड़ाया। सीजेआई ने यह कहा कि आप मूर्ति से प्रार्थना करो जाकर, मूर्ति से कहो कि अपना सिर खुद दोबारा बना ले। किशोर ने कहा कि ठीक है उस आदमी को रिलीफ नहीं देनी थी, तो मत दीजिए,



लेकिन ऐसा मजाक भी मत कीजिए। फिर उससे कहा कि आप उसी मूर्ति के सामने जाकर ध्यान लगाएं। अन्याय यह किया कि उसकी याचिका को खारिज भी कर दिया। इन चीजों को लेकर आहत था।

बेंगलुरु पुलिस ने वकील किशोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि अखिल भारतीय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भक्तवचला की शिकायत के बाद वकील राकेश किशोर के खिलाफ कई धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

# भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान-बांग्लादेश बढ़ा रहे अपनी सैन्य ताकत

**-अमेरिका देगा घातक मिसाइल, तो चीन देगा लड़ाकू विमान!**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान में तनाव जारी है। साथ ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भी अपदस्थ पीएम शेख हसीना को लेकर भारत पर निशाना साध रही है। ऐसे में ये दोनों पड़ोसी देश अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। एक ओर जहां पाकिस्तान को अमेरिका एडवांस और घातक मिसाइल देने की बात कह रहा है। वहीं, चीन से बांग्लादेश को लड़ाकू विमान मिलने के आसार हैं। हालांकि इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के युद्ध मंत्रालय की ओर से हाल ही में अधिसूचित एक हथियार अनुबंध में एआईएम-120 अमराम मिलसाइलें के खरीदारों में पाकिस्तान का भी नाम शामिल है। अधिसूचना में कहा गया है कि इस अनुबंध में ब्रिटेन, पोलैंड, पाकिस्तान, जर्मनी, फिनलैंड, ऑस्ट्रेलिया, रोमानिया, कतर, ओमान, कोरिया, यूनान, स्विट्जरलैंड, पुर्तगाल, सिंगापुर, नीदरलैंड, चेक गणराज्य, जापान, स्लोवाकिया, डेनमार्क, कनाडा, बेल्जियम, बहरीन, सऊदी अरब, इटली, नॉर्वे, स्पेन, कुवैत, फिनलैंड, स्वीडन, ताइवान, लिथुआनिया, इजरायल, बुल्गारिया, हंगरी और तुर्की को विदेशी सैन्य बिक्री शामिल है।

वहीं बांग्लादेश ने 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत से चीन निर्मित 20 जे-10सीई लड़ाकू विमान खरीदने की योजना बनाई है। मीडिया रिपोर्ट में सरकारी दस्तावेजों के हवाले से कहा गया है कि इस सौदे में प्रशिक्षण, रखरखाव और अन्य संबंधित खर्च भी शामिल है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश को ये लड़ाकू विमान 2026 और 2027 में बांग्लादेशी वायु सेना के आधुनिकीकरण और राष्ट्रीय हवाई रक्षा को मजबूत करने के लिए मिलेंगे। इस सौदे पर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

बता दें साल 2020 में गलवान में हुई सैन्य झड़प के बाद से ही भारत और चीन के रिश्तों में तनाव आ गया था। बाद में दोनों मुल्कों ने डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया शुरू की थी। फिलहाल, दोनों पक्ष तनाव कम करने की संभावनाएं जता रहे हैं। अगस्त में एससीओ की बैठक में पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात भी की थी।

इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, जो पाकिस्तान और चीन के मुकाबले काफी ज्यादा है। रूसी तेल की खरीद को लेकर अमेरिका भारत को निशाना बना रहा है। जबकि चीन भी रूसी तेल का बड़ा खरीददार है। साथ ही भारत ने साफ किया है कि अमेरिका और यूरोपीय संघ भी रूस से व्यापार करते हैं। खबरें है कि अमेरिका ने जी7 देशों से अपील की है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर भारी टैरिफ लगाया जाए।



# महिला दोस्त को वापस पाने के लिए किया उसके बच्चे का अपहरण, पुलिस ने चौपट किया प्रेमी का प्लान

**कौमी पत्रिका**

दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली में एक महिला के पूर्व लिव-इन पार्टनर ने उसे वापस बुलाने के लिए उसके सात वर्षीय बच्चे का अपहरण कर लिया। ऐसा कर वह बच्चे की मां पर दबाव बनाना चाहता था। पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया और मुख्य आरोपी अजय वर्मा व उसके तीन साथियों अमित, सचिन और अजय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला की पूर्व में शादी हो चुकी थी और उसका एक बेटा है। उसका अपने पति से तलाक हो चुका है। तलाक के बाद महिला मुख्य आरोपी अजय वर्मा (24) के साथ हरियाणा के हांसी में रह रही थी। हालांकि वर्मा जब बात-बात पर टोकाटाकी करने लगा और उसका रवैया हिंसक हो गया तो महिला ने उससे रिश्ता तोड़ दिया और दिल्ली में अपने माता-पिता के घर चली गई। उन्होंने बताया कि मोबाइल मरम्मत का काम करने वाले वर्मा ने कथित तौर पर अपने साथियों के साथ मिलकर लड़के का अपहरण करने की साजिश रची ताकि वह महिला पर दोबारा साथ रहने के लिए दबाव डाल सके। उसके साथियों की पहचान एक टेंट हाउस में काम करने वाले 18 वर्षीय अमित, पीवीसी फैक्टरी में काम करने वाले 20 वर्षीय सचिन और सफाई कर्मचारी 20 वर्षीय अजय के रूप में हुई है। अमित और सचिन हरियाणा के हिसार के रहने वाले हैं जबकि अजय दिल्ली के विकासपुरी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार बच्चे की मां ने 28 सितंबर को विकासपुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका बेटा पिछले दिन स्कूल से घर नहीं लौटा और उसने संदेह जताया कि वर्मा ने उसका अपहरण कर लिया है। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त शरद भास्कर दराडे ने कहा कि पुलिस टीम ने स्कूल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की और पाया कि दो लोगों ने मोटरसाइकिल पर बच्चे का अपहरण किया था। उन्होंने कहा कि आरोपियों द्वारा बार-बार मोबाइल फोन बंद करने के बावजूद पुलिस ने तकनीकी निगरानी और सोशल मीडिया निगरानी के माध्यम से उनकी



गतिविधियों पर नजर रखी। दिल्ली के विकासपुरी निवासी अजय नाम के एक आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया गया और उससे पूछताछ की गई। उसने बताया कि वर्मा ने सोशल मीडिया के जरिये उससे संपर्क किया था और उसे बंदूक का इंतजाम करने को कहा था। सुराग के आधार पर पुलिस ने हांसी के एक खेत पर पहुंचकर वर्मा को बच्चे और उसके दो साथियों के साथ पकड़ा। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि छापेमारी कर लड़के को सुरक्षित छुड़ा लिया गया और वर्मा, अमित तथा सचिन को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी दौरान विकासपुरी स्थित उसके घर से अजय को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से एक पिस्तौल जब्त की गई। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत एक अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## मां यमुना के पुनर्जीवन के लिए केंद्र व दिल्ली सरकार अभूतपूर्व कार्य कर रही हैं: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

प्रथम पृष्ठ का शेष

इन नालों की टैपिंग, सिल्ट सर्वे और ड्रोन सर्वे के माध्यम से प्रदूषण के स्रोतों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत और अमृत-2 योजनाओं के तहत केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को लगभग 2000 करोड़ रुपये का सहयोग दिया है। दिल्ली सरकार ने अपने बजट से भी यमुना सफाई के लिए पर्याप्त निधि आवंटित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल एक पर्यावरणीय पहल नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों की आस्था, संस्कृति और कर्तव्य का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने यह भी घोषणा की कि इस वर्ष दिल्ली सरकार यमुना के तटों पर भव्य छठ पर्व का आयोजन करेगी, जिससे दिल्ली के पूर्वांचली समुदाय को अपनी आस्था मां यमुना के पावन घाटों पर व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र के सहयोग से राजधानी के प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ जल, सशक्त सीवर नेटवर्क और प्रदूषणमुक्त पर्यावरण पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यमुना हमारे विश्वास और अस्तित्व की प्रतीक हैं। इसे निर्मल, अविरल और जीवंत बनाना हमारी साझा जिम्मेदारी है। यह केवल सफाई का नहीं, बल्कि सेवा और संकल्प का अभियान है।

## एमसीडी स्कूलों में पीएम ई-विद्या ऐप अभियान से जुड़ेंगे छात्र और अभिभावक

नई दिल्ली। एमसीडी की शिक्षा समिति ने अपने सभी स्कूलों में प्रधानमंत्री ई-विद्या एप के प्रति छात्रों और अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है। समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा ने इस संबंध में आयुक्त को पत्र लिखकर निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। योगेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'पीएम ई-विद्या एप' डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई को घर-घर तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। यह एप कक्षा और विषय के अनुसार वीडियो लेसन, अभ्यास प्रश्न और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराता है, जिससे छात्रों की निजी ट्यूशन पर निर्भरता घटेगी। वर्मा ने बताया कि सभी एमसीडी स्कूलों में जल्द विशेष कार्यशालाएं होंगी, जिनका उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों को एप से जोड़ना और इसके उपयोग की जानकारी देना है। शिक्षकों को जिम्मेदारी दी जाएगी कि वे अभिभावकों को एप डाउनलोड करने और इंस्टॉल कराने में मदद करें। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूलों में लगे स्मार्ट बोर्ड या प्रोजेक्टर के माध्यम से एप का लाइव डेमो दिखाया जाए, ताकि अभिभावक इसकी सुविधाओं को बेहतर समझ सकें। साथ ही शिक्षकों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कमजोर छात्र घर पर इस एप के जरिये अतिरिक्त अभ्यास करें। वर्मा ने प्रस्ताव रखा कि आगामी 15 दिनों के भीतर हर अभिभावक से संपर्क कर उनके मोबाइल पर पीएम ई-विद्या एप डाउनलोड और सक्रिय कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह पहल एमसीडी स्कूलों के डिजिटल सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम होगी और इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ छात्रों की निजी ट्यूशन पर निर्भरता भी घटेगी। साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को आगे बढ़ाने के विषय पर उच्च-स्तरीय पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रोफेसर प्रतीक शर्मा की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने विश्वविद्यालय में पॉलिसी लैब स्थापित करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य शासन और अकादमिक जगत के बीच सेतु बनाते हुए नीति-केंद्रित शोध को बढ़ावा देना होगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि ठोस अनुसंधान और तथ्यों पर आधारित नीतियां ही दीर्घकालिक सामाजिक विकास का आधार बन सकती हैं। कार्यक्रम में आईआईटी रुड़की के पूर्व निदेशक प्रोफेसर प्रेम व्रत, संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डीपी अग्रवाल और यूरोपीय संघ के पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सगाई में नहीं मिला मटन बिरयानी-मछली फ्राई तो तोड़ दिया रिश्ता

हापुड़। उत्तर प्रदेश के हापुड़ थाना देहात क्षेत्र के गांव गोंदी में एक मामूली सी बात ने सगाई का माहौल बदल कर रख दिया। सगाई समारोह में मटन बिरयानी और मछली फ्राई न मिलने पर लड़का पक्ष के लोग नाराज हो गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से रिश्ता तोड़ दिया, जबकि 17 अक्तूबर को अठसैनी से बारात आनी थी। लड़की के पिता के अनुसार 17 अक्तूबर को उनकी पुत्री की बारात गांव अठसैनी से गांव गोंदी आनी थी। रविवार की शाम को लाल खत और गाई का कार्यक्रम था। गांव अठसैनी निवासी लड़का पक्ष से करीब 40 लोग उनके गांव गोंदी में आयोजित समारोह में आए थे। लड़का पक्ष ने समारोह में मटन बिरयानी व मछली फ्राई की मांग की। समारोह में दोनों व्यंजन न मिलने पर वह भड़क गए। इस दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर विवाद हो गया। विवाद की सूचना लड़की पक्ष ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। लड़की पक्ष का आरोप था कि लड़का पक्ष उनसे सगाई में कार की मांग कर रहा था, जबकि वह सगाई में बाइक दे रहे थे।

## नोएडा-ग्रेनो में 20 दिनों तक नहीं होगी गंगाजल की आपूर्ति, रैनीवेल और ट्यूबवेल से की जाएगी पानी की सप्लाई

नोएडा/ ग्रेटर नोएडा। गंगाजल की मुख्य लाइन के रखरखाव की वजह से करीब 20 दिनों तक नोएडा-ग्रेटर नोएडा में गंगाजल की आपूर्ति ठप रहेगी। इस वजह से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट के अधिकांश इलाकों में दीपावली तक पानी की किल्लत बनी रह सकती है। इस किल्लत को दूर करने के लिए नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने रैनीवेल और ट्यूबवेल से आपूर्ति की कमी को पूरा करने का फैसला लिया है। ग्रेटर नोएडा को जैतपुर भूमिगत जलाशय से बफर स्टॉक से कुछ दिन पानी की आपूर्ति की जाएगी। नोएडा-ग्रेनो के अधिकारियों का कहना है कि हर साल इन दिनों में गंगाजल के प्राथमिक स्रोत देहरा, गंगनहर और द्वितीयक स्रोत पालडा, बुलंदशहर पर रखरखाव का काम शुरू होता है। इस दौरान बारिश के बाद जमे सिल्ट को साफ किया जाता है। यह काम इस बार 2 अक्तूबर से 20 अक्तूबर तक होगा। हालांकि यह प्रयास किया जाएगा कि लोगों को पानी की किल्लत नहीं हो। नोएडा में 200 एमएलडी तो ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में करीब 100 एमएलडी पानी की जरूरत अभी होती है। गंगाजल की आपूर्ति बंद होने से इन दिनों करीब 10 लाख की आबादी प्रभावित होने की आशंका रहती है। वरिष्ठ प्रबंधक जल राजेश गौतम ने बताया कि गंगाजल की आपूर्ति बाधित होने से लोगों को कोई दिक्कत नहीं होगी। हमारी ट्यूबवेल की क्षमता वर्तमान की मांग से काफी अधिक है। गंगाजल नहीं मिलने से जो कमी पानी की आएगी उसे ट्यूबवेल से पूरा कर लिया जाएगा। जैतपुर में बने भूमिगत जलाशय में करीब 40 एमएलडी बफर स्टॉक है। इससे भी करीब सात दिन तक अतिरिक्त जरूरत को पूरा कर किल्लत को न्यूनतम किया जा सकता है। जहां भी पानी की किल्लत की शिकायत मिलेगी। वहां टैंकर से पानी भेज दिया जाएगा। वहीं नोएडा प्राधिकरण के जीएम आरपी सिंह ने बताया कि गंगाजल की आपूर्ति 4 अक्तूबर से बाधित हो सकती है। हालांकि रैनीवेल, ट्यूबवेल और भूमिगत जलाशयों से पानी की आपूर्ति जारी रहेगी। जरूरत पड़ने पर पानी के टैंकर भी भेजे जाएंगे।

## इराकी मासूम की बेकाबू धड़कनों को डॉक्टरों ने किया काबू-दो घंटे चला इलाज

नई दिल्ली। हृदय की असामान्य धड़कन से जूझ रहे इराक के एक बच्चे को दिल्ली के निजी अस्पताल में जीवनदान मिला है। सात वर्षीय बच्चे लेथ हुसैन अली का हृदय 170-200 प्रति मिनट की गति से धड़क रहा था जबकि सामान्य गति 75-118 धड़कन प्रति मिनट होती है।जन्म से इस बीमारी से जूझ रहे बच्चे को कम उम्र और वजन के करण अपने देश में सही उपचार नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में परिजनों ने भारत का रुख किया। ओखला स्थित एक नामी निजी अस्पताल में बच्चे की जांच हुई। अस्पताल के कार्डियक पेसिंग एंड इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. अपर्णा जसवाल ने बताया कि जांच में बच्चे को इंससेंट टैकीकार्डिया होने के बारे में पता चला। इसमें हृदय असामान्य रूप से लगातार धड़कता रहता है। इसकी वजह से हृदय की मांसपेशियां कमजोर और हृदय गति रुकने की आशंका बढ़ जाती है। बच्चे की असामान्य हृदय गति का पता लगाने और उसका उपचार करने के लिए इलेक्ट्रिक सिस्टम से मूल्यांकन किया गया। डॉक्टरों ने दो घंटे तक इलाज कर इस बच्चे के असामान्य इलेक्ट्रिकल मार्ग का सावधानीपूर्वक उपचार किया

### NAME CHANGE

I, MOHAMMED NADEEM S/O MOHAMMED AHMED R/O J-3/108 3RD FLOOR J EXTN LAXMI NAGAR DELHI 110092, I HAVE CHANGED MY NAME FROM MOHD NADEEM TO MOHAMMED NADEEM FOR ALL FUTURE PURPOSE

### PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to public at large on behalf of my client 1. Sh. Raghunath Singh, 2. Smt. Radha Devi, 3. Smt. Kamlesh Sharma, 4. Smt. Subhash Sharma in respect of **Freehold Property No. 198/42, area measuring 70 Sq. yards, out of Khasra no. 12, Village Ghari, Ghadiya Madiya, Ramesh Market, Near East of Kailash, New Delhi** claiming to have undisputed ownership. Now my client intends to sell the property in which **Piramal Finance Limited** will provide the financial assistance If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within Seven days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever

**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

### सार्वजनिक सूचना

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल श्री अजीत सिंह एवं श्री तेज प्रकाश सिंह क्रमशः 50% एवं 25% भागीदारी रखते हैं फर्म एम/एस सिदाना शू मटेरियल्स में, जिसका प्रधान व्यवसाय स्थान 16/3692, हरदियन सिंह रोड, करोल बाग, नई दिल्ली है। उक्त भागीदार मिलकर फर्म में कुल 75% स्वामित्व हिस्सेदारी रखते हैं।

फर्म के भागीदारों के बीच वर्तमान में विवाद चल रहा है। अतः, हमारे मुवक्किल यह स्पष्ट रूप से घोषित करते हैं कि उनका श्री शरण पाल सिंह, जो उक्त फर्म में मात्र 25% हिस्सेदारी रखते हैं, से किसी प्रकार का कोई व्यावसायिक संबंध या सरोकार नहीं है।

अतः कोई भी व्यक्ति, कंपनी या संस्था यदि श्री शरण पाल सिंह के साथ फर्म एम/एस सिदाना शू मटेरियल्स के नाम से किसी भी प्रकार का व्यवसायिक लेन-देन करता है, तो वह अपने स्वयं के जोखिम, खर्च एवं जिम्मेदारी पर करेगा, तथा उसके परिणामस्वरूप उत्पन्न किसी भी प्रकार की देयता के लिए हमारे मुवक्किल उत्तरदायी नहीं होंगे।

**सूरज कुमार सिंह (एडवोकेट)**
कार्यालयः सी-172, एल.जी.एफ, ग्रेटर कैलाश, पार्ट-1, नई दिल्ली-110048

### सूचना

**फॉर्म संख्या INC-26**
**[कंपनियों के नियम 30 के अनुसार](निगमन) नियम 2014]**

केंद्र सरकार उत्तरी क्षेत्र पीठ, दिल्ली के समक्ष कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में बदलने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाला विज्ञापन

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 की उपधारा 4 और कंपनी (निगमन) नियम 2014 के नियम 30 की उपधारा (5) के खंड (क) के मामले में और मेसर्स फ़ोरमोस्ट कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय GH-13/517, पश्चिम विहार, नई दिल्ली, 110087 में है, के मामले में

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के अंतर्गत केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें परिवर्तन की पुष्टि की मांग की जाती है। कंपनी को अपना पंजीकृत कार्यालय "दिल्ली राज्य" से "हरियाणा राज्य" में बदलने में सक्षम बनाने के लिए, बुधवार 01 अक्टूबर 2025 को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी का ज्ञापन।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर एमसीए पोर्टल (www.mca.gov.in) पर जमा कर सकता है या अपनी आपत्तियों को हलफनामे के साथ क्षेत्रीय निदेशक को, जिसमें उसके हित की प्रकृति और विरोध का आधार बताया गया हो, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के भीतर, पते बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 0003 पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है। इसकी एक प्रति आवेदक कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय, नीचे दिए गए पते पर भेजनी होगी:

**जीएच-13/517, पश्चिम विहार, नई दिल्ली, 110087,**

**बोर्ड की ओर से, फोरमोस्ट कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड,**

**दिनांक: 08.10.2025,**
**स्थान: नई दिल्ली**

**हस्ताक्षरित/-**
**विपिन शर्मा (निदेशक)**
**दीन: 07991865**

### NAME CHANGE

I, ABIDA W/O SHAKEEL AHMAD Residing at H No H NO-C-236 GALI NO-09 CHAUHAN BANGER, JAFRABAD, NORTH EAST DELHI 110053 have changed my name to ABIDA BEGUM for all future purpose.

### NAME CHANGE

I,AISHWARYA TAKKAR, D/O DILIP TAKKAR, R/O 894/B, 1ST FLOOR, GOVIND PURI, KALKA JI, NEW DELHI 110019,HAVE CHANGED MY NAME TO AISHWARYA THAKKAR, ALSO DECLARE MY FATHER RIGHT NAME IS DALIP KUMAR THAKKAR, FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE

I KULDIP KUMAR GUPTA S/O NANNU MAL GUPTA ,R/O C- 45 SHIV DURGA VIHAR LAKKARPUR SURAJKUND FARIDABAD HARYANA 121009 I have changed my name to KULDEEP KUMAR GUPTA Permanently

### NAME CHANGE

I, Vipul Kumar S/O Jagat Singh R/O VPO, Khaira Village, Dist: South West Delhi -110043, have changed the name of my minor daughter Kashvi Yadav aged 02 years and she shall hereafter be known as Kashvi Lamba

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I Amit Kumar Giri S/O Suresh Giri, R/O 538 Pocket-7, Sector A-10, Narela, North West Delhi, Delhi-110040,Declare that name of mine and my wife has been wrongly written as Amit Kumar and Geeta in my minor daughter namely GARIMA Giri aged 14 years in her school records. The actual name of mine and my wife are Amit Kumar Giri and Geeta Kumari,which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I Rohina Parveen D/O Iltaf Ahmed W/O: Mohammad Imran, R/O 37/4, Bhagwan Nagar, Ashram, Jeevan Nagar, PO: Jungpura, DIST: South Delhi, Delhi-110014,declare that name of mine has been wrongly written as Rohina Parveen Qureshi in my 10th class educational document. The actual name of mine is Rohina Parveen,which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE

I SNEHA NANDAKUMAR NAIR W/o RINS PARAMPADIKUNNEL VARGHESE R/o PARAMPADIKUNNEL HOUSE PUNNAPRA ALAPPUZHA KERALA -688004 have changed my name to SNEHA RINS for all future purpose.

### NAME CHANGE

I, No-14669629K Rank-NK Name-BABASAHEB KOLI Father of VEDANT Presently residing at VPO-YADUR, TEH-CHIKODI, DIST-BELGAUM, KARNATAKA-591213, have changed my minor son's name from VEDANT to VEDANT KOLI for all future purposes vide Affidavit dated 09/10/2025 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE

I ZUBAIR AHMED S/O ZAFARUDDIN RESIDING AT HOUSE NO. 2989 4TH FLOOR KAZIWARA DARYA GANJ NEW DELHI 110002 HAVE CHANGED MY NAME FROM ZUBAIR AHMED TO ZUBAIR AHMED MALIK FOR ALL FUTURE PURPOSE

### NAME CHANGE

I, SUKH DARSHAN S/o Daroga Mal R/o D-38, Sanjay Enclave, Uttam Nagar, Delhi-110059, have changed my name to SUKHDARSHAN KUMAR permanently

### NAME CHANGE

I MD ABU BASAR S/O MD ABU ZAFAR R/O H.NO- 7786 S/F PVT NO 23, 24 & 25 CHAMELIAN ROAD BARA HINDU RAO MODEL BASTI BEHIND JAIN MANDIR SADAR BAZAR DELHI 06, HAVE CHANGED MY NAME TO MOHD ABU BASAR AND MY FATHER'S NAME TO MOHD ABU ZAFAR

### NAME CHANGE

I AALIYA W/O MOHD KHALID R/O J-10 2ND FLOOR, GALI NO-12 RAMESH PARK , J- EXTN 2ND, LAXMI NAGAR, EAST DELHI - 110092 HAVE CHANGED MY NAME TO ALIYA

### NAME CHANGE

I, Meer Muhammad S/O late Issa Miyan R/O Naini p.o Naini (Bihar ) Saran Bihar 841316 I have changed my name from Meer Muhammad TO Nir Muhammad for all future purpose.

### NAME CHANGE

I, Kritika Gangwar Alias Kirtika Singh D/o Suresh Gangwar R/o Bara, Kichha Udham Singh Nagar, Uttarakhand - 263148, hereby undertake that I, Kritika Gangwar Alias Kirtika Singh want to change my name to Krishna Gangwar and gender as MALE

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I Ritik S/O Satish Kumar, R/O VPO, Mundhela Kalan, South West Delhi, Delhi-110073,declare that name of my father has been wrongly written as Satish in my 10th and 12th class educational documents. The actual name of my father is Satish Kumar ,which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE

I, VIKAS KUMAR SHARMA S/O VIJAY KUMAR SHARMA R/O A-403, PNB APPARTMENTS, PLOT NO-11, SECTOR-4, DWARKA, N.S.I.T DWARKA, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110078, have changed the name of my minor son CHAITANYA VASHISHTA aged 14 years and he shall hereafter be known as CHAITANYA VASHISHT.

### NAME CHANGE

I, UMA DEVI Spouse of No. GS-191551-L Rank MTDVT-1 Name-DILIP KUMAR, R/6 VILLAGE-GADAR HERI, PO-SARSAWA, DIST-SAHARANPUR, STATE UTTAR PRADESH, PIN-247232, have changed my name from UMA DEVI to UMA for all future purposes. Vide affidavit dated 09.10.2025 before Sub Division Magistrate Delhi.

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्री रमेश कुमार पुत्र श्री पुत्तू लाल, निवासी मकान नंबर ए 74, भरत विहार, ककरोला, साउथ वेस्ट, दिल्ली, दिल्ली 110078, ने अपने पुत्र विवेक के गलत संगत में पड़ने वे अनैतिक , अवांछनीय, असामाजिक कार्यों के कारण अपने बेटे विवेक से सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं। साथ ही अपने बेटे विवेक को अपनी सभी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हैं, और उससे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे (विवेक)स्वयं जिम्मेदार होगा 7 कोई भी व्यक्ति कथित विवेक से किसी भी प्रकार का लेन-देन करता है व कोई भी कार्यकृत करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।

**Ashish Chopra Advocate**
Chamber-342, Dwarka District Court,
Sector 10 Dwarka, New Delhi-110075
Mob:7011855374

### NAME CHANGE

I CHAMAN SONI S/O RAJ KUMAR R/O SHAHID BHAGAT SINGH MARG, RAILWAY ROAD DADRI,GAUTAM BUDH NAGAR UTTAR PRADESH-203207 HAVE CHANGE MY NAME TO CHAMAN KUMAR FOR ALL PURPOSE

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I Sanoj Kumar S/O Kailash Chandra, R/O House No.77-78A, Second Floor, Shiv Mandir, Begumpur, North West Delhi, Delhi-110086, declare that name of my minor son has been wrongly written as Suraj in my minor son Riyansh aged 9 years in his school record. The actual name of my minor son is RIYANSH ,which may be amended accordingly

### NAME CHANGE

I hitherto known as Anita alias Chander kala D/O Bhagwati Prasad W/O Dinesh Kumar, R/O WZ-13, Todapur Village, DIST: Central Delhi, Delhi-110012 have changed my name and shall hereafter be known as ANITA .

### NAME CHANGE

I,MOHD AZEEM S/O MOHD UMAR R/O F-32, WEST JAWAHAR PARK, LAXMI NAGAR, EAST DELHI, DELHI-10092 DECLARE THAT GIVEN NAME AZEEM SURNAME MOHD.

### NAME CHANGE

I vikas kumar S/O kishan singh R/O. 487-block-D, gali no-35, molarband EXTN badarpur Delhi - 110044 changed my name to vikas kumar tomar.

### NAME CHANGE

I seema W/O vikas kumar tomar R/O. 487-block-D, gali no-35, molarband EXTN badarpur Delhi - 110044 changed my name to seema tomar.

### NAME CHANGE

I mohammad amirkhusru S/O mohammad zahiruddin R/O. House no- D-2/209A, jeewan park Uttam Nagar Delhi - 110059 changed my name to amir khusroo.

### NAME CHANGE

I hitherto known as Tasnim W/O Md Shakeel, R/O A-122, Meer Vihar, madan Pur Dabas, North west delhi, delhi-110081,have changed my name and shall hereafter be known as Tasleem Faizi.

### NAME CHANGE

I, NITIN KUMAR S/o VEER SAIN, R/o 1445/3A/4, Gali No. 6, Jag Jeevan Nagar, Shahadra, North East Delhi, Delhi-110093, have changed the name of my minor son VASHU aged 16 years and he shall be hereafter known as BODHITAVA

### NAME CHANGE

I, Mohd Shamim S/o Abdul Aziz R/o 1883, Mohalla Qabrastan, Turkman Gate, Delhi-110006 have changed my name to Mohd Shameem.

### Date of Birth Change

It is for the general public information that I, Nir Muhammad S/O Isa Miyan R/O Naini p.o Naini (Bihar)Saran Bihar 841316 inform that in my Aadhar card No. 6842 0664 0100 and PAN Card No. BYEPM1782J my date of birth wrongly or by mistake written as 14.10.1940 instead of 17.01.1942 which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE

I, Manoj Kumar S/o Ram Sewak R/o KUJAJHALI Kaua, Etawah,Kauwa, Uttar Pradesh 206123 have changed the name of my minor daughter SHIKHA YADAV aged 16 years and she shall hereafter be known as ANSHIKA

### NAME CHANGE

I Amit Singh S/o Ajay Kumar R/o D-35, Laxmi Nagar, East Delhi-110092, have changed my name to Akbar Singh and I have changed only my name not my Religion.

### NAME CHANGE

I,Rita W/o Pritam Singh R/o Metro Pillar-797, 488, Kakrola Housing Complex, Kakrola, Delhi-110078 have changed my name to Rita Singh.

### PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to public at large on behalf of my client Kumari Rashmi Kiran W/O Rohit Jha in respect of Built-up property on Unit No B-2, on 1st Floor on Left Side Portion Northern side without Roof Right and with a Car Parking Area of Property No 15, Covered Area 590 Sq.fts. Kh No 12 & 13 situated at IN UNAUTHORISED COLONY (Gali No 6B), Molar band Extn., Block ABCD New Delhi-110044, for lost property document i.e sale deed dated 09.06.2023 executed by Sumit kumar Garg, Deepali Garg, Ritu Garg in the favour of Kumari Rashmi Kiran in respect of Unit No B-2, on 1st Floor on Left Side Portion Northern side without Roof Right and with a Car Parking Area of Property No 15, Covered Area 590 Sq.fts. Kh No 12 & 13 situated at IN UNAUTHORISED COLONY (Gali No 6B), Molar band Extn., Block ABCD New Delhi-110044 vide doc. no.3735, SR V New Delhi on 20.06.2023. The document was misplaced on or around 06.04.2025. Online complaint has been lodged on 09.10.2025 vide application no. 3273490/2025 with Delhi Police. This property is mortgaged with Piramal Finance Ltd. Any person(s)/Institution(s) found/finds the same may please send us to the address mentioned herein. Anyone misusing the same shall be liable for action under relevant provisions of the Law of the Land.

**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

### NAME CHANGE

I SHAILENDRA KUMAR SHARMA S/o RAM NATH SHARMA R/o C-17B RAMA PARK UTTAM NAGAR DELHI-110059 have changed my name to SHAILENDRA SHARMA for all future purpose.

### NAME CHANGE

I, Suresh Upadhyay S/o Om Prakash R/o H.No.79, Block-A, Jeewan Park, Uttam Nagar, Delhi-110059 have changed my name to Suresh Kumar Upadhyay.

### NAME CHANGE

I, GUDDU YADAV S/O RAM KUBER YADAV R/O S-134/192. MEHAR CHAND MARKET HARIJAN CAMP, LODHI ROAD, CENTRAL DELHI, DELHI-110003 have changed my name from RAM NAYAN YADAV to GUDDU YADAV and My Son's name from PRINCE to PRINCE YADAV for all future purpose.

### NAME CHANGE

I, Neerja Chaddha alias Neerja Malik D/O Ramesh Chaddha W/O Avinash Kumar R/O F-1502,Plumeria Garden Estate , Omicron-3, Surajpur , Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh -201306, have changed my name and shall hereafter be known as Neerja Malik

### PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to public at large on behalf of my client 1. **Sh. Hari Om, (2) Sh. Lal Mohan, (3) Sh. Om Kumar & (4) Smt. Shri Ram** in respect of Residential Plot of land admeasuring 50 sq. yds. out of Khasra No. 386, Situated at Matrika Vihar Colony in Village Khora, Pragana Loni, Tehsil and Distt. Ghaziabad, U.P. claiming to have undisputed ownership. Now my client intends to sell the property in which **Piramal Finance Limited** will provide the financial assistance If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within Seven days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever

**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

### PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large that our client Mr. Anuj Aggarwal AND Mr. Manish Bhardwaj are the owner of Freehold, built up Property bearing No. 1, in Block D, area measuring 320 sq. yds., out of Khasra No. 262/258/217/4/3, situated in the area of Village Bharola Colony known as Adarsh Nagar, on Lord Krishna Road, Delhi. by virtue of Regd. Will dated 28.01.2013 as Doc. No. 93 in Book No. 3, Vol. No. 279 on Page No. 80-82 SR- VI-A New Delhi. & Will dated 07.06.2013 as Doc. No. 2693 in Book No. 3, Vol. No.1032 on Page No. 147-150 SR- I-Delhi. in the chain document below mentioned document not available i.e. SMC of Late Sh. Bajranag Lal Aggarwal died on 01.06.2025 & SMC of Late Yogendra Bhardwaj died on 29.112012 and Probate Order of Both Will., now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and Third Floor with Roof Rights Sold too be Sh. Syntiiya Tandon and same has been finance by Piramal Finance Ltd. Branch: Kalkaji New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

### NAME CHANGE

I, LOKESH S/O JAGAT SINGH R/O H NO 153 NATHUPUR(67), GURGAON, HARYANA-122002, I HAVE CHANGED MY NAME TO LOKESH YADAV

### NAME CHANGE

I, SHWETA VATS W/O SIDDHARTH SHARMA R/O B-79, GROUND FLOOR, BPTP ASTAIRE GARDENS, BLOCK-B, SECTOR-70A, GURGAON, HARYANA-122101, HAVE CHANGED MY NAME TO SHWETA VATS SHARMA FOR ALL FUTURE PURPOSE.

### NAME CHANGE

I, R K SHARMA S/O M L SHARMA R/o 76/B PART-2, R-BLOCK NEAR PRADHAN CHOWK VIKAS NAGAR UTTAM NAGAR WEST DELHI-110059, HAVE CHANGED MY NAME TO RAJESH KUMAR FOR ALL FUTURE PURPOSE PURPOSES

### NAME CHANGE

I, JAGJEET KAUR AUJLA W/O LATE DILBAGH AUJLA R/O 3B-1203,ORRIS ASTER COURT, SECTOR-85, GURGAON, HARYANA-122002, HAVE CHANGED MY NAME TO JAGJEET KAUR FOR ALL FUTURE PURPOSE

### PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large that our client M/s VVR Probuild Pvt Ltd through its Director Mr. Vipin Verma is the owner of Freehold Residential Vacant Plot area measuring 400.38 Sq. Mtrs. Out of Khasra No. 168 & 171, Situated at Village Jalpura Pargana & Tehsil Dadri Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. by virtue of Sale Deed dated 06.07.2024 as Doc. No. 35657, Book No.1, Vol. No. 27967, Pages no.333-352, SR- Dadri. in the chain document below mentioned documents not available i.e. Probate Order with respect of Regd. Will Deed dated 12.01.2012., now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and Flat No. B-002 on Upper Ground Floor without roof rights sold too be MD. Ashraf and same has been finance by ICICI Home Finance Co. Ltd. Branch: Greater Noida, U.P. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

### PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to public at large that my client **Sh. Prasant Chandra Malik & ALL INDIA PLACEMENT SERVICE** is the owner of Plot No. 410, area measuring 37 sq.mtrs., out of khasra no. 410A, situated in village Chhajarsi, Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P.; vide Sale Deed dated 25/08/2025 which is registered as Document No. 11610, vol no. 14201, pages 235-254, SR-I Noida and Intend to mortgage the said property with **Aditya Birla Capital Ltd.** If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

### NAME CHANGE

I, RAJENDRAN NAIR father of No-15735726A Rank-L/NK Name-ANURAJ R residing at VILL-PALLICKAL, TEHSIL-ADOOR, DIST-PATHANAMTHITTA, PO-ANAYADI, KERALA-690561, have changed my name from RAJENDRAN NAIR to R RAJENDRAN NAIR for all future purposes vide Affidavit dated 09/10/2025 before Notary Public, Delhi.

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, JOGINDER SINGH S/O CHHANGA PAL R/O H NO 209, Village Tahirpur, Jhilmil, PO: Jhilmil, Dist: East Delhi, Delhi-110095 Declare that mine name has been wrongly written as JOGINDER PAL in my minor daughter namely DEEPIKA aged 16 years in her 10TH class educational documents. The actual name of mine is JOGINDER SINGH which may be amend accordingly.

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, JOGINDER SINGH S/O CHHANGA PAL R/O H NO 209, Village Tahirpur, Jhilmil, PO: Jhilmil, Dist: East Delhi, Delhi-110095 Declare that mine name has been wrongly written as JOGINDER PAL in my minor daughter namely VANSHIKA aged 15 years in her school records. The actual name of mine is JOGINDER SINGH which may be amend accordingly


एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
CIN-L74899DL1960GOI003335
नवरत्न सीपीएसई

एनबीसीसी निम्नलिखित ग्रुप हाउसिंग भूखंडों की बिक्री की घोषणा करता है:

1) वेदव्यासपुरी मेरठ (एनआईटी सं.:एनबीसीसी/सीजीएम/मेरठ/2025/09)
2) कोयल एन्क्लेव, गाजियाबाद (एनआईटी सं.:एनबीसीसी/सीजीएम/जीजेडबी/2025/10)
3) सूर्य नगर अलवर (एनआईटी सं.:एनबीसीसी/सीजीएम/अलवर/2025/11)

बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से तथा "जैसा है जहां है" के आधार पर होगी। निबंधन और शर्तों सहित नीलामी दस्तावेज "संपत्तियां खरीदें" खंड के तहत www.nbccindia.in पर उपलब्ध हैं।

ई-नीलामी हेतु पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 24.10.2025 को अपराह्न 11:00 बजे (2300 बजे)तक है।

अनुशेष/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) को केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

एसबीजी (डीओपी), एनबीसीसी रियल एस्टेट कार्यालय
एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
संपर्क करें 8527960986 ई-मेल: sbg.dop@nbccindia.com

CBC 20109/12/0006/2526



**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# जापान की कुबोटा कंपनी हरियाणा में करेगी 2000 करोड़ रुपये का निवेश

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान दौरे पर गए राज्य के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने ओसाका स्थित कुबोटा ट्रैक्टर प्लांट का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और हरियाणा में कृषि उपकरण निर्माण क्षेत्र में संभावित निवेश और तकनीकी सहयोग के अवसरों पर चर्चा की।बैठक के दौरान कुबोटा कंपनी ने एक्सकोर्ट के साथ मिलकर हरियाणा में 2000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। कुबोटा का यह निवेश हरियाणा के औद्योगिक और कृषि दोनों क्षेत्रों के लिए एक बड़ा कदम साबित



होगा। मुख्यमंत्री ने कुबोटा कंपनी की अत्याधुनिक निर्माण तकनीकों और नवाचार आधारित उत्पादन प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है, इसलिए हरियाणा कृषि उपकरण निर्माण का एक बड़ा केंद्र बन सकता है। उन्होंने कंपनी को हरियाणा में निवेश करने और स्थानीय स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। कुबोटा के अधिकारियों ने हरियाणा में निवेश करने को लेकर गहरी रुचि दिखाई। प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा सरकार की उद्योग-अनुकूल नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार निवेशकों को आकर्षित करने के लिए एक सशक्त औद्योगिक वातावरण तैयार कर रही है।

## प्रधानमंत्री के आगमन से पहले मुख्य सचिव ने ली बैठक

**एजेंसी**

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 अक्टूबर को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों की बैठक  विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई, जिसमें पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान तथा सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं हैलीपैड, वीवीआईपी मार्ग, मुख्य मंच, पांडाल, मीडिया केंद्र तथा पार्किंग की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय पर पूरे किए जाएं तथा वीवीआईपी कार्यक्रम के लिए तय प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम एजुकेशन सिटी में आयोजित होगा।हैलीपैड निर्माण का कार्य राई खेलकूद स्कूल में प्रारंभ हो चुका है। वीवीआईपी मार्ग निर्धारित कर लिया गया है तथा स्थल पर पुलिसकर्मियों की तैनाती और सीसीटीवी व्यवस्था की जा रही है। आसपास के क्षेत्र में पार्किंग स्थल भी तय कर लिए गए हैं। प्रदेशभर से आने वाली बसों को नियंत्रित रूप से अलग-अलग स्थानों पर रोका जाएगा ताकि यातायात व्यवस्था बनी रहे। उपायुक्तसुशील सारवान ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। स्थल की सफाई, सजावट और लेआउट का कार्य तेजी से जारी है। अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी तय की जा चुकी है।

## सिरसा के चोपटा क्षेत्र में बरूवाली नहर टूटने से दो सौ एकड़ भूमि में जलभराव

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा जिले के गांव माखोसरानी के समीप बरूवाली नहर टूटने से करीब 200 एकड़ भूमि में जलभराव हो गया। नहर टूटने की सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद नहर को नहराना हेड से बंद करवाया गया। ग्रामीणों के अनुसार, गांव माखोसरानी के समीप वरूवाली नहर में गांव निवासी बंसीलाल श्योरण के खेत की तरफ बुधवार सुबह दरार आ गई। इससे नहर में 80 फिट कटाव आ गया। जिससे तेजी से खेतों की तरफ पानी बहने लगा। किसान बंसी श्योराण, कृष्ण श्योराण, बंसी भाखर, प्रताप भाखर, विकास नागल के खेतों में पानी भर गया है। किसानों ने नहर टूटने की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। इसके बाद नहर को नहराना हेड से बंद करवाया गया। नहर को जेसीबी व मजदूरों की सहायता से ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया है। खेतों में जलभराव होने से फसल को काफी नुकसान होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि पहले ही बरसात के कारण नरमा-कपास की फसल तबाह हो गई थी और अब नहर टूटने से बची हुई फसल भी तबाह हो गई है।

## जिलों के बाद अब विधानसभा स्तर पर होंगे दलित सम्मेलन, नारायणगढ़ से होगी शुरूआत

**चंडीगढ़।** हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान अब नए रूप में नजर आएगा। अब हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान जन चेतना ट्रस्ट के तौर पर दलितों के हकों की लड़ाई लड़ेगा। चंडीगढ़ में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान जन चेतना ट्रस्ट की घोषणा की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुदेश कटारिया ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य संविधान निर्माता बाबा साहेब के विचारों, सिंद्धांतों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। अब जिलास्तर के बाद विधानसभा स्तर पर हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान का आगाज होगा और 9 अक्टूबर को नारायणगढ़ विधानसभा में दलित सम्मेलन का आयोजन किया। सुदेश कटारिया ने कहा कि दलित, शोषित और वंचित वर्ग तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में जन चेतना ट्रस्ट की अहम भूमिका रहेगी। इसके साथ ही दलित जन प्रतिनिधियों के साथ हो रही अनदेखी को लेकर भी ट्रस्ट प्रमुखता से काम करेगा। उन्होंने कहा कि एक वर्ष पहले कुरुक्षेत्र से दलितों के हकों की आवाज बुलंद करने का केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शंखनाद किया था। अब तक हर जिले में जिलास्तर पर कार्यक्रम हो चुके हैं। अब विधानसभा स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

## सेना में भर्ती का झांसा दे 7.80 लाख की ठगी, मेजर पर एफआईआर

**सोनीपत।** सोनीपत में सेना भर्ती के नाम पर कथित ठगी करते हुए एक मेजर ने स्थानीय नागरिक से 7.80 लाख रुपये ऐंठ लिए और बाद में जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर बरोदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोहाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर खेड़ी निवासी कृष्ण ने भैंसवान चौकी में दी शिकायत में बताया कि उनके भाई के पूर्व नौसेना सहयोगी, जो इस समय भारतीय सेना में मेजर रैंक के पद पर अधिकारी से संपर्क किया। आरोप है कि उन्होंने बेरोजगारी का लाभ उठाते हुए कृष्ण और उनकी पत्नी को सेना में नौकरी दिलाने का झूठा भरोसा दिया। इसके लिए मेजर ने 8 लाख रुपये मांगे, यह कहकर कि यह राशि वैकेंसी निकालने और प्रक्रिया पूरी करने में खर्च होगी। शिकायतकर्ता ने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर यह रकम जुटाई और मेजर के निर्देशानुसार 2 अगस्त से 16 अगस्त 2024 के बीच कुल 7.80 लाख रुपये कई चरणों में ट्रांसफर किए। यह धनराशि मेजर के साथ उनकी मां और बहन के खातों में भी भेजी गई। शिकायत में कहा गया कि यह ठगी पूरी तरह सुनियोजित थी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक मुकेश शर्मा के चाचा के निधन पर जताया शोक



**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने  गुरुग्राम पहुंचकर विधायक मुकेश शर्मा के चाचा राम किशन शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया। बड़ौली ने स्वर्गीय रामकिशन शर्मा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की।  बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की भगवान से कामना की।

## जापान की डाइकिन कंपनी एक हजार करोड़ से स्थापित करेगी आरएंडडी सेंटर

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार और जापान की प्रसिद्ध कंपनी डाइकिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बीच  ओसाका में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत डाइकिन कंपनी हरियाणा में 1000 करोड़ रुपये के निवेश से एक नया रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) सेंटर स्थापित करेगी।

इस पहल से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विदेशी निवेश को आकर्षित करने और हरियाणा में वैश्विक औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान दौरे पर है। इस दौरान आज मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ओसाका स्थित डाइकिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के आरएंडडी सेंटर में एमओयू किया गया। एमओयू पर हरियाणा की ओर से उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल और डाइकिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से शोगो एंडो उप प्रबंध निदेशक ने हस्ताक्षर किए। एमओयू के अंतर्गत डाइकिन कंपनी हरियाणा में नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक नया रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) सेंटर स्थापित करेगी। यह नया केंद्र अत्याधुनिक तकनीकों के विकास और सतत औद्योगिक समाधानों पर केंद्रित होगा। इसके माध्यम से हरियाणा को वैश्विक स्तर पर अनुसंधान एवं नवाचार का एक प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस साझेदारी से न केवल राज्य की औद्योगिक क्षमता को मजबूती मिलेगी, बल्कि हरियाणा को एक ग्लोबल



इनोवेशन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने में भी मदद मिलेगी। डाइकिन के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में स्थापित होने वाला यह आरएंडडी सेंटर कंपनी का एक प्रमुख अनुसंधान केंद्र होगा। इससे हरियाणा और जापान के बीच द्विपक्षीय संबंधों और व्यापारिक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी।

## प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने पर नगर निगम ने रेस्टोरेंट किया सील

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम ने प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टर के खिलाफ बुधवार को कड़ा रुख अपनाते हुए बकाया टैक्स जमा न कराने वाले भवनों और प्रतिष्ठानों की सीलिंग कार्रवाई तेज कर दी है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि जिन संपत्तियों पर लाखों रुपये का बकाया टैक्स है। जिनके मालिक बार-बार नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं कर रहे, उनके खिलाफ तुरंत कठोर कार्रवाई की जाएगी।  जोन-4 क्षेत्र में जोनल टैक्सेशन अधिकारी बीएस छोक्कर की टीम ने सक्रिय कार्रवाई करते हुए गांव बालोला स्थित जिंगालाला रेस्टोरेंट को सील कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, इस रेस्टोरेंट पर 6185878 रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। इसके बावजूद, मालिक द्वारा कई बार नोटिस मिलने के बाद भी टैक्स की अदायगी नहीं की गई। जेडटीओ बीएस छोक्कर ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य सिर्फ बकाया टैक्स वसूलना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर अपने प्रतिष्ठानों और संपत्तियों को सुरक्षित रखें। बकाया टैक्स जमा कराने में देरी करने वालों के खिलाफ भविष्य



सभी संपत्ति मालिक अपने दायित्वों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अब जो भी प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कराएगा, उसकी संपत्ति पर सीलिंग या अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम ने प्रॉपर्टी मालिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने में और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई नगर निगम की वित्तीय अनुशासन नीति का हिस्सा है, ताकि शहर की विकास योजनाओं और नागरिक सुविधाओं के लिए आवश्यक धनराशि समय पर उपलब्ध हो सके।

## निरंकारी समागम के सफल आयोजन को जिला प्रशासन ने ली बैठक

**एजेंसी**

**पानीपत।** आगामी 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर मिशन द्वारा आयोजित किए जाने वाले 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की व्यवस्था को लेकर निरंकारी मिशन के पदाधिकारियों द्वारा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ जिला सचिवालय में सयुक्त बैठक आयोजित कि इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने की।

इस मौके पर निरंकारी मिशन के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में समागम की व्यवस्था को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। उपायुक्त ने कहा कि समागम के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अध्यात्मिक समागम में देश भर से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसलिए निरंकारी मिशन की ओर से किए गए अनुरोध पर जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ



समय पर कार्यों को करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि हमें मूलभूत सुविधाओ पर जोर देना है। भोडवाल माजरी, रेलवे स्टेशन और अन्य स्थानों पर पोर्टेबल टॉयलेट्स की व्यवस्था की जाए। रेलवे स्टेशन पर पीने के पानी की उचित आपूर्ति हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए। यातायात और परिवहन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पानीपत, नई दिल्ली व आनंद विहार रेलवे स्टेशन से समागम स्थल तक पहुंचाने के लिए हरियाणा रोडवेज एवं निजी बस ऑपरेटरों की सेवाएं ली जाएंगी। जीएम रोडवेज को इस संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए । उपायुक्त ने कहा किआपातकालीन सेवाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं, समागम के दौरान किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए 10 अग्निशमन वाहन, ड्राइवर व फायरमैन सहित उपलब्ध रहेंगे। साथ ही, आईसीयू बेड, सामान्य बेड, डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।उपायुक्त ने ध्वनि प्रणाली व सुरक्षा व्यवस्था समागम के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति के लिए उप मंडल समालखा से औपचारिक अनुमति लेना सुनिश्चित करें। सुरक्षा के मद्देनजर समागम स्थल के पास, जी टी रोड पर और भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन पर पुलिस पोस्ट स्थापित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की आवाजाही में कोई दिक्कत न हो। सफाई, सैनिटेशन और फल-सब्जी आपूर्ति, नगर परिषद द्वारा फॉगिंग मशीन, नेपकिन मशीन, फिनाइल, ब्लीचिंग पाउडर, टोकरी, झाड़ू आदि की व्यवस्था की जाएगी।

## राजकीय रेलवे पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**एजेंसी**

**जींद।** दीपावली एवं अन्य त्योहारों के मद्देनजर राजकीय रेलवे पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से राज्यभर में रेलगाडियों एंव रेलवे स्टेशनों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत एक ओर जहां डॉग स्कवायड के साथ सामान की जांच की जा रही है कि ताकि कोई व्यक्ति विस्फोटक सामग्री तो नहीं ले रहा और इसके अलावा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वह यात्रा के दौरान किस प्रकार की सावधानी रखें और किसी अनजान व्यक्ति से खाने अथवा पीने की कोई वस्तु न लें। उन्हें साइबर अपराध से बचने के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है कि किस प्रकार अपराधी प्रवृत्ति के लोग त्योहारों के दौरान नए-नए तरीके से लोगों को ठगने का कार्य करते हैं। जिला मुख्यालय जींद राजकीय रेलवे पुलिस थाना प्रभारी चरण सिंह की अगुवाई में जींद रेलवे जंक्शन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रभारी चरण सिंह ने बताया कि यदि आपके व्हाट्सएप या मोबाइल नंबर पर कोई लिंक आए तो उस पर क्लिक न करें। यदि कोई बैंक कर्मचारी बन कर आपसे खुद की जानकारी मांगे तो उसे कुछ भी न बताएं। अब त्योहारी सीजन शुरू हो चुका है। सामान खरीदने पर छूट देने के भी मैसेज भेजेंगे। इसलिए यह सभी फर्जी मैसेज हैं। यह सब ठगने के तरीके हैं। इसके अलावा उन्होंने यात्रियों को पर्यावरण बचाने के लिए पौधे लगाने का भी संदेश दिया। उन्होंने महिलाओं को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में भी अवगत करवाया तथा स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया।थाना प्रभारी ने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा एसपी निकिता गहलोत के दिशा-निर्देश पर  जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साइबर अपराध के प्रति जागरूक होना ही बचाव है। त्योहारी सीजन के मद्देनजर विभाग की बहुत ही सार्थक पहल है और इससे आमजन को बहुत लाभ मिल रहा है।

## नितिन गडकरी ने किया उत्तर भारत का पहला वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी स्वैपिंग स्टेशन का उद्घाटन

**एजेंसी**

**सोनीपत।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने  हरियाणाकेसोनीपत जिलेके पांची गुजरान गांव स्थित दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल (डीआईसीटी) में एनर्जी इन मोशन (ईआईएम) कंपनी द्वारा निर्मित उत्तरभारत के पहले वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। नितिन गडकरी ने कहा कि यह पहल ऐतिहासिक है। भारत प्रतिवर्ष लगभग 25 लाख करोड़ रुपये विदेशी देशों से ईंधन आयात में खर्च करता है।

यदि वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों से इस राशि की बचत हो तो यही धन भारत के विकास कार्यों में लग सकेगा और विकसित भारत का स्वप्न साकार होगा। उन्होंने बताया कि सरकार दिसंबर 2026 तक लॉजिस्टिक लागत को एकल अंक (9 प्रतिशत से कम) तक लाने का लक्ष्य रखती है। इसके लिए सड़क, रेल और जलमार्ग के समन्वय से बहुआयामी परिवहन ढांचा विकसित किया जा रहा है। इससे व्यापारियों के साथ किसानों को भी उत्पाद परिवहन की लागत में राहत मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य भारत को ग्रीन एनर्जी हब बनाना है। कृषि आधारित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। मक्का से एथेनॉल उत्पादन की अनुमति से इसकी मांग बढ़ी है और दाम दोगुने से अधिक हो गए हैं, जिससे बिहार और उत्तर प्रदेश के किसानों को 45 हजार करोड़ रुपये का सीधा लाभ हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास को जनसरोकार से जोड़ने में विश्वास रखती है। किसान, मजदूर, व्यापारी और युवा सभी इस परिवर्तन के सहभागी हैं। इस अवसर पर एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों को जैव ईंधन पर आधारित बनाने से लॉजिस्टिक लागत घटेगी और प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी। दुनिया का भविष्य अब डीजल-पेट्रोल नहीं, बल्कि बायोफ्यूल में है।

## पानीपत में अवैध कालोनियों पर चला पीला पंजा

**एजेंसी**

**पानीपत।** पानीपत में जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करना शुरू कर दिया। विभाग की कार्रवाई अवैध निर्माण और कॉलोनी काटने वालों पर नकेल डालने के उद्देश्य से की गई। टीम ने अभियान के दौरान करीब 38 एकड़ क्षेत्र में फैली 6 अवैध कॉलोनियों, 4 अवैध निर्माण व एक डाई हाउस को ध्वस्त किया।



जिला योजनाकार प्रवर्तन सुमित मलिक ने बताया कि हड़ताड़ी, बिंझौल, पानीपत तरफ अफगान एवं तरफ इंसार में अभी अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान काफी संख्या में पुलिस बल भी शामिल रहा। टीम के अधिकारियों ने बताया कि तोड़फोड़ के दौरान किसी प्रकार का विवाद नहीं हो इसके लिए पुलिम टीम मौजूद रही। जिला नगर योजनाकार सुमित मलिक ने बताया कि प्रशासन लगातार अब ऐसी अवैध कॉलोनियों पर निगरानी रख रहा है, जो बिना अनुमति के काटी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों में भूखंड खरीदने वाले लोग भविष्य में बड़ी परेशानी का सामना कर सकते हैं। ऐसे क्षेत्रों में सरकार की ओर से सड़क, पानी, बिजली या सीवरेज उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। विभाग के अधिकारियों ने अभियान के दौरान कार्रवाई वाले क्षेत्र में लोगों से कहा कि वह केवल वैध और स्वीकृत कॉलोनियों में ही भूखंड या मकान खरीदें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई या आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।जिला नगर योजनाकार और जिला प्रशासन की टीम जैसे ही इन कॉलोनी में कार्रवाई करने के लिए पहुंची तो अवैध कब्जा करने वाले लोगों मे हड़कंप मच गया।

## पराली जलाने वाले किसानों पर हो कार्रवाई, एसडीएम के निर्देश

**एजेंसी**

**जींद।** फसल अवशेष (पराली) जलाने से बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने  स्थानीय लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पराली प्रबंधन से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई और दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसडीएम मान ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी हालत में खेतों में फसल अवशेष नहीं जलने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को जागरूक करने, वैकल्पिक उपाय अपनाने और कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत रणनीति बनाई गई है। जिसे सख्ती से लागू किया जाएगा। पराली प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए क्षेत्र अनुसार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। येलो जोन में प्रत्येक 50 किसानों पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ग्रीन जोन में प्रत्येक 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है। इन नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे फील्ड में सक्रिय रूप से मौजूद रहकर किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करें। जानकारी अपलोड करें। जिससे प्रशासनिक निगरानी सुचारु रूप से हो सके। एसडीएम ने कहा कि पराली जलाना न केवल कानूनन अपराध है



वैकल्पिक समाधान बताएं और प्रशासन की योजनाओं का लाभ दिलवाने में सहयोग करें। फील्ड स्तर पर कार्य की मॉनिटरिंग को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संबंधित सरकारी एप पर अपनी फील्ड विजिट की फोटो और बल्कि यह हमारे पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है।

सभी अधिकारी एवं विभाग इस अभियान को गंभीरता से लें और किसानों को समझाइश दें कि पराली जलाना अंतिम विकल्प नही बल्कि नुकसानदायक है।

## एचपीएसी ने घोषित किए असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के नजीते

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग ने कॉलेज कैडर में असिस्टेंट प्रोफेसर (फिजिकल एजुकेशन)भर्ती का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग ने इन पदों के लिए 6 अक्टूबर को ही इंटरव्यू लिए थे। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब नतीजे घोषित किए हैं। इस भर्ती के तहत कुल 126 पदों पर नियुक्तियां प्रस्तावित थीं, जिनमें से 89 पदों का परिणाम घोषित किया गया है। एचपीएससी की ओर से जारी सूचना के अनुसार, चार पद न्यायालय में विचाराधीन मामले के चलते अस्थायी रूप से रिक्त रखे गए हैं। वहीं एक पद विभाग की ओर से आवश्यक जानकारी उपलब्ध न कराए जाने के कारण फिलहाल रोक दिया गया है। आयोग ने बताया कि जैसे ही विभागीय स्थिति स्पष्ट होगी, उस पद का परिणाम भी घोषित किया जाएगा। एचपीएससी ने इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 अगस्त, 2024 से शुरू की थी, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त रखी गई थी। इसके बाद आयोग ने अभ्यर्थियों के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट, सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट और इंटरव्यू आयोजित किए। 6 अक्टूबर तक इंटरव्यू पूरे होने के बाद 7 अक्टूबर को फाइनल परिणाम जारी कर दिया गया।भर्ती के लिए उम्मीदवारों से निर्धारित योग्यता के तहत किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ फिजिकल एजुकेशन विषय में मास्टर डिग्री अनिवार्य थी। इसके साथ ही, उम्मीदवार का शैक्षणिक रिकॉर्ड संतोषजनक होना चाहिए और उसे मैट्रिक या उच्च शिक्षा स्तर पर हिंदी व संस्कृत का ज्ञान होना अनिवार्य था। हरियाणा लोक सेवा आयोग के इस निर्णय के बाद अब कॉलेजों में फिजिकल एजुकेशन के पदों पर नई नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है। आयोग ने कहा है कि रिक्त पदों का परिणाम न्यायिक और विभागीय औपचारिकताओं के पूर्ण होते ही घोषित कर दिया जाएगा।

# भारतीय फार्मा को राहतः अमेरिका ने जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ की योजना रोकी

**- अमेरिका की 47 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से आयात की जाती हैं**

**वाशिंगटन ।**

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने फिलहाल भारतीय जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ लगाने की योजना टाल दी है, जिससे भारतीय दवा कंपनियों और अमेरिकी उपभोक्ताओं दोनों को बड़ी राहत मिली है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली लगभग 47 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से आयात की जाती हैं। टैरिफ लगाने की योजना का उद्देश्य दवा निर्माण को अमेरिका में वापस लाना था, जिसे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) समर्थकों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा। लेकिन ट्रंप की घरेलू नीति परिषद के कुछ सदस्य इसके खिलाफ थे। उनका तर्क था कि इससे न केवल दवाएं महंगी होंगी, बल्कि आपूर्ति संकट भी उत्पन्न हो सकता है।

भारत जैसे देशों में जेनेरिक दवाओं का उत्पादन अमेरिका की तुलना में कहीं सस्ता है, जिससे अमेरिकी उत्पादन प्रतिस्पर्धी नहीं बन पाता।

आईक्यूवीआईए के अनुसार, अमेरिका की फार्मेसियों में बिकने वाली लगभग आधी जेनेरिक दवाएं भारत से आती हैं, जबकि घरेलू अमेरिकी कंपनियों की हिस्सेदारी सिर्फ 30 प्रतिशत है।



मेटफॉर्मिन (डायबिटीज), एटोरवास्टेटिन (कोलेस्ट्रॉल), लोसार्टन (ब्लड प्रेशर) और एंटीबायोटिक्स जैसी आम दवाओं की सप्लाई में भारत अग्रणी है। चीन के साथ पिछले टैरिफ युद्धों में हुए नुकसान को देखते हुए ट्रंप प्रशासन नहीं चाहता था कि दवा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भी जनता को कीमतों की मार झेलनी पड़े। ऐसे में, जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ लगाने की योजना को रोकना एक व्यावहारिक फैसला माना जा रहा है।

# 2026 में आएगा 'फिंटरनेट': अब जमीन, प्रॉपर्टी और बॉन्ड होंगे डिजिटल टोकन में

**- फिजिकल एसेट को डिजिटल में बदलने से आम लोगों को भी मिलेगी निवेश की ताकत**

नई दिल्ली । देश में आधार और यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति लाने वाले नंदन नीलेकणि अब एक नई तकनीक 'फिंटरनेट' लेकर आ रहे हैं। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में उन्होंने इसका ऐलान किया। यह तकनीक भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) का अगला स्तर होगी, जिसे 2026 में लॉन्च किया जाएगा। फिंटरनेट एक ग्लोबल डिजिटल फाइनेंशियल सिस्टम होगा, जहां जमीन, प्रॉपर्टी, बॉन्ड या अन्य वित्तीय संपत्तियों को डिजिटल टोकन में बदला जा सकेगा। उदाहरण के लिए, यदि आपके पास 1 करोड़ की संपत्ति है, तो इसे 1 लाख टोकनों में बांटा जा सकता है और हर टोकन 10 रुपये में खरीदा-बेचा जा सकता है। यह प्रक्रिया शेयर मार्केट की तरह ही होगी। नीलेकणि ने बताया कि यह प्रोजेक्ट बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के साथ मिलकर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य है कि संपत्ति और पैसे का लेन-देन मोबाइल से टैक्सी बुक करने जितना आसान हो जाए। यह सिस्टम बैंकों के मौजूदा ढांचे में कोई दखल नहीं देगा, बल्कि उनके साथ मिलकर काम करेगा। ब्राजील, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया के सेंट्रल बैंकों ने इसके पहले चरण में भागीदारी की है।

# शेयर बाजार में 7 दिसंबर से नया नियम होगा लागू




**- ब्लॉक डील में न्यूनतम ऑर्डर साइज 10 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ किया**

नई दिल्ली । भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर बाजार के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। सेबी ने एक नया नियम बनाया है, जिसके तहत ब्लॉक डील में न्यूनतम ऑर्डर साइज को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 25 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह नया नियम 7 दिसंबर से लागू होगा। सेबी ने बुधवार को एक सर्कुलर जारी करके इसकी जानकारी दी। एक रिपोर्ट के अनुसार सेबी ने यह भी कहा है कि ब्लॉक डील का फ्लोर प्राइस अब पिछले दिन के बंद भाव से तीन प्रतिशत ऊपर या नीचे हो सकता है। पहले यह लिमिट सिर्फ एक प्रतिशत थी। यानी अब ब्लॉक डील में कीमत को लेकर थोड़ी ज्यादा छूट मिलेगी। ब्लॉक डील के लिए दो समय खिड़कियां तय की गई हैं। पहली विंडो सुबह 8ः45 बजे से 9ः00 बजे तक होगी! इस दौरान फ्लोर प्राइस पिछले दिन का बंद भाव होगा! दूसरी विंडो दोपहर 2ः05 बजे से 2ः20 बजे तक होगी! इस समय फ्लोर प्राइस दोपहर 1ः45 बजे से 2ः00 बजे के बीच कैश सेगमेंट में हुई ट्रेडिंग की वॉल्यूम-वेटेड एवरेज प्राइस यानी वीडब्ल्यूएपी पर आधारित होगा. स्टॉक एक्सचेंज दोपहर 2ः00 से 2ः05 बजे के बीच वीडब्ल्यूएपी की जानकारी शेयर करेंगे।

नए नियम के तहत ब्लॉक डील में ऑर्डर की कीमत फ्लोर प्राइस के 3 प्रतिशत के दायरे में होगी। यह नियम निगरानी और लागू प्राइस बैंड के हिसाब से काम करेगा। हर ब्लॉक डील ऑर्डर की कीमत कम से कम 25 करोड़ रुपये होनी चाहिए! ये ऑर्डर डिलीवरी के लिए होंगे और इन्हें रद्द या बदला नहीं जा सकेगा।

# नवरात्रि अवधि में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में आया उछाल

**नईदिल्ली ।**

हाल ही नवरात्रि अवधि में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में जबर्दस्त उछाल आया है। इस दौरान यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 2,17,744 इकाई हो गई। इसी अवधि में पिछले साल यह 1,61,443 इकाई थी।

यह जानकारी फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) ने दी। फाडा के अनुसार, सितंबर महीने के पहले 21 दिन में बिक्री धीमी रही और 22 सितंबर को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद इसमें तेजी आई। वाहन डीलर के संगठन के अनुसार, इस उच्च बिक्री के कारण सितंबर में यात्री वाहन खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 2,82,945 इकाई से छह प्रतिशत बढ़कर 2,99,369 इकाई हो गई। 22 सितंबर के बाद नई जीएसटी दर लागू होने के बाद कीमतों में कटौती की उम्मीद कर रहे ग्राहकों ने महीने के पहले हिस्से में खरीदारी नहीं की।

फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने बयान में कहा, ''देश के मोटर वाहन खुदरा उद्योग के लिए सितंबर 2025 एक असाधारण रूप से अनूठा महीना था। पहले तीन सप्ताह काफी हद तक शांत रहे क्योंकि ग्राहक जीएसटी 2.0 सुधारों की प्रत्याशा में पीछे हट गए। हालांकि, अंतिम सप्ताह में स्थिति नाटकीय रूप से बदल गई क्योंकि नवरात्रि उत्सव कम जीएसटी दरों के कार्यान्वयन के साथ मेल खाता था जिससे ग्राहक भावना में सुधार हुआ और अधिकतर वाहन श्रेणियों की बिक्री में तेजी आई।

उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप माह का अंत कुल मिलाकर पांच प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ हुआ जिसमें तिपहिया और निर्माण उपकरण को छोड़कर सभी खंडों में सकारात्मक गति देखी गई। फाडा के अनुसार, सितंबर के अंतिम दिन में बनी गति दीपावली तक जारी रहेगी जिससे त्यौहार की इस 42 दिन की अवधि के सकारात्मक रुख के साथ खत्म होने की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 12,87,735 इकाई रही जो सितंबर 2024 में 12,08,996 इकाइयों के मुकाबले सात प्रतिशत अधिक है। नवरात्र अवधि में बिक्री 36 प्रतिशत बढ़कर 8,35,364 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6,14,460 इकाई थी। सितंबर 2025 में तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 98,866 इकाई रही, जो सितंबर 2024 की 1,06,534 इकाई की तुलना में सात प्रतिशत कम है।

# भारत के 100 प्रमुख अमीरों की दौलत में गिरावट, अंबानी फिर भी शीर्ष पर कायम

**- डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी और सेंसेक्स में गिरावट से अमीरों की संपत्ति में आई कमी**

**वाशिंगटन ।**

फोर्ब्स की ताज़ा 2025 सूची के अनुसार भारत के टॉप 100 अमीरों की कुल संपत्ति में 9 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जो अब घटकर एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर रह गई है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 100 अरब डॉलर की कमी है। इस गिरावट के पीछे रुपये की गिरती कीमत और सेंसेक्स में 3 फीसदी की गिरावट को मुख्य कारण बताया गया है। हालांकि, मुकेश अंबानी ने लगातार 16वें साल भारत के सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। रिलायंस के चेयरमैन की संपत्ति 14.5 अरब डॉलर घटकर अब 105 अरब डॉलर रह गई है, लेकिन वे अब भी सेंटिबिलियनेय (100 अरब डॉलर से अधिक संपत्ति वाले) बने हुए हैं। उन्होंने हाल ही में` रिलायंस इंटेलीजेंस नाम से एक नया आई डिवीजन शुरू किया है और` जियो को 2026 में लिस्ट करने की योजना बनाई है। दूसरे स्थान पर गौतम अडानी और उनका परिवार 92 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ हैं। 2023 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट से हुए झटके के बाद, 2025 में सेबी ने अडानी ग्रुप को क्लीन चिट दी, जिससे उनकी संपत्ति में फिर से सुधार हुआ। तीसरे स्थान पर सावित्री जिंदल हैं, जिनकी संपत्ति 3.5 अरब डॉलर घटकर 40.2 अरब डॉलर रह गई है। वहीं इस साल के सबसे बड़े लाभकर्ता रहे सुनील मित्तल, जिनकी संपत्ति 3.5 अरब डॉलर बढ़कर 34.2 अरब डॉलर हो गई है। वे तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे पायदान पर पहुंचे हैं, यह वही स्थान है, जो उन्होंने 2008 में हासिल किया था। टॉप 10 की सूची में शिव नादर, राधाकिशन दमानी, दिलीप संघवी, बजाज परिवार, सायरस पूनावाला और कुमार बिड़ला जैसे जाने-माने उद्योगपति शामिल हैं।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ ही 88.80 पर बंद हुआ। रुपया सुबह शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार करते हुए तीन पैसे टूटकर 88.78 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुझानों से निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दिया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.76 प्रति डॉलर पर खुला। फिर टूटकर 88.78 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 88.75 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.72 पर आ गया।






## बॉम्बे हाईकोर्ट ने टैक्सी सेवा को 'जियो' नाम के इस्तेमाल से रोका

**- रिलायंस की याचिका पर अदालत ने 'जियोकैब्स' डोमेन और नाम के उपयोग पर लगाई अंतरिम रोक**

**मुंबई ।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली कंपनी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के स्वामित्व वाले प्रसिद्ध जियो ट्रेडमार्क का उपयोग करने से रोक दिया है। अदालत ने कहा कि जियो एक प्रसिद्ध और पंजीकृत ब्रांड है, जिसका दुरुपयोग कंपनी की साख को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेशन की पीठ ने रिलायंस की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में कहा गया था कि प्रतिवादी कंपनी 'जियोकैब्स' नाम और डोमेन के जरिए टैक्सी सेवाएं दे रही है, जो आरआईएल के ट्रेडमार्क का उल्लंघन है। रिलायंस ने इसे पासिंग ऑफ का मामला बताया, जिसमें कोई कंपनी किसी प्रसिद्ध ब्रांड की पहचान का अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करती है। अदालत ने माना कि रिलायंस का दावा प्रथम दृष्टया मजबूत है और जियो नाम की लोकप्रियता को देखते हुए उसका बिना अनुमति उपयोग ब्रांड की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है। अदालत ने यह भी उल्लेख किया` कि आरआईएल के कानूनी नोटिस के बावजूद संबंधित डोमेन अब भी सक्रिय है, जो ट्रेडमार्क उल्लंघन की पुष्टि करता है। इसलिए अदालत ने अंतरिम आदेश जारी कर प्रतिवादी को 'जियो' नाम, लोगो, डोमेन और उससे मिलती-जुलती किसी भी पहचान का उपयोग करने से रोक दिया है।

## रूसी तेल व्यापार में बदलाव- भारतीय रिफाइनरियों से अब युआन में भुगतान की मांग

**- भारत-चीन रिश्तों में सुधार का प्रभाव**



मुंबई । रूसी तेल विक्रेता अब भारतीय रिफाइनरियों से अमेरिकी डॉलर या यूएई दिरहम के बजाय चीनी युआन में भुगतान मांग रहे हैं। पहले अधिकतर लेन-देन डॉलर या दिरहम में होता था, लेकिन हाल ही में इसमें बदलाव देखने को मिला है। सूत्रों के अनुसार यह कदम भारत और चीन के संबंधों में आई हालिया नरमी का परिणाम है, जिससे युआन में भुगतान की राह आसान हुई है। भारत की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने रूस से आए दो से तीन तेल शिपमेंट्स का भुगतान युआन में किया है। यह पहली बार नहीं है जब युआन में भुगतान की कोशिश हुई हो। वहीं निजी रिफाइनरियों ने तब भी युआन में सौदे जारी रखे थे। व्यापारियों का कहना है कि पहले उन्हें डॉलर या दिरहम को युआन में बदलकर भुगतान करना पड़ता था, जिससे प्रक्रिया जटिल होती थी। अब सीधे युआन में भुगतान संभव हो गया है, जिससे व्यापार सरल हो गया है। हालांकि, रूस द्वारा तेल की कीमत अब भी डॉलर में तय की जाती है ताकि वह यूरोपीय संघ द्वारा तय प्राइस कैप का पालन कर सके। विश्लेषकों के अनुसार यह कदम वैश्विक तेल व्यापार में डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती दे सकता है और चीन के युआन को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा संकेत माना जा रहा है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 398, निफ्टी 135 अंक उछला**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही धातु और आईटी शेयरों में जबरदस्त खरीददारी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 398.44 अंक ऊपर आकर 82,172.10 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 135.65 अंक बढ़कर 25,181.80 पर बंद हुआ। था। आज कारोबार के दौरान निफ्टी मेटल 2.17 फीसदी और निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.12 फीसदी उछलकर बंद हुआ। निफ्टी फार्मा 1.05 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.74 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.45 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 0.61 फीसदी और निफ्टी इन्फ्रा 0.67 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी उछाल रहा ।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 563.10 अंक बढ़कर 58,429.85 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 109.65 अंक उछलकर 0.61 18,000.25 पर बंद हुआ।




सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, सन फार्मा, टीसीएस, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट और इन्फोसिस के शेयरों को लाभ हुआ जबकि एक्सिस बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों को नुकसान हुआ।

इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 00 से ज्यादा अंक चढ़कर 81,900 पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी बढ़त लेकर 25,074.30 पर खुला। एशियाई बाजारों में आज हल्की बढ़त देखी गई। मेनलैंड चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.53 फीसदी चढ़ा, जबकि हांगकांग का हैंग सैंग 0.12 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। जापान का निक्केई 1.34 फीसदी उछल गया। इस बीच, दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के चलते बंद रहे।

## फरीदाबाद में नियोलिव की बड़ी टाउनशिप योजना

**- 2,300 करोड़ के राजस्व की उम्मीद**

**नयी दिल्ली ।** यल एस्टेट कंपनी नियोलिव ने हरियाणा के फरीदाबाद के सेक्टर 98 और 99ए में 62 एकड़ जमीन पर एक भव्य आवासीय टाउनशिप विकसित करने की घोषणा की है। इस परियोजना से कंपनी को लगभग 2,300 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की संभावना है। कंपनी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए एक प्रबंधन समझौता किया गया है, हालांकि भूस्वामी का नाम उजागर नहीं किया गया है। परियोजना में मुख्य रूप से आवासीय प्लॉट और विला विकसित किए जाएंगे। नियोलिव के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इसे एनसीआर में अब तक की सबसे बड़ी परियोजना बताया और इसे कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया। हालांकि, प्लॉटों की संख्या, निवेश राशि और समयसीमा की जानकारी अभी साझा नहीं की गई है।

# 1 साल में 55 फ़ीसदी बढे सोने के दाम

**साल के अंत तक 2 लाख पार हो सकता है,सोना?, भारत में 60 फ़ीसदी रिटर्न**

**मुंबई ।**

भारत में सोने और चांदी के दाम बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं।बुधवार को सोने की कीमतें 1।22 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई हैं। चांदी की कीमत भी 1.5 लाख रुपए प्रति किलो के ऊपर चली गई है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का मानना है, सोने की कीमतें लगातार बढ़ती रहेगी।सोने में रिकॉर्ड तोड़ निवेश हो रहा है। दुनिया भर में सोने की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हुई है। जिसके कारण सोने की कीमतें लगातार बढ़ती चली जा रही हैं। सितंबर माह में दुनिया भर में गोल्ड ईटीएफ में 1.3 लाख करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ है। एक महीने का अभी तक यह सबसे बड़ा निवेश है। भारत में 24 कैरेट सोने की औसत कीमत 1858 रुपए बढ़कर 1,21,799 रुपए पर प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है।

चांदी के औसत भाव में लगातार बढ़त बनी हुई है। 1,50,783 रुपए प्रति किलो पर चांदी बिक रही है। सोने के कारोबारियों का कहना है, दीपावली तक सोने के दाम प्रति 10 ग्राम 1.28 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं।

दीपावली के दौरान सोने के भाव अक्टूबर 2016 को सोने का भाव 30057 रुपए था। 2017 में 29679, 2018 में 31589, 2019 में 38293, 2020 में 50986, 2021 में 47553, 2022 में 50580, 2023 में 59752, 2024 में 78430 तथा 20 अक्टूबर 2025 को 1,21,799 रुपए पर प्रति 10 ग्राम सोने का भाव हो गया। पिछले एक साल में 55 फ़ीसदी सोने के दाम बढे हैं। अगली दीपावली तक सोने के भाव 23 फीसदी तक बढ़ने की संभावना आर्थिक विशेषज्ञ जाता रहे हैं।

**क्यों बढ़ रहे हैं सोने के दाम?**

चीन का फेडरल बैंक सबसे ज्यादा सोना खरीद रहा है। अभी तक अमेरिका के पास सबसे ज्यादा सोना है। अंतर्राष्ट्रीय कारोबार में डॉलर मुद्रा का उपयोग होता है। दुनिया के सभी देशों के फेडरल बैंक सोना खरीद रहे हैं। अमेरिका की करेंसी, डॉलरसे दुनिया के देशों का विश्वास कम होता जा रहा है। जिस तरह की आर्थिक मंदी देखने को मिल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से टैरिफ लगाने की धमकी और तरह-तरह के प्रतिबंध लगाकर अंतर्राष्ट्रीय कारोबार को प्रभावित किया है।

उसको लेकर सारी दुनिया के देश डॉलर और अमेरिका से छुटकारा पाने में लग गए हैं।

## हरियाणा में डाइकिन बनाएगी 1000 करोड़ का आरएंडडी सेंटर

**- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान दौरे के दौरान ओसाका में हुआ समझौता**

**चंडीगढ़ ।**

ओसाका (जापान) में हरियाणा सरकार और जापान की प्रसिद्ध कंपनी डाइकिन इंडस्ट्रीज मिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत डाइकिन हरियाणा में 1000 करोड़ के निवेश से एक अत्याधुनिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) सेंटर स्थापित करेगी। इस परियोजना से राज्य में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान दौरे पर है। इसी दौरान ओसाका स्थित डाइकिन के मुख्यालय में यह समझौता हुआ। हरियाणा सरकार की ओर से उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल और डाइकिन की ओर से उप प्रबंध निदेशक शोगो एंडो ने हस्ताक्षर किए। इस आरएंडडी सेंटर में ऊर्जा कुशल और पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों पर शोध होगा। डाइकिन के अधिकारियों के अनुसार यह केंद्र कंपनी के प्रमुख अनुसंधान केंद्रों में से एक होगा। इससे हरियाणा और जापान के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे।

## आंध्र प्रदेश में बीपीसीएल लगाएगी रिफाइनरी; 6000 एकड़ भूमि आवंटित

**- रामय्यापट्टनम में बनेगा ग्रीनफील्ड रिफाइनरी-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स**

**अमरावती ।**

आंध्र प्रदेश सरकार ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसलएल) को नेल्लोर जिले के रामय्यापट्टनम बंदरगाह के पास 6000 एकड़ भूमि ग्रीनफील्ड रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल परिसर स्थापित करने के लिए आवंटित की है। यह परियोजना लगभग 96,862 करोड़ के निवेश से विकसित होगी। सरकार ने बीपीसीएल को इस अल्ट्रा-मेगा परियोजना के लिए विशेष प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया है। इसमें 20 वर्षों की अवधि में पूंजीगत व्यय के 75 फीसदी तक वित्तीय प्रोत्साहन दिए जाएंगे। बीपीसीएल चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 4,843 करोड़ और अगले वर्ष 9,686 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। 2029-30 तक कुल निवेश 96,862 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। राज्य सरकार बीपीसीएल को 43.5 फीसदी पूंजी सब्सिडी, 100 फीसदी एसजीएसटी रिफंड, आईजीएसटी/सीजीएसटी में राज्य हिस्से की वापसी, साथ ही स्टांप और पंजीकरण शुल्क में 100 फीसदी छूट देगी। यह परियोजना राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने के साथ-साथ हजारों रोजगार के अवसर भी देगी।

# नारी शक्ति का सवश्रेष्ठ उदहारण है करवा चौथ



रमेश सर्राफ धमोरा

**आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीघार्यु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है।**

करवा चौथ सभी विवाहित महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक पत्नियाँ अपने पति की सलामती के लिए व्रत रखती हैं। पूरे दिन बिना पानी पिए और कुछ भी खाए व्रत रखना आसान नहीं है, लेकिन स्नेही पत्नियाँ अपने पति के प्रति पूरे प्रेम और सम्मान के साथ ये सभी रस्में निभाती हैं। यह त्यौहार हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। करवा चौथ का व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए किया जाता हैं और यह न केवल एक त्यौहार है बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है। कहने को तो करवा चौथ का त्यौहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती है।

आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीघार्यु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है। करवा चौथ शब्द करवा अर्थात मिट्टी का बर्तन और चौथ अर्थात चतुर्थी से मिलकर बना है। इस पर्व पर मिट्टी के करवे का विशेष महत्व होता है। सभी विवाहित महिलाएं पूरे वर्ष इस त्योहार की प्रतीक्षा करती हैं और इसकी सभी रस्मों को श्रद्धा के साथ निभाती हैं।

हमारा देश एक धर्म प्रधान देश हैं। यहां साल के सभी दिनो का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं।



किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवाचौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।

शास्त्रों के अनुसार पति की दीघार्यु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्ध्य देने के उपरान्त ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथव्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें।

करवा चौथ के बारे में व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहना इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। पूजन कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर भोजन ग्रहण किया जाता है। सोने, चाँदी या मिट्टी के करवे का आपस में आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेम-भाव को बढ़ाता है। पूजन करने के बाद महिलाएँ अपने सास-ससुर एवं बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथका व्रत बतलाया। इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लडके एवं एक गुणवती लडकी थी। एक बार लडकी मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी।भाइयों से न रहा गया उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपल की पेड़ पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनी से रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाई ने नीचे से बहन को आवाज दी देखो बहन चंद्रमा निकल आया है। पूजन कर भोजन ग्रहण करो।

बहन ने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करते ही उसके पति की मृत्यु हो गई। अब वह दुःखी हो विलाप करने लगी। तभी वहां से रानी इंद्राणी निकल रही थीं। उनसे उसका दुःख न देखा गया। ब्राह्मण कन्या ने उनके पैर पकड़ लिए और अपने दुःख का कारण पूछा। तब इंद्राणी ने बताया कि तूने बिना चंद्र दर्शन किए करवा चौथ का व्रत तोड़ दिया इसलिए यह कष्ट मिला। अब तू वर्ष भर की चौथ का व्रत नियमपूर्वक करना तो तेरा पति जीवित हो जाएगा। उसने इंद्राणी के कहे अनुसार चौथव्रत किया तो पुनः सौभाग्यवती हो गई। इसलिए प्रत्येक स्त्री को अपने पति की दीघार्यु के लिए यह व्रत करना चाहिए। द्रोपदी ने यह व्रत किया और अर्जुन सकुशल मनोवांछित फल प्राप्त कर वापस लौट आए। तभी से हिन्दू महिलाएं अपने अखंड सुहाग के लिए करवा चौथ व्रत करती हैं।

कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालच को त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थी का व्रत को पूर्ण करता है। तो वह जीवन में सभी प्रकार के दुखों और क्लेशों से मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देश में चौथमाता का सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गांव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गांव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया। यहां के चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहान ने करवायाथा।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## संपादकीय

### आर्थिक नगरी के नए युग की उडवन्

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई के लिए एक ऐतिहासिक क्षण साबित हुआ है। लगभग 19650 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित यह एयरपोर्ट न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश की विकास गाथा में नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। देश के सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डों में से एक-छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट-पर लंबे समय से यात्रियों और उड़ानों का अत्यधिक दबाव था। ऐसे में नवी मुंबई एयरपोर्ट का बनना इस दबाव को कम करने के साथ-साथ देश की उभरती अर्थव्यवस्था को पंख देने का काम करेगा। जिससे आर्थिक नगरी की उड़ान बेहतर हो सकेगी। मुंबई पहले से ही व्यापार, उद्योग और वित्त का केंद्र मानी जाती है। अब जब उसके पास दूसरा विश्वस्तरीय एयरपोर्ट होगा, तो न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि निवेशकों और उद्योगपतियों के लिए नए अवसर भी खुलेंगे। नवी मुंबई एयरपोर्ट के माध्यम से दक्षिण मुंबई से लेकर रायगढ़ और पुणे क्षेत्र तक की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। यह क्षेत्र अब आईटी, पर्यटन, व्यापारिक और लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित हो सकता है। यह परियोजना न केवल भौतिक अवसंरचना का विस्तार है, बल्कि एक नए आर्थिक क्षेत्र की नींव भी है। इस एयरपोर्ट के संचालन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों रोजगार सृजित होंगे। निर्माण से लेकर हवाई सेवाओं, होटल उद्योग, परिवहन और व्यापार तक हर क्षेत्र को गति मिलेगी। साथ ही, यह पर्यावरणीय दृष्टि से भी एक आधुनिक परियोजना मानी जा रही है, जिसमें सौर ऊर्जा और हरित तकनीक का उपयोग किया गया है। इससे भारत की 'ग्रीन एविएशन की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है। परंतु हर बड़े प्रोजेक्ट की तरह चुनौतियां भी हैं-स्थानीय निवासियों का पुनर्वास, पर्यावरण संरक्षण और यातायात व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सरकार और स्थानीय निकायों को संवेदनशील और पारदर्शी रहना होगा। केवल ढांचागत विकास ही नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण भी उतना ही आवश्यक है ताकि विकास समावेशी हो। इस एयरपोर्ट के शुभारंभ के साथ मुंबई की उड़ानें अब और ऊंची होंगी। यह परियोजना न्यू इंडिया की उस सोच का प्रतीक है, जो आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा दोनों को साथ लेकर चलना चाहती है। मुंबई-जो कभी सपनों का शहर कही जाती थी-अब विश्व स्तरीय संपर्क के साथ एक नई दिशा में बढ़ रही है। नवी मुंबई एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि भारत के विकास की नई राह है-जहां आसमान अब सिर्फ उड़ानों का नहीं, संभावनाओं का प्रतीक बन चुका है।

#### चिंतन-मनन

### अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतःस्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है।

# मानसिक स्वास्थ्य दिवसः अनेक कामनाओ के कारण मनुष्य का मन बिखरा हुआ और अस्थिर है



कांतिलाल मांडोत

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयासों को गति देना है। मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय आ गया है।आज व्यक्ति के जीवन में अनेक विसंगतियों हैं। इन विसंगतियों का कारण मनुष्य-जीवन में बढ़ता तनाव है। व्यक्ति की लालसा है कि समग्र आकाश उसके आँगन में उतर आये। जो चीज असम्भव है, उसी की ही प्रत्याशा में वह दिन-रात लगा हुआ है। चाहे उसके लिए उसे अपनी अस्मिता को ही दाँव पर क्यों न लगाना पड़े ? वह दौड़ रहा है। एक पल भी रुकने का उसके पास समय नहीं है।

आज इनसान अपना सारा समय संसार की नश्वर चीजों को ही बटोरने में लगा रहा है। संग्रह की प्रवृत्ति उसमें निरन्तर बढ़ती जा रही है।भौतिक प्यास कभी बुझती नहीं है। जो सम्पदा उसके पास अनादिकाल से है इसकी और उसे न कोई ध्यान है और न चाह है। उसका लगाव तो क्षणिक और नश्वर चीजों में ही है। इन सब बातों का उस पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है जिसके कारण उसका जीवन अशांत व अस्थिर है। उसे कदाचित यह नहीं मालूम है कि दुनियाँ में सारी चीजें किसी एक को नहीं मिल पाती हैं।

अनेकानेक कामनाओं के कारण आज मनुष्य का मन यत्र-तत्र बिखरा हुआ है, अस्थिर है। कदाचित वह इस बात से अनभिज्ञ है कि वह अपनी समस्त कामनाओं की पूर्ति नहीं कर सकता है। जैसा किसी व्यक्ति का छलनी में जल भरना सम्भव नहीं है, ठीक उसी प्रकार कामनाओं की पूर्ति उसके लिए अशक्य है।आज पूरा विश्व तनावों से जूझ रहा है। तनावों के बोझ तले किसी एक राष्ट्र विशेष के ही नहीं, सभी राष्ट्रों के नागरिक अपना जीवन बसर कर रहे हैं। कोई भी राष्ट्र इससे अछूता नहीं है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी आज यह एक विकट समस्या है। इसलिए इस पर अनेक चचाएँ-परिचचाएँ. संगोष्ठियों-सेमिनार आदि हो रहे हैं। जब से औद्योगिकीकरण, प्रौद्योगिकीकरण तथा शहरीकरण पनपा है या विकसित हुआ है, महानगरों में धुएँ उगलते, शोर मचाते यातायात बढ़े हैं, आबादी-भीड़ और मँहगाई बढ़ी है, बाजारों से रोजमर्रा की चीजें कठिनाइयों से उपलब्ध हो रहीं हैं, जल, वायु, भोजन, सब दूषित प्रदूषित हो रहे हैं, तब तनावों की यह समस्या और भयावह हुई है।

आज अधिकांश मानव तनावों की गिरफ्त में है। यह तो हो सकता है कि अमुक राष्ट्र के लोगों में यह कम या बहुतायत में हो, पर कोई राष्ट्र इससे अछूता नहीं है। आश्चर्य तो तब होता है जब भारत देश के लोग भी आज तनावों से सर्वाधिक पीड़ित-प्रपीड़ित नजर आ रहे हैं। यहाँ के लोगों की तनावपूर्ण जिन्दगी को देखकर हर कोई यह अनुभव कर सकता है कि आज का भारत पहले का भारत नहीं रहा है। उसकी छवि निश्चय ही धूमिल हुई है। कभी यह देश आध्यात्मिक शान्ति का मार्गद्रष्टा था। यहाँ अध्यात्म की गंगा सतत प्रवहमान थी। शान्त, सहज, सरल व प्रामाणिक जीवन जीने वाले यहाँ के पूर्वज जीने की कला में ही नहीं, मरने की कला में मन की मूढ़ अवस्था में विभिन्न तनाव, रोग पनपते हैं जबकि मन की अमूढता में ये ही तनाव विनसते भी हैं। इस प्रकार मन तनाव का कारण भी है और निवारक भी है। मन की यह विशेषता है कि वह सदा सक्रिय रहता है, जाग्रत रहता है। एक क्षण को भी वह न सोता है और न विश्राम ही लेता है। चाहे निद्रा में व्यक्ति हो या अनिद्रा में, किसी भी स्थिति में हो यह सदा जागता रहता है। यह बात अलग है कि उसका जागरण या उत्तकी सक्रियता बहिर्जगत की ओर हो या अन्तर्जगत की ओर, पर उसकी सक्रियता सदा बनी रहती है। स्वस्थ व तनावरहित रहने के लिए तथा शांति व आनन्द के लिए मन को रोकना नहीं अपितु मन की दिशा को मोड़ना होता है। बहिर्जगत से अन्तर्जगत की ओर यानी अध्यात्म की दिशा में मन को प्रवृत्त करना होता है।

मन, अमन की स्थिति में आए, इसके लिए नीतिकारोंने कहा कि व्यक्ति प्रामाणिकता के साथ, वर्तमान में जीना सीखे जिससे अनावश्यक कल्पनाओं, योजनाओं, स्मृतियों, चेष्टाओं का चक्र टूट सके। सोते-जागते हर समय उठने वाली अनावश्यक स्मृतियाँ-कल्पनाएँ मन को भटकाती हैं जबकि जीवन के लिए कल्पनाएँ, स्मृतियाँ जितनी आवश्यक हैं उतनी ही होनी चाहिए। क्योंकि बिना इनके जीवन चल नहीं सकता है। आवश्यक कल्पनाओं-स्मृतियों का अपना एक उपयोग होता है। इससे मन तो विश्राम पाता ही है, भारमुक्त भी होता है। साथ ही मानसिक तनावों से छुटकारा भी मिलता है।

मन की अनन्त पयार्यें होती हैं। प्रतिपल ये परिवर्तित होती रहती हैं। अनुकूलता में इसका कुछ और रूप तथा प्रतिकूलता में कुछ और ही रूप होता है। इसलिए साधकों ने इस बात पर अत्यधिक बल दिया कि पहले मन को अनुकूल और प्रतिकूल दोनों स्थितियों में सम बनाया जाए। मन को समत्व में लाने का उन्होंने एक सूत्र दिया है। यह सूत्र है सहिष्णुता का। सहिष्णुता का अभ्यास मन को समत्व भूमि पर प्रतिष्ठित कराता है। मन का समत्व भूमि पर प्रतिष्ठित होना ही मन की निर्मल अवस्था है। इससे शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की स्वस्थता प्राप्त की जा सकती है।

# बदलाव एवं विकास की राह ताकता बिहार चुनाव



ललित गर्ग

बिहार में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। मतदान की तिथियों की घोषणा के साथ ही लोकतंत्र का यह महायज्ञ आरंभ हो चुका है, जिसमें करोड़ों मतदाता दो चरणों में दिनांक 6 और 11 नवंबर को अपने मत के माध्यम से राज्य की दिशा और दशा दोनों तय करेंगे। इस बार का चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि विचार और व्यवस्था परिवर्तन का चुनाव है। बिहार लंबे समय से जिस पिछड़ेपन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अराजकता की बेड़ियों में जकड़ा रहा है, उससे मुक्ति का यह अवसर है। 14 नवंबर को मतगणना के साथ बिहार में नई सरकार की तस्वीर सामने होगी, लेकिन राज्य में सियासत जिस तरह आकार ले रही है, मतदान तक कई उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। बिहार के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो यह धरती कभी बुद्ध की करुणा और चाणक्य की नीति की जननी रही है, लेकिन आज वही बिहार कानून व्यवस्था की विफलताओं, जातिवाद की जंजीरों और विकासहीनता की विवशताओं से जूझ रहा है। सड़कें टूटी हैं, शिक्षा व्यवस्था जर्जर है, चिकित्सा तंत्र कमजोर है, और रोजगार की तलाश में हर साल लाखों युवा अपनी मातृभूमि छोड़ने को विवश हैं। ऐसे में यह चुनाव एक सामाजिक जागृति का अवसर भी है, जब मतदाता केवल चेहरे नहीं, चरित्र और चिंतन को वोट देंगे।

राजनीतिक दल अपनी-अपनी घोषणाओं, वादों और दृष्टि-पत्रों के साथ मैदान में हैं। कोई 'नया बिहार' बनाने का नारा दे रहा है, तो कोई 'विकसित बिहार' का। लेकिन सवाल यह है कि क्या घोषणाओं से बिहार का भाग्य बदलेगा, या फिर यह चुनाव भी परंपरागत नारों और जातीय समीकरणों के हवाले हो जाएगा? यह समय है कि जनता दलों से नहीं, दिशा से जुड़ाव करे; नारे से नहीं, नैतिकता से संवाद करे। पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार बिहार का चेहरा बने हुए हैं और यह चुनाव भी अलग होता नहीं दिख रहा। मूल सवाल यही है कि क्या नीतीश को एक और मौका जनता देगी? राज्य में एनडीए ने उन्हें आगे कर रखा है और महागठबंधन से सीधी टक्कर मिल रही है। 2005 से नीतीश कुमार बीच के कुछ समय को छोड़ कर सत्ता पर काबिज हैं। इस दौरान उन्होंने 9 बार शपथ ली और कई बार पाला बदला। गठबंधन के साथी बदलते रहने और कम सीटों के बावजूद मुख्यमंत्री वही बने। इसके पीछे उनकी अपनी 'सुशासन बाबू' की छवि भी है, लेकिन अब इसे चुनौती मिल रही है। पहली बार नीतीश सरकार को भ्रष्टाचार के आरोपों में घेरने की कोशिश हो रही है। वहीं, कानून-व्यवस्था का मामला भी चिंता बढ़ाने वाला है। हाल के महीनों में पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका और हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर की हत्या ने सरकार की परेशानी बढ़ाई। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हर चुनाव में जंगलराज की तरह पेश किया, पर अब सवाल विपक्षी दल पूछ रहे हैं। यह चुनाव ऐसे अनेक सवालों के घेरे में हैं।

विकास पर जोर के बावजूद बिहार की राजनीति में जाति एक निर्णायक कारक है। हर पार्टी की चुनावी रणनीति समुदाय आधारित लामबंदी से गहराई से प्रभावित है। दोनों प्रमुख गठबंधन एनडीए ओर महागबंधन सीट बंटवारे की बातचीत में उलझे हैं। 243 विधानसभा सीटों में से गठबंधन में से किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी और किसे कोन-सी सीट मिलेगी, यह विवाद का विषय है। पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला हुआ था- इस बार समीकरण में प्रशांत किशोर की जन सुराज भी है, जो भ्रष्टाचार ओर पलायन का मुद्दा उठाए हुए हैं। कुछ और भी नये राजनीतिक दल मैंदान में हैं। बिहार की सबसे बड़ी चुनौती कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सुदृढ़ता की है। आए दिन होने वाली अपराध घटनाएं और अराजकता ने राज्य की छवि को धूमिल किया है। एक ऐसा शासन चाहिए जो भयमुक्त समाज दे सके, जहां नागरिक सुरक्षित महसूस करें, जहां अपराध पर अंकुश हो और न्याय त्वरित मिले। विकास तभी संभव है जब विश्वास का माहौल बने।

बिहार की राजनीति में इस बार कई नए दल और कई पुराने चेहरे नए दल के साथ दिखाई देने वाले हैं। प्रशांत किशोर की पार्टी 'जनसुराज', तेजप्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा और पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी पहली बार बिहार विधानसभा के चुनाव में नजर आने वाली है। ऐसे में सभी दल चुनावी जंग में ताल ठोकने को तैयार है। मगर देखने वाली बात ये होगी कि कौन सी पार्टी अपना कितना दम दिखा पाती है? क्या प्रशांत किशार की पार्टी उनके दावे के अनुसार प्रदर्शन करती है या फुस्स साबित होती है, वहीं, तेजप्रताप यादव अपनी पार्टी बनाकर तेजस्वी यादव को कितना झटका देते है। यह सब अब चुनाव के परिणाम पर तय होगा। साथ ही यह भी तय होगा कि कौन सी पार्टी अपना अस्तित्व बचा पाती है कौन नहीं? यह चुनाव बिहार की आत्मा को झकझोरने वाला क्षण है। यहां की जनता अब सिर्फ रोटी-कपड़ा-मकान नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, और सम्मानजनक जीवन चाहती है। यह चुनाव इस आकांक्षा का प्रतीक है। जो भी दल इस वास्तविकता को समझेगा, वही बिहार का भविष्य गढ़ पाएगा।

आज बिहार के मतदाता अधिक सजग एवं विवेकशील हैं। वे जानते हैं कि सत्ता परिवर्तन से अधिक जरूरी है संस्कृति परिवर्तन, राजनीतिक शुचिता और प्रशासनिक जवाबदेही। यह चुनाव केवल विधानसभा की सीटें तय नहीं करेगा, बल्कि यह तय करेगा कि क्या बिहार अपनी पुरानी परछाइयों से निकलकर प्रकाश की ओर बढ़ पाएगा। क्योंकि बिहार में पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अराजकता की चर्चा होती रहती है, इसलिये यह स्वाभाविक है कि राज्य का विकास, कानून व्यवस्था एवं रोजगार का मुद्दा भी पक्ष-विपक्ष के बीच एक प्रमुख चुनावी मुद्दा होगा। हालांकि पिछली सरकारों के दौर में बिहार बदहाली के दौर से काफी निकल चुका है और विगत दो दशक में यहां की स्थितियां काफी बदली है। इस बार बिहार चुनाव बदला-बदला होगा, इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं। महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहली बार इस पैमाने पर ऐलान किए गए हैं। वहीं आरजेडी और कांग्रेस ने पूछा है कि इसके लिए पैसा कहां से आएगा? जनता वादों पर भरोसा करती है या बदलाव संग जाती है, जवाब मिलने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

वैसे, बिहार चुनाव का इतना ज्यादा महत्व कोई नई बात नहीं है। विगत दो दशक से एक विशेष क्रम बना हुआ है। लोकसभा चुनाव के अगले साल बिहार विधानसभा के चुनाव होते हैं। केंद्र में जो पार्टी विपक्षी गठबंधन में रहती है, वह बिहार विधानसभा चुनाव में अपना पूरा जोर लगा देती है, जिससे चुनाव कुछ ज्यादा रोचक एवं उत्तेजक बन जाता है। सियासी स्थिति का आकलन करें, तो बिहार में लगभग बीस साल शासन के बावजूद जनता दल यूनाइटेड या नीतीश कुमार की ताकत को कोई भी खारिज नहीं कर रहा है। भाजपा पूरी मजबूती से नीतीश कुमार के साथ खड़ी है, ताकि सत्ता बनी रहे। दूसरी ओर, राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाला महागठबंधन अभी नहीं, तो कभी नहीं वाले अंदाज में जोर लगा रहा है। लोकतंत्र की इस परीक्षा में बिहार एक नई इबारत लिख सकता है-एक ऐसा बिहार जो शिक्षित हो, संगठित हो, और सजग हो। जहां राजनीति सेवा का माध्यम बने, संघर्ष का नहीं; जहां सत्ता संवेदना की भाषा बोले, स्वार्थ की नहीं। बिहार का यह जनादेश वास्तव में इतिहास रच सकता है-यदि जनता 'जाति' नहीं, 'न्याय' को चुने; 'वादा' नहीं, 'विश्वास' को चुने। यह चुनाव बिहार के भाग्य परिवर्तन की कुंजी बन सकता है-बशर्ते हम सब मिलकर कहें- 'अब की बार, सुशासन और सुधार।'

## संक्षिप्त समाचार

### बलूच विद्रोहियों ने फिर बनाया जाफर एक्सप्रेस को निशाना, विस्फोट के बाद कई डिब्बे पटरी से उतरे

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में बलूच विद्रोहियों ने एक बार फिर जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया है। बलूचिस्तान रिपब्लिकन गार्ड्स ने मंगलवार को दावा किया कि उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया और आईईडी विस्फोट कर ट्रेन के कई डिब्बों को पटरी से उतार दिया। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हमला सुल्तान कोट इलाके में किया गया, जो शिकारपुर और जैकबाबाद इलाके के बीच में स्थित है। [illegible] ने ऐलान किया है कि बलूचिस्तान की आजादी तक ऐसे हमले जारी रहेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित आईईडी विस्फोट किया गया। विस्फोट इतना ताकतवर था कि उसके असर से ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन के पटरी से उतरने से चार यात्री घायल हुए हैं। वहीं बलूच विद्रोहियों का दावा है कि हमले में कई पाकिस्तानी सैनिक यात्रा कर रहे थे और उन्हें निशाना बनाकर हमला किया गया था। इस हमले में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं और कई अन्य घायल हैं। बलूच विद्रोहियों ने दावा किया कि हमले में ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। पाकिस्तान की ट्रेन जाफर एक्सप्रेस को बलूच विद्रोही पहले भी कई बार निशाना बना चुके हैं। दरअसल इस ट्रेन से अक्सर पाकिस्तानी सैनिक पाकिस्तानी पंजाब से बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा आते-जाते हैं। यही वजह है कि बलूच विद्रोही संगठनों के निशाने पर अक्सर ये ट्रेन रहती है। इस साल मार्च में जाफर एक्सप्रेस को बलूच विद्रोहियों ने हाइजैक कर लिया था, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई, मरने वालों में कई पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी भी शामिल थे। सुरक्षा बलों ने एक अभियान चलाकर ट्रेन पर हमला करने वाले 33 आतंकवादियों को मार गिराया और 354 बंधकों को बचाया गया। दो हफ्ते पहले भी बलूचिस्तान के मस्तुंग के दश्त इलाके में रेलवे ट्रैक पर हुए विस्फोट में जाफर एक्सप्रेस का एक कोच नष्ट हो गया और छह अन्य पटरी से उतर गए, जिसमें 12 यात्री घायल हो गए थे। साल 2023 में भी जाफर एक्सप्रेस पर हमला किया गया था। इसी तरह साल 2016 में भी बलूच विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस पर हमला किया था। उस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी और 19 लोग घायल हो गए थे।

### सत्ता परिवर्तन के बाद एक्शन जारी, केपी ओली और पूर्व गृह मंत्री की मुश्किल बढ़ी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में युवाओं के भारी आक्रोश बाद सत्ता छोड़ने को मजबूर हुए पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उनके खिलाफ एक के बाद कई मामले दर्ज किए जा चुके हैं। ऐसे में अब मंगलवार (07 अक्तूबर) को अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन गृह मंत्री रमेश लेखक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। साथ ही जेन-जेड प्रदर्शनों के दौरान हुई मौतों के लिए उनकी आपराधिक जवाबदेही की मांग की है। पिछले महीने नेपाल में ओली सरकार के विरोध के युवाओं ने जनरेशन-जेड प्रोटेस्ट किया था। इस प्रदर्शन में कई लोगों की जान गई थी। ऐसे में अब काठमांडू जिला पुलिस मंडल प्रवक्ता,पुलिस अधीक्षक पवन भट्टाराई ने पुष्टि करते हुए बताया है कि यूएमएल अध्यक्ष ओली और नेपाली कांग्रेस नेता लेखक के खिलाफ काठमांडू जिला पुलिस कार्यालय, भद्रकाली में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि क्योंकि मामले की जांच के लिए एक जांच आयोग का गठन पहले ही किया जा चुका है, इसलिए पुलिस ने एफआईआर को न्यायमूर्ति गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता वाले उच्च-स्तरीय न्यायिक जांच आयोग को भेज दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश त्रिपाठी ने कहा, जनरेशन-जेड के युवाओं की ओर से पुलिस में दर्ज कराई गई प्राथमिकी उनकी (ओली और लेखक की) आपराधिक जवाबदेही स्थापित करेगी और 8 व 9 सितंबर को हुए अपराध की जांच का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### बर्फीले तूफान में माउंट एवरेस्ट पर फंसे सैकड़ों पर्वतारोहियों को बचाया गया

**बीजिंग , एजेंसी।** माउंट एवरेस्ट के चीनी हिस्से में बीते दिनों आए एक बर्फीले तूफान में फंसे लगभग 900 पर्वतारोहियों, गाइड और अन्य कर्मचारियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। चीन के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। शनिवार रात इस क्षेत्र में एक भयंकर तूफान आया, जिससे माउंट एवरेस्ट पर करीब 4,900 मीटर की ऊंचाई पर तंबुओं में ठहरे पर्वतारोही फंस गए। तूफान के चलते कुल मिलाकर, 580 पैदल यात्री और 300 से ज्यादा गाइड, याक चरवाहे और अन्य कर्मचारी फंसे हुए थे। स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया गया कि लगभग 350 पर्वतारोहियों को सोमवार दोपहर और बाकी को मंगलवार तक सुरक्षित बचा लिया गया। कुछ लोग को कथित तौर पर हाइपोथर्मिया की परेशानी हुई है। हालात को देखते हुए माउंट एवरेस्ट पर फिलहाल पर्यटन को बंद कर दिया गया है।

# मुनीर को सीधी चुनौती? भारत में शांति का पैगाम लेकर आना चाहते हैं पाक के मौलाना फजलुर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की प्रमुख धार्मिक व राजनीतिक पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) के सरगना मौलाना फजलुर रहमान भारत की यात्रा पर आने की इच्छा जता रहे हैं। उनका उद्देश्य भारत को शांति का पैगाम पहुंचाना है। यह खुलासा पार्टी के करीबी सहयोगी और सांसद कमरान मुरतजा ने पाकिस्तानी चैनल आज न्यूज को दिए एक इंटव्यू में किया। पाकिस्तानी सांसद कमरान मुरतजा ने बताया कि मौलाना फजलुर रहमान ने हाल ही में एक भारतीय राजनयिक को व्यक्तिगत रूप से शांति का संदेश सौंपा था। उन्होंने कहा, मौलाना साहब भारत जाना चाहते हैं ताकि दोनों देशों के बीच शांति की अपील की जा सके। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का एक कदम होगी। मुरतजा ने यह भी कहा कि मौलाना रहमान ने 2002 और 2003 में भी भारत का दौरा किया था, जब दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण थे। उस समय उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से मुलाकात की थी और शांति प्रक्रिया का समर्थन किया था। बता दें कि मौलाना फजलुर रहमान प्रमुख इस्लामी विद्वान और पाकिस्तान की संसद में विपक्ष के पूर्व नेता हैं। आंतरिक दरारों के बीच नई पहल न्यूज18 ने शीर्ष खुफिया सूत्रों के हवाले से लिखा है कि यह कदम ऐसे समय में उठाया गया जब पाकिस्तान की राजनीतिक और सैन्य व्यवस्था में आंतरिक दरारें गहराती जा रही हैं- खासकर पंजाबी और पश्तून वर्गों के बीच तनाव बढ़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि मौलाना का यह शांति संदेश खुद को एक क्षेत्रीय शांति दूत के रूप में पेश करने की कोशिश है, वो भी ऐसे समय में जब भारत-पाक रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हैं।

**पश्तून असंतोष की आवाज :** डेरा इस्माइल खान के रहने वाले मौलाना फजलुर रहमान पश्तून समुदाय से आते हैं और उन्होंने हाल के महीनों में खुद को पश्तून असंतोष की राजनीतिक आवाज के रूप में पेश किया है। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि यह घटनाक्रम पाकिस्तान के भीतर बढ़ती जातीय असंतुष्टि से गहराई से जुड़ा है। कई पश्तून मूल के राजनेता और सेना अधिकारी जनरल असीम मुनीर के नेतृत्व में खुद को हाशिये पर धकेले जाने से असंतुष्ट बताए जा रहे हैं।

**सेना में बढ़ता मतभेद :** पाकिस्तान की सत्ता संरचना में एक शांत लेकिन गहरी दरार उभर रही है। पंजाबी प्रभुत्व वाले सेना नेतृत्व और उपेक्षित पश्तून गुटों के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। पाकिस्तान आर्मी और आईएसआई के कुछ मध्य-स्तरीय व सेवानिवृत्त पश्तून अधिकारी मौलाना के अमन नैरेटिव को समर्थन दे रहे हैं। वे इसे जनरल मुनीर के बढ़ते प्रभाव के संतुलन के रूप में देखते हैं। मौलाना की भारत यात्रा की इच्छा कई उद्देश्यों को साधने की कोशिश हो सकती है। एक ओर यह नई दिल्ली की प्रतिक्रिया परखने का माध्यम हो सकती है, तो दूसरी ओर यह इस्लामाबाद में मौजूदा सत्ता समीकरणों को चुनौती देने का प्रतीक भी होगी। मौलाना की पहल को सेना की कठोर नीति के विपरीत जनकेंद्रित और नरम दृष्टिकोण के रूप में देखा जा रहा है। सीनेटर कमरान मुर्तजा ने बताया कि मौलाना पहले भी भारत आ चुके हैं- 2002 और 2003 में, जब दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण थे। उन दौरों के दौरान उन्होंने बाल ठाकरे समेत एनडीए सरकार के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी, और संवाद की दिशा में पहल की थी। खुफिया सूत्रों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान से जुड़े कई अधिकारी भारत के प्रति बढ़ते आक्रामक रुख का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि बढ़ती दुश्मनी सीमा इलाकों में अस्थिरता और गरीबी को और गहरा कर रही है।

### इक्वाडोर के राष्ट्रपति पर जानलेवा हमला, काफिले पर चलाई गईं गोलियां; बाल-बाल बचे

**क्वीटो, एजेंसी।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ पर जानलेवा हमला हुआ है। दरअसल करीब 500 प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति नोबोआ के काफिले पर हमला किया और पत्थर मारे। गनीमत रही कि इस हमले में राष्ट्रपति नोबोआ को चोट नहीं पहुंची और वे सुरक्षित हैं। इक्वाडोर सरकार के मंत्री इनेस मानजानो ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि राष्ट्रपति पर हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जानलेवा हमले की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि कार पर गोलियां चलने का पता चला है। फिलहाल पुलिस ने पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से बताया गया है कि सभी आरोपियों के खिलाफ आतंकवाद और जान लेने की साजिश रचने के आरोप लगेंगे। राष्ट्रपति नोबोआ पर हमला राष्ट्रीय मूल नागरिक संघ के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ। यह संघ बीते दो हफ्ते से विरोध प्रदर्शन कर रहा है। प्रदर्शनकारी सरकार के उस फैसले का विरोध कर रहे हैं, जिसमें डीजल सब्सिडी को सरकार ने घटाकर कम कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से छोटे किसान और मूल नागरिक समाज के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। संघ के एक विरोध प्रदर्शन के दौरान ही राष्ट्रपति नोबोआ के काफिले पर हमला हुआ।

### चीन के 20 जे-10सीई लड़ाकू विमान खरीदने की योजना बना रहा बांग्लादेश, 2.2 अरब डॉलर का करेगा सौदा



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने 2.2 अरब डॉलर के सौदे में 20 चीनी जे-10सीई लड़ाकू विमानों को खरीदने की योजना बनाई है। यह सौदा प्रशिक्षण, रखरखाव और अन्य संबंधित खर्चों को भी कवर करेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में सरकारी दस्तावेजों के हवाले से कहा गया, बांग्लादेश 2026 और 2027 के दौरान इन लड़ाकू विमानों को प्राप्त करेगा, ताकि वायुसेना को आधुनिक बनाया जा सके और देश की वायु रक्षा को मजबूत किया जा सके। हालांकि, इस सौदे की अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि भुगतान दस वित्तीय वर्षों में (यानी 2036 तक) किया जाएगा। जब रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो वित्त सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद ने कहा, मैं इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। उन्होंने कहा, क्या सिर्फ इसलिए कि मुझे कुछ पता है, मुझे सब कुछ बताना जरूरी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जे-10सीई चीन के जे-10सी का निर्यात संस्करण है, जो पहले ही चीनी वायुसेना में सेवा में है। पाकिस्तान ने मई में भारत के साथ चार दिन के सैन्य संघर्ष के दौरान चीनी जे-10सी विमानों का उपयोग किया था। रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के कार्यालय ने प्रत्येक विमान की कीमत 60 मिलियन डॉलर और पूरे बेड़े की कीमत 1.2 अरब डॉलर आंकी है, जबकि प्रशिक्षण, उपकरण और ढुलाई पर 820 मिलियन डॉलर खर्च होंगे। बीमा, वैट, एजेंसी कमीशन, नागरिक कार्यों और अन्य खर्चों को जोड़ने पर कुल लागत 2.20 अरब डॉलर हो जाती है। मार्च में अंतरिम सरकार के प्रमुख के कार्यालय ने कहा था कि यूनुस ने चीन की अपनी यात्रा के दौरान लड़ाकू विमानों की खरीद पर चर्चा की थी, जिस पर चीन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। रक्षा विश्लेषक मेजर जनरल एएनएम मुनिरुज्जमान ने कहा कि वायुसेना लंबे समय से नए लड़ाकू विमानों को खरीदने की योजना बना रही है। लेकिन यह मामला अभी मूल्यांकन के चरण में है। उन्होंने कहा, आज दुनिया में एक नया भू-राजनीतिक विभाजन है, इसलिए किसी भी देश से विमान खरीदने से पहले भू-राजनीतिक प्रभाव का विश्लेषण करना जरूरी है।

## बांग्लादेश में हिल्सा मछली को बचाने जंगी जहाज तैनात : हेलिकॉप्टर से निगरानी भी हो रही

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिल्सा मछली को अवैध रूप से पकड़ने से बचाने के लिए सेना की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी [illegible] की रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए 17 वॉर शिप और गश्ती हेलिकॉप्टर तैनात किए गए हैं। ये जहाज और गश्ती विमान घरेलू और विदेशी मछुआरों को गहरे समुद्र में घुसपैठ से रोकने के लिए 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। बांग्लादेशी अधिकारियों ने कहा है कि 4 से 25 अक्टूबर तक हिल्सा मछली के प्रजनन वाले इलाके में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**2200 रुपए प्रति किलो पर बिकती हिल्सा मछली :** हिल्सा को बांग्लादेश में इलिश मछली भी कहा जाता है। यह बांग्लादेश की राष्ट्रीय मछली है और इसे वहां पर 'मां' का दर्जा दिया गया है। हिल्सा प्रजनन के लिए हर साल अंडे देने के लिए समुद्र (गर्म पानी) से नदियों (ठंडे पानी) की ओर लौटती है। हिल्सा मछली पर लाखों लोग निर्भर हैं। ढाका में फिलहाल इसकी कीमत 2800 से 3000 टका (2050 से 2200 रुपए) प्रति किलोग्राम है। भारत के पश्चिम बंगाल में भी यह मछली बहुत पसंद की जाती है और महंगी कीमत पर बिकती है। भारतीय मछुआरे गंगा नदी और उसके डेल्टा के खारे पानी में मछली पकड़ते हैं, जिससे कोलकाता और पश्चिम बंगाल की जरूरतें पूरी होती हैं। लेकिन ज्यादा मछली पकड़ने से हिल्सा के प्रजनन के समय मछली का स्टॉक कम हो सकता है।

**एक्सपर्ट बोले- हिल्सा को प्रजनन के लिए शांत पानी की जरूरत :** पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और समुद्र के जलस्तर का बढ़ना हिल्सा मछली के स्टॉक पर असर डाल रहा है। इसके साथ ही यह डर भी है कि नौसेना के जहाज हिल्सा के प्रजनन के दौरान शांत पानी में बाधा डाल सकते हैं। वर्ल्ड फिश की परियोजना के पूर्व प्रमुख मोहम्मद अब्दुल वहाब ने कहा कि हिल्सा को प्रजनन के लिए शांत और निर्बाध पानी चाहिए और इसके लिए ड्रोन का इस्तेमाल बेहतर होगा। बांग्लादेश सरकार ने प्रजनन अवधि में मछुआरों की मदद के लिए हर मछुआरे परिवार को 25 किलोग्राम चावल दिया है, लेकिन कुछ लोगों का कहना है कि यह पर्याप्त नहीं है।

## कैलिफोर्निया में दिवाली बनी सरकारी छुट्टी, गवर्नर गेविन न्यूसम ने रचा इतिहास



**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में अब दिवाली आधिकारिक तौर पर राज्य की छुट्टियों की सूची में शामिल हो गई है। मंगलवार को कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने असेंबली बिल 268 पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप दे दिया। इस कानून के तहत अब कैलिफोर्निया के सरकारी कर्मचारी, कम्युनिटी कॉलेज, और सरकारी स्कूल दिवाली पर छुट्टी ले सकेंगे। इसके साथ ही, स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को दिवाली के अर्थ और महत्व पर कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति भी दी गई है।

**क्या है बिल एबी 268 :** इस बिल में कहा गया है कि राज्य के कर्मचारी दिवाली के दिन वेतन सहित अवकाश ले सकते हैं। स्कूल और कॉलेज दिवाली के दिन बंद रह सकते हैं। शैक्षणिक संस्थान दिवाली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं। भारतीय समुदाय में खुशी की लहर इस फैसले से कैलिफोर्निया में रह रहे करीब 10 लाख दक्षिण एशियाई मूल के लोगों, खासतौर पर भारतीय और भारतीय-अमेरिकी समुदाय में, खुशी की लहर दौड़ गई है। अजय भूटोरिया, जो पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के पूर्व सलाहकार रहे हैं और सिलिकॉन वैली के प्रसिद्ध उद्यमी और समाजसेवी हैं, ने इस फैसले की सराहना की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, धन्यवाद गवर्नर गेविन न्यूसम, जिन्होंने दिवाली को कैलिफोर्निया की राज्य छुट्टी बनाया। असेंबली मेंबर आश कालरा और दर्शन पटेल का भी आभार जिन्होंने इस बिल को मंजिल तक पहुंचाया, यह रोशनी, एकता और विविधता का उत्सव है।

**नवाचार - संस्कृति को नई ऊंचाइयां :** अजय भूटोरिया ने आगे कहा, आज कैलिफोर्निया की समावेशिता की यात्रा में एक उवल मील का पत्थर जुड़ा है। दिवाली आशा पर निराशा की, एकता पर विभाजन की, और ज्ञान पर अज्ञान की जीत का प्रतीक है, यह संदेश यहां रहने वाले हर दक्षिण एशियाई के दिल में गूंजता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय सिर्फ एक अवकाश नहीं, बल्कि भारतीय प्रवासियों के योगदान और उनकी विरासत का सम्मान है। सिलिकॉन वैली के टेक विशेषज्ञों से लेकर दक्षिण कैलिफोर्निया के स्वास्थ्यकर्मियों तक, भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने राज्य की अर्थव्यवस्था, नवाचार और संस्कृति को नई ऊंचाइयां दी हैं।

**शुभ दीपावली - प्रगति के दीप जलते रहें :** उन्होंने कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा, जैसे हम 20 अक्तूबर को दिवाली मनाने की तैयारी कर रहे हैं, यह कदम हमें गर्व, अपनापन और सामूहिक सौहार्द की नई रोशनी देगा।

# बाइडन ने उपराष्ट्रपति रहते छिपाई थीं यूक्रेन में भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें, सीआईए की फाइलों से हुआ खुलासा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी के पुराने रिकॉर्ड से एक बड़ा खुलासा हुआ है। इन फाइलों के मुताबिक, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और उस समय के उपराष्ट्रपति जो बाइडन ने दिसंबर 2015 में यूक्रेन यात्रा के दौरान भ्रष्टाचार पर जो भाषण दिया था, उसके पीछे एक बड़ी कहानी छिपाई गई थी। यूक्रेन के अधिकारियों ने उस समय अमेरिकी रुख को दोहरा मापदंड बताया था, लेकिन यह नाराजगी अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट से हटा दी गई थी। यह जानकारी हाल ही में उजागर की गई सीआईए की फाइलों से सामने आई है। दिसंबर 2015 में जो बाइडन ने यूक्रेन की राजधानी कीव का दौरा किया था, वहां उन्होंने यूक्रेनी संसद में भाषण देकर कहा था कि भ्रष्टाचार कैंसर की तरह है और इसे जड़ से खत्म करना होगा। इस भाषण के बाद यूक्रेनी अधिकारी नाराज थे। उनका कहना था कि अमेरिका खुद भ्रष्टाचार पर दोहरी नीति अपना रहा है, क्योंकि उस समय बाइडन के बेटे हंटर बाइडन यूक्रेन की ऊर्जा कंपनी बुरिज्मा होल्डिंग्स में काम कर रहे थे और हर साल लगभग 1 मिलियन डॉलर का मेहनताना ले रहे थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने निजी तौर पर कहा था कि जब अमेरिका ही इस तरह के पारिवारिक संबंधों को नजरअंदाज कर रहा है, तो उसे दूसरों को भ्रष्टाचार पर भाषण देने का कोई हक नहीं बनता। सीआईए की उजागर की गई फाइलों के अनुसार, यूक्रेन की इस नाराजगी की रिपोर्ट तैयार तो हुई थी, लेकिन इसे तत्कालीन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कॉलिन काह्ल के अनुरोध पर राष्ट्रपति के दैनिक खुफिया ब्रीफ (पीडीबी) में शामिल नहीं किया गया। सीआईए के एक अधिकारी की तरफ से 10 फरवरी 2016 को भेजे गए ईमेल में साफ लिखा गया- काह्ल चाहते हैं कि यह रिपोर्ट प्रसारित न की जाए। यह ईमेल उस समय राष्ट्रपति बराक ओबामा को रोजाना ब्रीफ देने वाले अधिकारी माइकल डेम्पसी ने भेजा था। डेम्पसी सीधे खुफिया प्रमुख जेम्स क्लैपर को रिपोर्ट करते थे। बता दें कि क्लैपर पर पहले से ही रूसगेट स्कैंडल में भूमिका को लेकर जांच के दायरे में हैं। राष्ट्रपति की दैनिक खुफिया रिपोर्ट में दुनिया भर की अहम राजनीतिक और सुरक्षा जानकारियां दी जाती हैं ताकि अमेरिकी राष्ट्रपति समय रहते किसी भी संकट से निपटने की तैयारी कर सकें। यूक्रेन की इस नाराजगी को रिपोर्ट से हटा देना यह दिखाता है कि अमेरिकी प्रशासन ने उस समय बाइडन परिवार से जुड़े विवाद को छुपाने की कोशिश की थी। इसके अलावा, इसी दौरान अमेरिकी मीडिया में भी हंटर बाइडन के यूक्रेन से जुड़े वित्तीय लेनदेन पर सवाल उठ रहे थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने इस अमेरिकी मीडिया कवरेज को दोहरा रवैया कहा था। इन पुरानी फाइलों को हाल ही में सीआईए के आंतरिक समीक्षा अभियान के दौरान खोजा गया। यह जांच अभियान जॉन रैटक्लिफ के निर्देश पर हुआ, जो उस समय सीआईए निदेशक थे।

### रूस की तरफ से जंग लड़ रहे भारतीय-छात्र का सरेंडर:यूक्रेन ने वीडियो जारी किया; जेल से बचने के लिए सेना में शामिल हुआ था



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेनी मीडिया ने मंगलवार को दावा किया कि उनकी सेना ने एक भारतीय युवक को पकड़ा है, जो रूस की तरफ से यूक्रेन में युद्ध लड़ रहा था। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि यूक्रेनी सेना द्वारा पकड़ा गया युवक 22 साल का मजोती साहिल मोहम्मद है, जो गुजरात के मोरबी का निवासी बताया जा रहा है। अभी भारत सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है और फिलहाल यूक्रेनी दावे की पुष्टि के लिए जांच की जा रही है।

**पढाई के लिए रूस गया था मजोती साहिल मोहम्मद :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कीव स्थित भारतीय दूतावास को भी अभी तक यूक्रेन की तरफ से कोई आधिकारिक संचार नहीं मिला है। यूक्रेनी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय युवक मजोती साहिल मोहम्मद पढ़ाई के लिए रूस गया था, लेकिन ड्रग्स संबंधी एक मामले में दोषी पाए जाने के बाद उसे रूस में सात साल जेल की सजा सुनाई गई थी। यूक्रेनी सेना की 63वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड ने मजोती साहिल मोहम्मद की वीडियो रिकॉर्ड कर जारी की है, उसमें साहिल ने बताया कि उसे रूसी अधिकारियों की तरफ से एक ऑफर दिया गया, जिसमें कहा गया कि अगर वह एक कॉन्ट्रैक्ट साइन करके रूसी सेना में सेवाएं दे तो उसकी सजा माफ हो सकती है। साहिल रूसी सेना में शामिल हो गया, लेकिन जल्द ही उसने यूक्रेनी सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। यूक्रेनी मीडिया के अनुसार, साहिल का कहना है कि वह लड़ाई नहीं लड़ना चाहता और उसे मदद चाहिए। उसने रूस वापस जाने से भी इनकार कर दिया। उसने कहा है कि या तो वह यूक्रेन में रहना चाहता है या फिर भारत वापस लौटना चाहता है। साहिल ने बताया कि उसे रूस की तरफ से सेना में सेवाएं देने के बदले 1200 से 18000 अमेरिकी डॉलर की सैलरी देने की बात भी कही गई थी, लेकिन उसे कभी कोई पैसा नहीं मिला।

माजोती ने कहा कि वह रूस वापस नहीं जाना चाहता। उसने यह भी बताया कि उसे सेना में शामिल होने का पैसा देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे कुछ नहीं मिला। यूक्रेन ने कई विदेशी सैनिकों को रूस के लिए लड़ते पकड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने भारत जैसे देशों के लोगों को नौकरी या पढ़ाई का लालच देकर सेना में भर्ती किया। भारत सरकार ने पिछले महीने रूस से मांग की थी कि वो अपनी सेना में भारतीयों को भर्ती बंद कर दे। साथ ही यह भी कहा था कि पहले से सेना में शामिल हुए भारतीय नागरिकों को भी छोड़ दिया जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जनता को सलाह दी थी कि वे रूस की सेना में भर्ती होने के किसी भी प्रस्ताव पर ध्यान ना दें क्योंकि इसमें खतरा है।

# ट्रंप के गुणगान करते नजर आए कनाडा के पीएम कार्नी, भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने का दिया श्रेय



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफ करते हुए उन्हें भारत और पाकिस्तान समेत कई देशों के बीच शांति स्थापित करने का क्रेडिट दिया। व्हाइट हाउस में हुई बातचीत के दौरान कार्नी ने कहा, आप एक परिवर्तनकारी और खास राष्ट्रपति हैं। आपने अर्थव्यवस्था में बदलाव किया, नाटो देशों से रक्षा खर्च बढ़वाया और भारत-पाकिस्तान से लेकर अजरबैजान-आर्मेनिया तक शांति बहाल की। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी इस साल दूसरी बार अमेरिका दौरे पर पहुंचे हैं। पीएम कार्नी के साथ कनाडा के व्यापार मंत्री डोमिनिक ले ब्लैंक, विदेश मंत्री अनीता आनंद और उद्योग मंत्री मेलानी जोली भी अमेरिका पहुंची हैं।

**ट्रम्प बोले- कनाडा-स का विलय हो सकता है :** ओवल ऑफिस में कार्नी के साथ प्रेस से बात करते हुए ट्रम्प ने मजाक में कहा कि कनाडा और अमेरिका मर्ज हो सकते हैं। कार्नी ने इस मजाक को टाल दिया और कहा कि वह ट्रम्प की गाजा-इजराइल शांति योजना का समर्थन करते हैं और कनाडा इस में मदद करेगा। कार्नी ने ट्रम्प को शुक्रिया कहा और उन्हें स्पेशल राष्ट्रपति बताया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने ईरान को कमजोर किया।

**भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने का 50 से ज्यादा बार दावा कर चुके :** इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को एक भाषण में दावा किया कि उनके टैरिफ की ताकत ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका। उन्होंने कहा था, अगर मेरे पास टैरिफ की ताकत नहीं होती, तो सात में से चार युद्ध चल रहे होते। भारत और पाकिस्तान में तनाव था, सात विमान मार गिराए गए थे। मेरी बात बहुत प्रभावी थी। ट्रम्प ने मई से अब तक करीब 50 बार दावा किया है कि उनकी मध्यस्थता से भारत-पाक में शांति हुई। हालांकि, भारत ने तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की बात को खारिज किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों के बीच सीधी बातचीत से 10 मई को युद्धविराम हुआ।

**ट्रम्प बोले- कार्नी ने मुझे काफी फेमस कर दिया :** ट्रम्प ने कार्नी की तारीफ की और मजाक में कहा कि कनाडाई पीएम ने उन्हें काफी मशहूर कर दिया। उन्होंने कहा कि हम दोनों का रिश्ता शुरू से अच्छा है, लेकिन कुछ छोटी-मोटी असहमतियां हैं, जिन्हें सुलझा लेंगे। ट्रम्प ने बताया कि आज की बातचीत में टैरिफ पर भी चर्चा होगी, लेकिन यह नहीं बताया कि कनाडा पर लगा टैरिफ हटाएगा या नहीं। ट्रम्प ने गाजा युद्ध का जिक्र किया और कहा कि वहां शांति हो सकती है। उनकी टीम वहां काम कर रही है और दुनिया के कई देश उनकी शांति योजना के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कुछ बड़ा हो सकता है, लेकिन तब तक अमेरिका और कनाडा कुछ व्यापारिक समझौते करेंगे।

**शटडाउन पर कहा- अपने कर्मचारियों का ख्याल रखेंगे :** अमेरिकी में जारी शटडाउन पर सवाल पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि वे अपने कर्मचारियों का ख्याल रखेंगे, लेकिन कुछ लोग जो सही नहीं हैं, उनके लिए अलग व्यवस्था होगी। ट्रम्प ने कनाडा के साथ व्यापार को मुश्किल बताया, क्योंकि दोनों देशों के बीच कुछ असहमतियां हैं। फिर भी, उन्होंने कहा कि वे कनाडा और उसके लोगों से प्यार करते हैं। ट्रम्प ने कहा कि दोनों देशों का रिश्ता काफी बेहतर हुआ है और वे इन असहमतियों को सुलझा लेंगे। स्टील टैरिफ पर उन्होंने कहा कि वह अपना स्टील खुद बनाना चाहते हैं, लेकिन कनाडा को भी फायदा पहुंचाना चाहते हैं।

# हेल्थ प्लस

## चर्बी घटाने के लिये रोजाना पीयें तीन प्याला हरी चाय



**निस्संदेह** कसरत करना चर्बी घटाने का बेहतर तरीका है लेकिन एक नया शोध कहता है कि वजन कम करने में रोजाना तीन प्याला हरी चाय भी मददगार हो सकती है।

डेली मेल के अनुसार एक अंतरराष्ट्रीय समूह ने यह शोध किया और पाया कि रोजाना तीन प्याला हरी चाय पीने से जंक फूड लेने के बावजूद अतिरिक्त चर्बी घटाने में मदद मिल सकती है। शोधकर्ताओं के मुताबिक हरी चाय ज्वलनशील रसायन उत्पन्न करती है जो चर्बीयुक्त कोशिकाएं बनने से रोकते हैं। ये रसायन उच्च रक्त चाप को भी नियंत्रित करते हैं।

क्विंसलैंड यूनिवर्सिटी के प्रमुख शोधकर्ता डा. लिंडसे ब्राउन और उनके साथी हरी चाय, स्पीयरमिंट, अंगूर की जड़ों और जैतून की पत्तियों के मिश्रण से बनी चाय स्पीरोल टी के प्रभाव का अध्ययन करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे।

चूहों के एक समूह को चीनी युक्त आहार दिया गया। इससे उनके पेट के आसपास की चर्बी आठ सप्ताह में बढ़कर दोगुनी हो गयी। उनका रक्तचाप भी बढ़ गया। जब से उन्हें स्पीरोल टी देना शुरू की गयी, उनके पेट का आकार और रक्तचाप सामान्य हो गया।

## उबासी में हैं बड़े गुण

उबासी पर आए नए शोध न केवल मानव शरीर के आंतरिक क्रियाओं के रहस्यों को जानने में मददगार साबित हो रहे हैं, बल्कि कुछ और रहस्यों से पर्दा भी उठा रहे हैं।

**मानव** और उसके सच्चे साथी कहे जाने वाले कुत्ते के बीच संबंधों का तानाबाना तलाशते-तलाशते बात उबासी तक पहुंच गई है। लंदन के वर्कबैक कॉलेज द्वारा कराए गए हालिया शोध में कुछ ऐसा ही दावा किया गया है। उबासी पर प्रयोगों में साबित हुआ है कि मानव शरीर की तमाम क्रियाओं के प्रति कुत्ते की संवेदनशीलता का नजदीकी संबंध है।



शोध में 29 कुत्तों को लिया गया और पाया गया कि उसके नजदीक मनुष्य को यदि उबासी आती है तो 72 प्रतिशत मामलों में उसके नजदीक बैठे कुत्तों को भी उबासी आती है। इसको इस तरह से भी देखा जा रहा है कि मनुष्य की आंतरिक क्रियाओं के के प्रति कुत्तों की संवेदनशीलता के तार उससे भी ज्यादा जुड़े हो सकते हैं जहां तक मनुष्य ने समझा है।

उबासियों को मानव शरीर की क्रियाओं की शुरूआत के तौर पर भी देखा जाता है, मसलन उबासी के बाद ही यूस्टेचियन ट्यूब खुलती है, फेफड़े फूलते हैं और एक झटके से मनुष्य की सुस्ती दूर हो जाती है। उबासियों का मनुष्य की तंत्रिका तंत्र से कितना गहरा लगाव है इसको इस तरह से भी समझा जा सकता है कि स्ट्रोक के शिकार व्यक्ति को भी उबासी के दौरान उसके लकवाग्रस्त अंगों में हरकत आ जाती है। स्ट्रोक से प्रभावित व्यक्ति पर यह प्रयोग ब्रिटेन की एक प्रयोगशाला में सर फ्रांसिस वाल्श के नेतृत्व में हो रहे हैं। इन्हीं प्रयोगों के रहस्यों से पर्दा उठाकर वैज्ञानिक लकवाग्रस्त अंगों को फिर से ठीक करने की जुगत लगा रहे हैं।

**अब तक के शोध के कुछ बिंदु**

अमूमन एक उबासी का चक्र 6 सेकेंड में पूरा हो जाता है। यह कभी आधी-अधूरी नहीं होती।

उबासी रीढ़धारी जीवों में आदि काल से मानी जाती है। वैज्ञानिक मानते हैं कि एक-दूसरे की देखादेखी उबासी लेने की प्रक्रिया बाद में शुरू हुई होगी।

मनुष्य की एक प्रक्रिया से दूसरे में जाते समय भी उबासी के लक्षण तंत्रिका तंत्र की खास प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है। मसलन नींद से जागने, जागने से सोते जाते समय या फिर ऐसी ही क्रियाओं के समय भी उबासी के लक्षण इस बात का प्रमाण हैं।

त्रिविमीय स्केनरों के आने के बाद यह सिद्ध हो गया है कि गर्भ में दो महींने का बच्चा भी उबासियां लेने लगता है।

## बढ़ते बच्चों की फिटनेस



**फिट** रहने की चाह आजकल सब में बढ़ती जा रही है। इस मॉडर्न दौर में लोग अपने आप को फिट रखने के लिए अधिक से अधिक प्रयास कर रहे हैं और जो होना भी चाहिए।

अगर पैरेन्ट्स यह आदत बच्चों में शुरू से ही डाल दें कि शरीर को फिट रखना अच्छी सेहत के लिए कितना जरूरी है तो वे शुरू से ही फिट रहेंगे।

**बच्चों की फिटनेस के लिए कुछ खास बातों पर ध्यान दें-**

बच्चों को डेली रूटीन में एक्सरसाइज करनी चाहिए, जो सुबह या शाम के समय में कर सकते हैं। जो बच्चे जिम में जाते हैं वे इस बात का ध्यान रखें कि हैवी वेट एक्सरसाइज उन्हें नहीं करनी चाहिए। लाइट वेट एक्सरसाइज, कार्डियो, एरोबिक्स, स्ट्रैचिंग और योगा ही करनी चाहिए और इसके अलावा पार्क में फुटबाल, वॉलीवाल और जोगिंग भी कर सकते हैं। गर्मियों में स्वीमिंग करना भी अच्छी एक्सरसाइज है।

बच्चों की अच्छी डाइट भी फिटनेस के लिए बहुत जरूरी है। बच्चों को प्रोटीन, विटामिन्स, कार्बोहाइड्रेट्स सही मात्रा में मिलना चाहिए क्योंकि बच्चों के मसल्स डवलप होते समय उनको यह मिलने से उनकी ग्रोथ भी अच्छी होगी। इन सब बातों का ध्यान देने से बच्चे फिट और सही हाइट का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

## जल आधारित भोजन से कुछ घटता ही है वजन

**पानी** जीवन का आधार, बिन पानी सब सून। पहले प्यास बुझाने के लिए पानी पिया जाता था, बाद में शोधों से पता चला कि पानी में ढेरों औषधीय गुण विघमान हैं, चुनांचे ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जाने लगी। अब विज्ञानी नई खबर लेकर आए हैं और वह यह कि अगर स्लिम-ट्रिम होने के लिए आप गिलास पर गिलास पानी पेट में उतार रहे हैं तो समझ लें समय बरबाद कर रहे हैं। यानी ज्यादा पानी पीने से किसी भी सूरत में वजन कम नहीं होता है।



डायटीशियन लोगों को रोजाना कम से कम आठ गिलास पानी पीने की सलाह देते हैं। पानी का वजन पर पड़ने वाले प्रभाव के आकलन के लिए वैज्ञानिकों ने हाल में कई शोध किए। इनमें से एक रिसर्च में उन्होंने 1000 महिलाओं के बेट और वेस्ट यानी वजन और कमर के आकार का अध्ययन इस आधार पर किया कि वे प्रतिदिन कितना पानी पी रही हैं और उसे किस रूप में ले रही हैं। शोधकर्ता यह जानकर हैरान रह गए कि वजन कम करने के लिए ये महिलाएं ज्यादा पानी पी रही थीं, लेकिन अधिक पानी तथा वेट लूज में किसी तरह का कोई संबंध नही बन पा रहा था। अलबत्ता एक अच्छी सूचना यह हाथ लगी कि इन 1000 महिलाओं में से जो जल आधारित भोजन ले रही थीं, उनके वेस्ट के आकार में मामली-सा बदलाव आया था। विज्ञानियों का कहना है कि इस फाइंडिंग के बाद सही तो यह होगा कि वे सभी लोग जो वजन कम करने के अभियान से जुटे हैं, ज्यादा पानी के बजाए फल, सब्जियां, जूस तथा सूप आदि लें। इससे शरीर को आवश्यक पोषक तत्व मिलेंगे और फाइबर अतिरिक्त चर्बी घटाने में मदद करेगा। इसके अलावा चाय, कॉफी और सॉफ्ट ड्रिंक्स तो हैं ही। पानी को वेट लूजर के रूप में इस्तेमाल करने के बारे में वैज्ञानिकों ने चेताया है कि ज्यादा पानी पी लेने से भूख कम लगती है। इसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है और व्यक्ति लो ब्लडप्रेशर का शिकार हो जाता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका कतई यह मतलब नहीं है कि कम पानी पिया जाए। स्थान विशेष की जलवायु के हिसाब से शरीर खुद पानी की मांग करता है और उस मांग की आपूर्ति बेहद जरूरी है। पानी के बहाने शोधकर्ताओं ने एक अहम चेतावनी भी दी है। उनका कहना है कि पॉली या प्लाटिस्क की बोतलों में पैक पानी सेहत के लिए हानिकारक होता है। पानी को बॉटल में प्रोसेस करते समय कुछ कैमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो दिल के दौरों के खतरे को दोगुना कर देते हैं।

## आयु बढ़ाता है विटामिन 'डी'



**लंबी** आयु चाहते हैं तो नियमित तौर पर कुछ समय सूर्य के प्रकाश में गुजारा करें। एक नए अध्ययन के अनुसार सूर्य के प्रकाश से शरीर में विकसित होने वाला विटामिन डी मृत्यु दर को कम करता है। पहले हुए अध्ययनों ने भी इस आर संकेत दिया था कि सूर्य के प्रकाश से संभवतः कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ होते हैं जिनमें कैंसर, धमनियों की बीमारी और दमे से बचाव शामिल हैं। आस्ट्रिया के ग्राज विश्वविघालय ने पाया है कि सूर्य के प्रकाश से प्राप्त होने वाला विटामिन डी मृत्यु दर में कमी लाता है। यही विटामिन कैल्शियम के अवशोषण में शरीर को मदद करता है। 'दी डेली टेलीग्राफ' के अनुसार मुख्य अनुसंधानकर्ता हेराल्ड डोबनिग का कहना है कि यह पहला संयुक्त अध्ययन है जिसमें यह पता चला है कि विटामिन डी मृत्यु दर को प्रभावित करता है और इसका मृत्यु के प्राथमिक कारण से कोई लेना देना नहीं है। दूध और सालमोन मछली में विटामिन डी पाया जाता है। इसकी कमी से बच्चों को रिकेट्स बीमारी और बड़ों को गठिया हो सकता है। अध्ययन में औसतन 62 वर्ष आयुवर्ग के 3200 से अधिक लोगों का अनुसंधानकर्ताओं ने परीक्षण किया।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-3-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-6


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-6-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 2612




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 2611 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

गीता (अपने प्रेमी से)- रमन देखो! सामने खिड़की में जो तोता-मैना बैठे हैं, दोनों रोजाना यहाँ आते हैं। साथ-साथ बैठते हैं, प्यार भरी मीठी-मीठी बाते? करते हैं और चहचहाते रहते हैं और एक हम हैं कि हमेशा लड़ाई-झगड़ा करते ही रहते हैं।

प्रेमी (प्रेमिका से)- हाँ सही है! लेकिन तुमने उनकी एक खास बात पर ध्यान नहीं दिया, देखो यहाँ बैठने वाले जोड़े में से रोजाना तोता तो वही होता है, पर मैना रोज नई-नई होती है।


□ □ □

एक बार एक कार्यस्थल पर तीन छोटे-छोटे बंदर उधम मचाते हुए अंदर घुस गए। उनके गले में तीन तख्तियाँ टंगी हुई थी, जिनमें लिखा हुआ था, बुरा देखो, बुरा सुनो और बुरा बोलो। वहाँ बैठे एडिटर साहब गाँधीजी के तीन वाक्यों का अनादर होते देख उबल पड़े और बोले- ये वाक्य उल्टे कैसे हो गए?

तभी एक शरारती बंदर बोला- आप जानते नहीं अब हम भी एडिटर हो गए है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 2612



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शमिता की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम इतना बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरूख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी ?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजु निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, जीनत की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ उड़ जाये' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत नें दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ऐ चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'ऑखों में नींदें ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2611

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | रू | द | | र | | का | ला | पा | नी |
| बु | | रा | व | ण | रा | ज | | प | |
| ल | की | र | | भू | | ल | क्ष्य | | ह |
| | म | | दा | मि | नी | | | खे | ल |
| जी | त | | मा | | य | ती | म | | च |
| वा | | कु | द | र | त | | हा | सि | ल |
| | मि | ली | | ज | | जी | न | त | |
| जीं | स | | सु | नी | ल | | | म | न |
| | मे | ला | | गं | | | जा | | सी |
| नू | री | | अं | धा | का | नू | न | | ब |

## सूडोकु -2612


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2611 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

## शब्द पहेली - 2612



**बाएँ से दाएँ**

1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लज्जाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा-2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

### शब्द पहेली - 2611 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |

## मध्य प्रदेश को अगले 6 महीने में बनाएं नक्सल मुक्त प्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कलेक्टर्स जिले के प्रशासनिक मुखिया होने के साथ-साथ जिला दण्डाधिकारी भी हैं, इसीलिए जिले में कानून व्यवस्था की बहाली सुनिश्चित करने की पहली जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिलों में खुद का प्रभावी सूचना तंत्र विकसित करें, ताकि किसी भी घटना या दुर्घटना की सूचना तत्काल प्राप्त हो और समय पर नियंत्रण किया जा सके। किसी घटना या दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे। इससे घटना या दुर्घटना और अधिक बड़ा रूप नहीं लेंगी। जिला अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से स्थिति नियंत्रण में बहुत मदद मिलती है। कलेक्टर एवं एसपी दोनों में उच्च कोटि का तालमेल होना चाहिए। दोनों संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर जिले की कानून व्यवस्था की निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के दृष्टिगत ऐसी संवेदनशील बस्तियां जहां सड़कें सकरी हैं, तथा फोर्स मूवमेंट में समस्या आती है, सभी कलेक्टर्स ऐसे स्पॉट्स/जगहों को चिन्हित कर वहां का जोनल प्लान स्थानीय नगरीय निकायों के सहयोग से अगले तीन माह में तैयार कर लें, ताकि आवागमन सुगम हो और आवश्यकता पढ़ने पर फोर्स मूवमेंट में समस्या न आए। मुख्यमंत्री ने अगले छह महीने में यानी मार्च 2026 तक मध्य प्रदेश को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए ठोस रणनीति बनाने के लिए कहा।

## देश में बाघों की संख्या में 30 फीसदी का इजाफाः भूपेन्द्र यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बाघों के संरक्षण में भारत की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले दशक में बाघों की संख्या में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और देश में 84,000 वर्ग किलोमीटर में फैले 58 बाघ अभयारण्य हो चुके हैं। भूपेंद्र यादव यहां पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस, आर्ट्स मास्त्रो और उत्तर प्रदेश ईको-टूरिज़्म डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से 2025 ग्लोबल बिग कैट फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।यादव ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक बाघों की हर संभावित भूमि को सुरक्षित करने के लिए काम कर रहे हैं। एशियाई शेरों की संख्या 32 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 891 हो गई है। हिमाचल प्रदेश का कोल्ड डेजर्ट बायोस्फीयर रिजर्व यूनेस्को विश्व नेटवर्क में शामिल हुआ है जो भारत में यह पहला उच्च-ऊंचाई वाला कोल्ड डेजर्ट रिजर्व है। इसके साथ देश में 487 इको-संवेदनशील क्षेत्र बनाए गए हैं, जो वन्यजीवों के आवागमन के लिए मार्ग प्रदान करते हैं। यह सरकार की वन्यजीव संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। वैश्विक फोटोग्राफी प्रतियोगिता के महत्व के बारे में भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इसका विशेष महत्व है क्योंकि यह आगामी वैश्विक बिग कैट संरक्षण शिखर सम्मेलन-2026 से पहले होने वाले शिखर-पूर्व कार्यक्रमों का हिस्सा है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा की विरासत को संजोना हमारी जिम्मेदारीः सह क्षेत्र प्रचारक प्रेम कुमार सिदार

**अंबिकापुर।** भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत को संजोना और उसे वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र प्रचारक प्रेम कुमार सिदार ने श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार के उद्घाटन सत्र में कही। सेमिनार का विषय था 'विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में कला, विज्ञान और प्रबंधन में भारतीय ज्ञान परंपरा'। संपूर्ण कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में संचालित हुआ। सत्र को संबोधित करते हुए सिदार ने कहा कि अंग्रेजों की नीति के कारण भारतीयों में अपने ज्ञान के प्रति हीनभाव उत्पन्न किया गया था। उन्होंने बताया कि वेद, उपनिषद, पुराण, महाभारत और रामायण हमारे ज्ञान के स्त्रोत हैं। विज्ञान, अनुसंधान, चिकित्सा, खगोल और जीवन दर्शन जैसे क्षेत्रों में भारत की खोजें और भारतीय ज्ञान कौशल ने विश्व को समृद्ध किया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भारतीय ग्रंथों का अध्ययन करें, जो हर किसी के लिए पाथेय सिद्ध होंगे। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले और अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती और श्री साई नाथ की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और बैज लगाकर किया गया।

## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 70 लाख के इनामी 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सल प्रभावित माड़ डिवीजन के 70 लाख रुपये के इनामी सहित कुल 16 नक्सलियों ने नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक रॉबिंसन गुड़िया के समक्ष आज आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित 16 नक्सलियों में 9 पुरुष और 7 महिला नक्सली शामिल हैं। समर्पण करने वालों में एक डिप्टी कमांडर स्तर का नक्सली भी है, जो कई बड़ी वारदातों में शामिल रहा है। नारायणपुर एसपी रॉबिंसन गुड़िया ने नक्सलियों के आत्मसमर्पण की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी आत्मसमर्पित नक्सली लंबे समय से अलग-अलग नक्सली दलों से जुड़े थे और नारायणपुर, अबूझमाड़, ओरछा, व बस्तर क्षेत्र में सक्रिय थे। आत्मसमर्पित नक्सलियों में शामिल डिप्टी कमांडर पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें सुरक्षाबलों पर हमला, आईईडी विस्फोट और ग्रामीणों की हत्या जैसे संगीन अपराध शामिल हैं।उन्होंने कहा कि समर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत सहायता और सुरक्षा दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आत्मसमर्पण के बाद सभी नक्सलियों से पूछ-ताछ की जा रही है।

# राम केवल उत्तर भारत में नहीं, दक्षिण के हर घर में विराजते हैं : निर्मला सीतारमण

एजेंसी

**अयोध्या।** अयोध्या के पवित्र बृहस्पति कुंड पर आयोजित ऐतिहासिक समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों श्री त्यागराज स्वामीगल, श्री पुरंदरदास और श्री अरुणाचल कवि की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर निर्मला सीतारमण का उद्बोधन भावनाओं और भक्ति से ओतप्रोत रहा। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में श्रीराम भक्ति केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा है। निर्मला सीतारमण ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दक्षिण भारत के संतों के बारे में जिस विस्तार से बताया, वह अद्भुत है। उन्होंने कहा कि पहले दक्षिण भारत में भाषाई भेदभाव नहीं था, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और



संस्कृत, सभी भाषाओं में कर्नाटक संगीत गाया जाता था, जो एकता का प्रतीक है। वित्त मंत्री ने कहा कि त्यागराज स्वामी ने जीवनभर गरीबी में रहते हुए भी श्रीराम भक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने राजा के श्रेय में गीत गाने से इनकार कर केवल श्रीराम के लिए गीत गाये। उनकी भक्ति ऐसी थी कि हर गीत में श्रीराम की ऊर्जा प्रवाहित होती थी। लोग कहते हैं कि शायद हनुमान जी ने ही त्यागराज के रूप में जन्म लिया था। उन्होंने बताया कि त्यागराज स्वामी का गीत 'सीता कल्याण'दक्षिण भारत में हर विवाह समारोह में गाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी की शादी में भी वही गीत गाये गये थे। निर्मला सीतारमण ने कहा कि रामभक्ति केवल हिन्दी भाषी क्षेत्रों की नहीं है। केरल में आज भी पूरे सिंह मास (अषाढ़) में हर घर में शाम के समय दीप जलाकर भगवान श्रीराम की आराधना की जाती है। पूरे महीने वाल्मीकि रामायण पढ़ी जाती है। यह मूर्त रूप नहीं, बल्कि अमूर्त भक्ति की परंपरा है। यह हमारे देश की सच्ची आत्मा है। उन्होंने तमिल कवि अरुणाचल कवि का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रसिद्ध तमिल काव्य रामनाटकम् में माता सीता के प्रति गहरा सम्मान प्रकट किया।

## सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड पर देशभर में मारे छापे, 6 राज्यों में 40 ठिकानों पर कार्रवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन चक्र-ड्ड' के तहत देशभर में करीब 40 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी डिजिटल अरेस्ट से जुड़े ट्रांसनेशनल साइबर फ्रॉड मामले में की गई, जिसमें दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, यह कार्रवाई ऐसे संगठित साइबर नेटवर्क के खिलाफ की गई जो डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों से ठगी कर रहे थे। एजेंसी ने यह एफआईआर गृह मंत्रालय के आई4सी के एनसीआरपी पोर्टल पर नौ अलग-अलग पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर दर्ज की थी। जांच में सामने आया कि आरोपित विदेशी ठिकानों जिसमें विशेष रूप से कंबोडिया से ऑपरेट कर




रहे थे और भारत में मौजूद 'म्यूल अकाउंट' धारकों की मदद से अपराध की रकम का लेयरिंग और ट्रांसफर कर रहे थे। सीबीआई ने करीब 15 हजार से अधिक आईपी एड्रेस का विश्लेषण कर पाया कि ठगी की रकम का एक हिस्सा भारत में निकाला गया, जबकि शेष रकम विदेश भेजी गई और वहां से एटीएम के जरिए निकाली गई। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने डिजिटल डिवाइस, केवाईसी दस्तावेज, सिम कार्ड और व्हाट्सएप चैट जैसे अहम सबूत बरामद किए हैं। इन दस्तावेजों की जांच कर एजेंसी घरेलू नेटवर्क और विदेशी साजिशकर्ताओं के बीच की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

## हर शहर को सुरक्षित, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार बनाना होगा : तोखन साहू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि यदि हम लचीलापन में निवेश करें, स्थानीय निकायों को सशक्त बनाएं और जनसहभागिता पर आधारित साझेदारी को बढ़ावा दें, तो हमारे शहर न केवल संकटों से उबर पाएंगे बल्कि विकास के सशक्त केंद्र बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य हर शहर को सुरक्षित, समावेशी, टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार बनाना है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में विश्व आवास दिवस 2025 मनाया। इस वर्ष का विषय था 'संकट से निपटने के लिए शहरी समाधान', जिसका उद्देश्य शहरों को अधिक लचीला, समावेशी और स्थायी बनाना रहा। कार्यक्रम में मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कतिकीथला, अतिरिक्त सचिव सतिंदर पाल सिंह, संयुक्त सचिव कुलदीप नारायण, संयुक्त राष्ट्र भारत के प्रतिनिधि शॉम्बी शार्प सहित मंत्रालय और उसकी विभिन्न संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। तोखन साहू ने कहा कि सतत शहरी विकास किसी भी देश की प्रगति का आधार होता है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे शहरों का निर्माण करना चाहिए, जहां हर नागरिक को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि भारत का संकल्प है कि हमारे सभी शहर संकटों से जूझने में सक्षम हों और हर चुनौती से अधिक मजबूत होकर उभरें। मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कतिकीथला ने कहा कि शहरी संकटों से निपटने के लिए



नीतियों को इस दिशा में केंद्रित करना होगा कि शहरों का ढांचा, सामाजिक व्यवस्था और अर्थव्यवस्था अधिक मजबूत और लचीली बन सके। उन्होंने कहा कि भारत की नीति यह है कि चुनौतियों को अवसरों में बदलकर इन्हें भविष्य की समृद्धि का आधार बनाया जाए। उन्होंने बताया कि मंत्रालय की प्रमुख योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अमृत योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और स्वच्छ भारत मिशन समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने तथा सामाजिक समावेशन और आर्थिक प्रगति को साथ लेकर चलने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। कार्यक्रम के दौरान मंत्रालय से जुड़ी संस्थाओं हडको, राष्ट्रीय आवास बैंक, राष्ट्रीय सहकारी आवास महासंघ, केंद्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन और भवन अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की कई प्रकाशन सामग्रियां जारी की गईं। इनमें 'श्रेष्ठ प्रथाओं का संकलन' नामक पुस्तक भी शामिल थी, जिसमें राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत अपनाई गई सफल पहलों का विवरण दिया गया है।

## अमित शाह ने अपना आधिकारिक ईमेल एड्रेस बदला, जोहो पर किया स्विच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने आधिकारिक ईमेल एड्रेस बदलने की जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक आधिकारिक पोस्ट के जरिए कहा कि अब वे जीमेल के बदले जोहो मेल का इस्तेमाल कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट में लिखा, ÷मैंने अपना ईमेल एड्रेस जोहो मेल पर स्विच कर लिया है। कृपया मेरे ईमेल पते में हुए बदलाव पर ध्यान दें। मेरा नया ईमेल एड्रेस 'अमितशाहडॉटबीजेपीएटदरेटजोहोमेलडॉटइन' है। भविष्य में मेल के जरिए पत्राचार के लिए कृपया इसी पते का इस्तेमाल करें।' उन्होंने 'एक्स' पोस्ट के अंत में लिखा, 'इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।'

जोहो मेल एक सुरक्षित और प्रोफेशनल ईमेल सेवा है, जो यूजर्स को बेहतर डेटा प्रबंधन और आसान मेलिंग अनुभव प्रदान करती है। यह खासतौर पर कंपनियों और प्रोफेशनल्स के लिए बनाई गई है। हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी अपना आधिकारिक ईमेल पता जोहो मेल पर स्विच किया था,



जिससे इसकी लोकप्रियता और बढ़ गई है। जोहो मेल, जोहो कॉर्पोरेशन की ओर से पेश की गई एक ऑनलाइन ईमेल सेवा है, जो जीमेल या आउटलुक का एक बेहतरीन विकल्प है। आप अपनी कंपनी या संगठन के अपने डोमेन से ईमेल अकाउंट बना सकते हैं, जिससे आपके व्यवसाय को एक प्रोफेशनल पहचान मिलती है। इसमें सुरक्षा का खास ध्यान रखा गया है। जोहो मेल एन्क्रिप्शन, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और स्पैम फिल्टर जैसे फीचर्स देता है, जो आपके ईमेल को सुरक्षित और सुरक्षित रखते हैं। जोहो मेल में डिजिटल ऑर्गनाइजेशन के लिए फोल्डर, लेबल, स्ट्रीम फीचर, कैलेंडर और टू-डू लिस्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो आपकी टीम के लिए सहयोग और काम को आसान बनाती हैं।

इसके अलावा, जोहो मेल यूजर्स को बिना किसी विज्ञापन के एक साफ-सुथरा और ऐड-फ्री अनुभव भी देता है। जोहो मेल का एक और फायदा यह है कि यह जोहो के अन्य टूल्स जैसे जोहो सीआरएम, जोहो डॉक्स और जोहो प्रोजेक्ट के साथ आसानी से जुड़ जाता है, जिससे आपका काम और भी सुचारू हो जाता है। आप किसी भी डिवाइस (चाहे वह कंप्यूटर हो, लैपटॉप हो या मोबाइल) से जोहो मेल को एक्सेस कर सकते हैं, जिससे आपकी मेलिंग हर वक्त और कहीं से भी संभव हो जाती है।

## भारत-रुस के संयुक्त सैन्य अभ्यास इंद्र की भव्य शुरुआत, आतंकवाद-रोधी अभियानों पर रहेगा मुख्य फोकस

एजेंसी

**बीकानेर।** एशिया की सबसे बड़ी महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और रूस के बीच सामरिक सहयोग और रक्षा साझेदारी की एक और महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में 'इंद्र-2025' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास की औपचारिक शुरुआत हुई। यह अभ्यास 15 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसमें दोनों देशों की सेनाएं आतंकवाद-रोधी अभियानों, संयुक्त युद्धाभ्यासों और सामरिक समन्वय को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। भारतीय सेना की ओर से मेजर जनरल संजय चंद्र कंदपाला ने कहा है कि भारत और रूस के बीच यह साझेदारी केवल हथियारों या तकनीक की नहीं, बल्कि भरोसे, परंपरा और समान मूल्यों की साझेदारी है। इंद्र-2025 हमारी उस भावना का प्रतीक है जो हमें आतंकवाद और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के विरुद्ध एकजुट करती है। रूसी पक्ष के




प्रमुख मेजर जनरल आंद्रेई कोज़लोव ने कहा कि हम भारत के साथ दशकों से चले आ रहे अपने मित्रतापूर्ण संबंधों को अत्यंत सम्मान देते हैं। यह अभ्यास न केवल सैनिकों के प्रशिक्षण का अवसर है बल्कि एक साझा संदेश है कि रूस और भारत आतंकवाद के विरुद्ध कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक केवल युद्धाभ्यास ही नहीं, बल्कि संस्कृति, खेल और परंपराओं के स्तर पर भी एक-दूसरे से जुड़ रहे हैं। भारतीय जवानों ने रूसी दल के लिए पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत किया, वहीं रूसी सैनिकों ने अपने सैन्य गीतों और लोकसंगीत के माध्यम से दोस्ती का संदेश दिया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, आने वाले वर्षों में इंद्र श्रृंखला को त्रिसेवा अभ्यास के रूप में विस्तारित करने की योजना है, जिसमें थल सेना, वायु सेना और नौसेना एक साथ भाग लेंगी। इससे भारत और रूस की सेनाएँ आधुनिक युद्ध के सभी आयामों – भूमि, वायु और समुद्र – पर संयुक्त रूप से काम करने के लिए और सक्षम बनेंगी।उल्लेखनीय है कि महाजन की तपती रेत पर भारतीय और रूसी सैनिकों का एक साथ अभ्यास करना केवल एक सैन्य प्रशिक्षण नहीं, बल्कि विश्व को संदेश है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए सामूहिक सहयोग ही एकमात्र मार्ग है।

## मुख्य न्यायाधीश के साथ दुर्व्यवहार - कर्नाटक पुलिस ने आरोपी वकील के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई के साथ दुर्व्यवहार करने वाले वकील राकेश किशोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। अखिल भारतीय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भक्तवचला की शिकायत पर यह एफआईआर दर्ज की गई है। बेंगलुरु में विधान सौधा पुलिस ने 71 वर्षीय राकेश किशोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132 और 133 के तहत जीरो एफआईआर दर्ज की है। उन पर किसी लोक सेवक पर हमला करने या उसे उसके कर्तव्यों के निर्वहन से रोकने के लिए आपराधिक बल का प्रयोग करने और किसी व्यक्ति का अपमान करने के इरादे से आपराधिक बल का प्रयोग करने का आरोप है। जीरो एफआईआर एक ऐसी एफआईआर है जो किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज की जा सकती है, चाहे अपराध कहीं भी हुआ हो या पुलिस स्टेशन का अधिकार क्षेत्र कुछ भी हो। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामला नई दिल्ली स्थित संबंधित पुलिस को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। एफआईआर में कहा गया है कि 6 अक्टूबर को वकील राकेश किशोर ने नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय के कोर्ट हॉल नंबर 1 में सीजेआई के साथ दुर्व्यवहार किया। उस समय, भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन अदालत कक्ष में मौजूद थे। शिकायतकर्ता ने न्यायपालिका की गरिमा और अखंडता की रक्षा के लिए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के साथ दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए वकीलों ने राज्य उच्च न्यायालय के समक्ष मौन विरोध प्रदर्शन किया।

## बिहार चुनाव में 'आप' की एंट्री पर अलका लांबा का हमला, केजरीवाल को बताया 'गिरगिट'

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** बिहार विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा 11 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि 'आप' ने सभी सीटों पर उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। वे सिर्फ इंडिया गठबंधन का वोट काटने और एनडीए को जीत दिलाने के लिए ऐसा किए हैं। अलका लांबा ने आईएएनएस से कहा, ÷केजरीवाल गिरगिट की तरह हैं, जो अपने रंग बदलते रहे हैं। उन्होंने अपने आंदोलन को ही खराब कर दिया। उन्होंने स्वराज, जन लोकपाल, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार, गाड़ी नहीं लूंगा, बंगला नहीं लूंगा जैसे वादे करके सब बर्बाद कर दिया। अब वे एक्सपोज हो रहे हैं। अपनी ही पार्टी के बनाए संकल्पों पर खरे नहीं उतर पाए। आज केवल कुर्सी, सत्ता और बंगला ही उनकी प्राथमिकता बन गई है। अब क्या वह सड़कों पर आंदोलन करते हुए दिख रहे हैं? 10 साल भी वे सत्ता में टिक नहीं पाए। अब पंजाब से उम्मीदें लेकर आए हैं, अपने लोगों को राज्यसभा भेज रहे हैं, बंगले मांग रहे हैं। ये सब बातें अच्छी हैं क्योंकि अब वह बेनकाब हो रहे हैं।' बिहार में 11 उम्मीदवारों की घोषणा को लेकर उन्होंने कहा, 'बिहार में कुल 243 सीटें हैं, पर उन्होंने केवल 11 पर ही उम्मीदवार उतारे हैं। क्या वे पूरे बिहार में दिख पाएंगे? कांग्रेस या महागठबंधन के लिए वे वोट काटने वाली ताकत जरूर बन सकते हैं, लेकिन उनके 1,000-2,000 वोटों के कारण इंडिया गठबंधन और एनडीए, खासकर भाजपा को फायदा ही होगा।' सुप्रीम कोर्ट में जूता फेंकने की हुई घटना पर अलका लांबा ने कहा, 'यह आरएसएस-भाजपा की मानसिकता है। राहुल गांधी ने भी हमेशा कहा है कि ये लोग दलित विरोधी हैं। वे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे कि एक दलित व्यक्ति सर्वोच्च न्यायपालिका के पद पर पहुंचा है।' उन्होंने रायबरेली के हालिया दलित उत्पीड़न की घटना का जिक्र करते हुए कहा, 'रायबरेली में दलितों को बेरहमी



से मारा-पीटा गया। जस्टिस गवई पर हमला इसी सोच का हिस्सा है। यह दिखाता है कि संविधान और दलित अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ने वालों के सामने कितने बड़े खतरे हैं।' अलका लांबा ने कहा, 'सरकार बेनकाब हो रही है, लेकिन हमें मजबूती से लड़ना होगा। जस्टिस गवई पर हमला इस बात का सबूत है कि ये लोग बोखला गए हैं।' उन्होंने कहा कि हमें सतर्क रहना होगा और एकजुट होकर इन खतरों से लड़ना होगा।

## पश्चिम बंगाल में एक सप्ताह में चुनावी तैयारियां पूरी करने के निर्देश

एजेंसी

**कोलकाता।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि वे आगामी चुनावों से पहले लंबित सभी तैयारियों, विशेष रूप से मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्यों को, अगले सात दिनों के भीतर पूरा करें। उप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय आयोग दल कोलकाता पहुंचा।

इस दल में आईटी प्रभाग की महानिदेशक सीमा खन्ना, सचिव एस. बी. जोशी और उप सचिव अभिनव अग्रवाल शामिल थे। बुधवार सुबह भारती ने सभी जिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। बैठक में प्रत्येक जिले की तैयारियों की समीक्षा की गई और अब तक की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

## गुजरात और राजस्थान मिलकर सशक्त औद्योगिक कॉरिडोर का कर रहे निर्माण : भजनलाल शर्मा

एजेंसी

**सूरत/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियां राज्य के लोगों, विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी अपनी कर्मभूमि (सूरत) के साथ ही अपनी मातृभूमि (राजस्थान) के विकास में भी योगदान दें। शर्मा गुजरात के सूरत में आयोजित प्रवासी राजस्थानी मीट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुजरात और राजस्थान का संबंध केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों राज्यों के बीच रत्न एवं आभूषण, फार्मा, वस्त्र उद्योग और राज्य में प्रस्तावित पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स जैसे क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक सहयोग की भी अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरत और राजस्थान उद्यमिता, सृजनशीलता और धैर्य की साझा भावना से जुड़े हैं। सूरत हीरे की कटाई और सिंथेटिक टेक्सटाइल्स के लिए विश्व प्रसिद्ध है, वहीं राजस्थान रंगीन पत्थरों, कुंदन, मीनाकारी, वस्त्र और रत्नों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर राजस्थान को विश्व का 'जेम्स एंड ज्वेलरी हब' बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।



शर्मा ने 10 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस में प्रवासी राजस्थानियों को बड़ी संख्या में भाग लेने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि देश के बड़े उद्योगपतियों में प्रवासी राजस्थानी शामिल हैं, जो हमारे गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विज्ञान, व्यवसाय, कला, खेल, साहित्य, सिनेमा, संगीत और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में दिसम्बर में पेट्रोकेमिकल रिफाइनरी की शुरुआत करने जा रही है। इसके साथ ही हमारी सरकार निवेशकों को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और डेटा सेंटर्स स्थापित करने में हर संभव सहयोग देगी। उन्होंने उद्यमियों और निवेशकों को आईटी, फार्मा, टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी, ऊर्जा, पेट्रोकेमिकल, पर्यटन और खनन जैसे क्षेत्रों में निवेश करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रवासी राजस्थानियों के साथ संबंध मजबूत करने के लिए एक संस्थागत ढांचा तैयार किया है। वर्तमान में राजस्थान फाउंडेशन के 26 चैप्टर्स देश और विदेश में सक्रिय हैं। ये चैप्टर्स प्रवासी राजस्थानी समुदाय के साथ सार्थक संवाद, सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक समर्पित विभाग भी स्थापित करने जा रही है। इस पहल का उद्देश्य राजस्थान के वैश्विक प्रवासी समुदाय को राज्य के विकास में सहभागी बनाना और 'विकसित राजस्थान 2047' के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। राज्य सरकार के प्रयासों से राजस्थान देश के सबसे अधिक निवेश-अनुकूल और प्रगतिशील राज्यों में शामिल हुआ है।

## केदारनाथ में 2024 का टूटा रिकॉर्ड, श्रद्धालुओं की संख्या 16.56 लाख के पार

एजेंसी

**देहरादून।** बारिश और बर्फबारी के बावजूद यात्रियों में भारी उत्साह बना हुआ है। केदारनाथ यात्रा यहां श्रद्धालुओं की संख्या 16 लाख 52 हजार के पार पहुंच गई, जबकि अभी धाम कपाट बंद होने में 14 दिन का समय बचा है। वर्ष 2024 में पूरे यात्राकाल में 16 लाख 52 हजार 76 यात्री केदार दर्शन के लिए पहुंचे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जिलाधिकारियों से कहा है कि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी यात्रा मार्गों पर आवश्यक यात्री सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। सभी जिम्मेदार अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा जाए। आपातकालीन स्थिति में बिना किसी देरी के राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया जाए।केदारनाथ धाम में 5614 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। केदार धाम के कपाट आगामी 23 अक्टूबर को भैयादूज के अवसर पर बंद होंगे। अभी यात्रा 15 दिन और चलेगी। इस प्रकार यहां यात्रियों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बनाया है। बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी अब यात्रियों की संख्या बड़ी है। प्रदेश सरकार की ओर से श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए सुरक्षित यात्रा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यात्रा मार्ग में सुरक्षा जवानों की तैनाती की गई है। यात्रा मार्ग पर यातायात सुचारू बना रहे, इसके लिए भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर मलबे की सफाई के लिए जेसीबी की व्यवस्था की गई है। बता दें कि इस वर्ष 30 अप्रैल को गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का आगाज हो गया था। इसके बाद दो मई को केदारनाथ और चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए थे। मानसून सीजन में अतिवृष्टि, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं के चलते चारधाम यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई है। प्रकृति की विनाशलीला में गंगोत्री धाम का महत्वपूर्ण पड़ाव धराली बुरी तरह तबाह हो गया। मार्ग बुरी तरह तहस-नहस हो जाने से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा को रोकना पड़ा था।बारिश थमने पर भी यहां यात्रा को बहाल करना बड़ी चुनौती था, लेकिन शासन-प्रशासन की टीमों ने युद्धस्तर पर कार्य कर आम जनजीवन की बहाली के साथ ही यात्रा मार्गों को सुचारू किया। दोनों धामों की यात्रा भी सुरक्षा इंतजामों के साथ शुरू हो गई। प्रशासन की ओर से यात्रियों को अभी भी एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। यात्रियों को बार-बार आगाह किया गया है कि मौसम खराब होने पर यात्रा करने से बचें।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पहला टेस्ट तीन दिनों के अंदर ही आसानी से जीत लिया था। ऐसे में उसे सीरीज में 1-0 की बढ़त मिली हुई है। भारतीय टीम पहले टेस्ट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही वेस्टइंडीज पर हावी रही थी। ऐसे में वह इस मैच में भी जीत हासिल कर सीरीज का समापन 2-0 से करना चाहेगी। भारतीय टीम के इस मैच में भी बिना किसी बदलाव के उतरने की संभावना है। इस मैच में बल्लेबाज साई सुदर्शन के अलावा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के पास भी अपनी क्षमता दिखाने का अवसर है। सुदर्शन पहले मैच में असफल रहे थे। ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना रहेगा।

वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी और गेंदबाजी काफी कमजोर है। जिससे वह इस मैच में भी भारतीय टीम का शायद ही सामना कर पाये। टीम की बल्लेबाज और गेंदबाजी पहले टेस्ट में प्रभावहीन नजर आई जिससे उसे पारी की हार का सामना करना पड़ा था। वेस्टइंडीज के अधिकतर खिलाड़ी विदेशी टी20 लीग खेलते हैं जिससे उनकी टेस्ट टीम लगातार कमजोर होती गयी है। लंबे प्रारुप में उसके पास अधिकतर ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें किसी भी प्रकार का अनुभव नहीं है।

पहले टेस्ट मैच में वह किसी भी समय भारतीय टीम को टक्कर नहीं दे पायी। भारतीय टीम को इस सीरीज जीतने का एकमात्र लाभ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में मिलेगा। इसके अलावा उसे इस साल के अंत में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले अपने खिलाड़ियों को आजमाने का अवसर भी मिला है।



जिस प्रकार से भारत ने पहले टेस्ट में खेला है उससे इस मैच में भी मुकाबला समय से पहले समाप्त हो सकता है। जहां की पिच से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। । भारतीय टीम जहां खेल के हर विभाग में मजबूत नजर आती है वही वेस्टइंडीज का प्रत्येक विभाग कमजोर नजर आता है। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि उनकी टीम की टेस्ट क्रिकेट में यह गिरावट गंभीर है जिसका इलाज फिलहाल असंभव लगता है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, बी साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, अक्षर पटेल, नारायण जगदीसन (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल।

**वेस्टइंडीज** = रोस्टन चेज (कप्तान), तेगनारायण चंद्रपॉल, जॉन कैंपबेल, एलिक अथानाज़, ब्रैंडन किंग, जोहान लेने, जस्टिन ग्रीव्स, खारी पियरे, शाई होप, जेडन सील्स, जेमेल वार्रिकन, केवलन एंडरसन, जेडिया ब्लेड्स, टेविन इमलाच, एंडरसन फिलिप।

# स्मृति मंधाना ने 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, वनडे में एक कैलेंडर वर्ष में बनाए सर्वाधिक रन



**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना मौजूदा महिला विश्व कप में अपने तीसरे मैच में एक और बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहीं, लेकिन उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाकर 26 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

स्मृति ने गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों पर 23 रन बनाए, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल था। जब ऐसा लग रहा था कि वह एक बड़ा स्कोर बनाने के लिए तैयार हैं, तभी 29 वर्षीय भारतीय सलामी बल्लेबाज ने लॉन्ग-ऑन पर सुने लुस की गेंद पर आउट हो गई। गुरुवार को बनाए गए 23 रनों के साथ मंधाना का इस साल का कुल स्कोर 17 पारियों में 973 रन हो गया, जो एक साल में महिला वनडे में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं।

मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1997 में 970 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट 2022 में 882 रन बनाकर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। मंधना के लिए वनडे में अब तक का साल शानदार रहा है, हालांकि विश्व कप उनके लिए अब तक उतना अच्छा नहीं रहा है। विश्व कप से पहले मंधाना ने 14 पारियों में 66.28 की औसत और 115.85 के स्ट्राइक रेट से 928 रन बनाए थे।

विश्व कप में उनका बल्ला ठंडा रहा है, तीन पारियों में 18.00 की औसत और 72.97 के स्ट्राइक रेट से केवल 54 रन ही बना पाई हैं। लेकिन उनके पास अभी भी एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनकर एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने का मौका है। 5 और लीग मैच खेलने के साथ, उनके पास इस मुकाम तक पहुंचने के पर्याप्त अवसर हैं।

# कर्नाटक ने रणजी टीम की घोषणा की, करुण नायर की वापसी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक क्रिकेट बोर्ड ने रणजी ट्रॉफी 2025 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें करुण नायर की वापसी हुई है। यह अनुभवी बल्लेबाज विदर्भ के साथ एक सफल सत्र के बाद अपनी घरेलू टीम में वापस आ गया है, जहां उन्होंने 53.93 की औसत से 863 रन बनाए थे।

मयंक अग्रवाल कप्तान बने रहेंगे और पिछले सीजन के मिश्रित प्रदर्शन को सुधारने के इरादे से टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें कर्नाटक 7 मैचों में से केवल दो में जीत हासिल कर पाया था और एलीट ग्रुप सी में चौथे स्थान पर रहा था। नायर की वापसी से कर्नाटक की बल्लेबाजी लाइनअप मजबूत हुई है, जिसमें पिछले सीजन के शीर्ष स्कोरर 516 रन बनाने वाले आर स्मरण भी शामिल हैं।

अनुभवी मनीष पांडे अनुपस्थित हैं, जो टीम में बदलाव का संकेत है। विकेट कीपिंग की जिम्मेदारी केएल श्रीजीत और ऋथिक कृष्णा संभालेंगे जबकि गेंदबाजी आक्रमण में वी कौशिक, विशक विजयकुमार, विदवथ कावेरप्पा और अभिलाष शेट्टी शामिल होंगे। कर्नाटक 15 अक्टूबर को राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ अपने रणजी ट्रॉफी 2025 अभियान की शुरुआत करेगा। प्रशंसक करीब से देख रहे हैं कि क्या टीम मजबूत शुरुआत कर सकती है और अपनी विजयी फॉर्म को फिर से हासिल कर सकती है।

### कर्नाटक रणजी ट्रॉफी 2025 टीम

मयंक अग्रवाल (कप्तान), करुण नायर, आर स्मरण, केएल श्रीजीत (विकेटकीपर), श्रेयस गोपाल, विशक विजयकुमार, विदवथ कावेरप्पा, अभिलाष शेट्टी, एम वेंकटेश, निकिन जोस, अभिनव मनोहर, ऋथिक कृष्णा (विकेटकीपर), केवी अनीश, मोहसिन खान, शिखर शेट्टी।

# रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास पर तोड़ी चुप्पी, '...टीम में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का उनका फैसला निजी था और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया था।

इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल ब्रिस्बेन में 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास की घोषणा कर दी। इससे वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। वह इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।



अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'किसी ने मुझसे नहीं कहा कि तुम्हें संन्यास ले लेना चाहिए। किसी ने मुझसे नहीं कहा कि टीम में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है। सच्चाई यह है कि संन्यास का फैसला करने से पहले दो-तीन लोगों ने मुझे ऐसा करने से इनकार किया था लेकिन मैंने अपना फैसला लिया। असल में, वे चाहते थे कि मैं और खेलूं।' उन्होंने कहा, 'रोहित शर्मा (तत्कालीन कप्तान) ने भी मुझे इस बारे में फिर से सोचने को कहा था। गौती भाई (गौतम गंभीर) ने भी मुझे दोबारा सोचने को कहा था। लेकिन मैंने इस बारे में (संन्यास के बारे में) अजीत अगरकर (चयन समिति के अध्यक्ष) से ज्यादा बात नहीं की।' अश्विन ने कहा, 'जब खेल से संन्यास लेने की बात आती है तो यह निजी फैसला होता है और मेरा फैसला भी निजी था।' उनके इस बयान से उन अटकलों पर विराम लग गया है कि टीम प्रबंधन ने उन्हें यह निर्णय लेने के लिए मजबूर किया था। रोहित शर्मा और विराट कोहली की सीनियर जोड़ी के बारे में बात करते हुए अश्विन ने कहा कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं को उनके साथ स्पष्ट संवाद करना चाहिए।

टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित और कोहली दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। लेकिन रोहित की जगह शुभमन गिल को वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। अश्विन ने कहा, 'विराट कोहली वनडे क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी हैं। जिस तरह से उन्होंने और रोहित ने 2023 विश्व कप में बल्लेबाजी की, उन्हें कुछ साबित करने की ज़रूरत नहीं है। मुझे उम्मीद है कि उनसे बातचीत हुई होगी। विराट और रोहित शर्मा के साथ जो भी चर्चा होनी थी, वह हो चुकी होगी। उनके साथ स्पष्ट संवाद होना चाहिए।'

अश्विन ने कहा कि रोहित और कोहली दोनों में अभी काफी क्रिकेट बाकी है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कोई भी चयनकर्ता या कोच यह कह पाएगा कि विराट और रोहित की सेवाओं की अब ज़रूरत नहीं है। उनके पास जो अनुभव है उसे आप कहीं से खरीद नहीं सकते हैं।'

### रोहित को अब स्वयं संन्यास ले लेना चाहिये : मनोज तिवारी

कोलकाता। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा है कि रोहित शर्मा को अब टेस्ट और टी20 की तरह ही एकदिवसीय प्रारुप से भी संन्यास की घोषणा कर देनी चाहिये। मनोज के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने जिस प्रकार से शुभमन गिल को एकदिवसीय टीम की कप्तानी दी है। उससे साफ संकेत है कि अब रोहित भविष्य की योजनाओं में शामिल नहीं है। इसलिए उन्हें संन्यास की घोषणा करने में देर नहीं करनी चाहिये। वहीं अगर वह अब भी एक खिलाड़ी के तौर पर खेलना चाहते हैं तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। साथ ही कहा कि अगर मैं उनकी जगह होता तो संन्यास लेने के बारे में सोचता। उनके जैसे खिलाड़ी की उपेक्षा नहीं होनी चाहिये। तिवारी ने कहा कि कप्तान के रूप में रोहित का प्रदर्शन ऐसा नहीं था कि उन्हें पद से हटाया जाए। उन्होंने केवल एक आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती बल्कि दो जीतीं हैं। एकदिवसीय विश्व कप में भी वह जीत के बहुत करीब पहुंच गए थे। कप्तान और खिलाड़ी, दोनों के तौर पर उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। उनके नाम 5 आईपीएल ट्रॉफी हैं। इतना सब होने के बाद भी उन्हें अचानक बाहर करना ठीक नहीं है। एकदिवसीय कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड अपने काफी अच्छा रहा है। उनका 75 का जीत प्रतिशत, 10 से ज़्यादा वनडे मैच खेलने वाले किसी भी भारतीय कप्तान में सर्वश्रेष्ठ है। रोहित के नेतृत्व में भारत ने विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बनायी थी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब भी जीता।




# टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 25 वें स्थान पर पहुंचे जडेजा

दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 25 वें स्थान पर पहुंच गये हैं। जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 104 रन की नाबाद पारी खेली थी। अपनी इस पारी के साथ ही जडेजा के कुल 644 अंक हो गए हैं और वह पायदान ऊपर आये हैं। जडेजा की इससे पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 29 थी। बल्लेबाजी के अलावा जडेजा ने गेंदबाजी में भी प्रभावित किया। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरी पारी में 4 विकेट लिए। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 3 विकेट हासिल करने वाले मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में 3 स्थान ऊपर आकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह पहली बार 700 रेटिंग अंकों से ऊपर पहुंचे हैं। इस टेस्ट मैच के साथ ही अपनी रैंकिंग सुधारने वाले अन्य खिलाड़ियों में केएल राहुल और ध्रुव जुरेल भी हैं। राहुल अब बल्लेबाजी रैंकिंग में चार स्थान के लाभ के साथ ही 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपना पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद ध्रुव जुरेल 20 स्थानों की छलांग लगाकर 65वें स्थान पर पहुंच गये हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के खिलाफ कुल चार विकेट लेकर सात स्थान के लाभ के साथ ही 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरे ओर आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श की शीर्ष-10 बल्लेबाजों में वापसी हुई है। मार्श को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में 85 और तीसरे मैच में नाबाद 103 रन बनाने का लाभ मिला। इसके अलावा न्यूजीलैंड के टिम रॉबिन्सन 58 स्थान ऊपर आकर संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रॉबिन्सन ने माउंट माउंगानुई में सीरीज के पहले ही मैच में नाबाद 106 रन बनाए थे।



# रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेलेंगे शमी और आकाशदीप, अभिमन्यु करेंगे कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेलते नजर आयेंगे। शमी चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से ही टीम में वापसी नहीं कर पाये हैं। शमी के अलावा = मोहम्मद शमी को भारत की टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों टीमों से बाहर रखा गया है। युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप भी इस टीम में शामिल रहेंगे। टीम की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन को दी गयी है। अभिमन्यु का लक्ष्य भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक बार फिर भारतीय टीम में जगह के लिए दावेदारी करना रहेगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) ने इस टीम का कप्तानी उपकप्तान विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल को बनाया है।



टीम की तेज गेंदबाजी की कमान शमी और आकाश दीप के पास रहेगी। वहीं बल्लेबाजी की जिम्मेदारी अभिमन्यु ईश्वरन और अभिषेक पोरेल के साथ-साथ अनुस्तूप मजूमदर, सुदीप चटर्जी और युवा बल्लेबाज सुदीप कुमार के पास रहेगी। राहुल प्रसाद, सौरभ कुमार सिंह और विशाल भाटी भी रणजी में बेहतर प्रदर्शन कर सभी का ध्यान खींचना चाहेंगे। लक्ष्मी रतन शुक्ला को टीम का मुख्य कोच बनाया गया है जबकि अरूप भट्टाचार्य और शिब शंकर पॉल टीम के सहायक कोच होंगे। चरणजीत सिंह मथारू को फील्डिंग कोच की जिम्मेदारी दी गयी है।

बंगाल की टीम अपने रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की शुरुआत 15 अक्टूबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में करेगी। उसका पहला मैच उत्तराखंड से होगा। इसके बाद 25 अक्टूबर को वह गुजरात से खेलेगी। शमी, आकशीप आर अभिमुन्यु का प्रयास रणजी में बेहतर प्रदर्शन कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए अपनी दावेदारी पेश करना रहेगा।

**बंगाल टीम**

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), अभिषेक पोरेल (उप कप्तान/विकेटकीपर), सुदीप कुमार घरामी, अनुस्तुप मजूमदार, सुदीप चटर्जी, सुमंत गुप्ता, सौरभ कुमार सिंह, विशाल भाटी, एमडी शमी, आकाश दीप, सूरज सिंधु जायसवाल, शाकिर हबीब गांधी (विकेटकीपर), ईशान पोरेल, काजी जुनैद सैफी, राहुल प्रसाद, सुमित मोहंता और विकास सिंह।

# सूर्यकुमार और गंभीर के कारण मुझे वापसी का अवसर मिला : वरुण चक्रवर्ती

**मुंबई (एजेंसी)।** हाल में एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अपनी वापसी का श्रेय कप्तान सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर को दिया है। वरुण को तीन साल के बाद टीम में जगह मिली पर उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर अपने चयन को सही साबित कर दिया। वरुण ने कहा, मैं कोच के बारे में कह सकता हूं कि वह टीम में एक साहसी मानसिकता लेकर आते हैं जहां हार का कोई विकल्प नहीं होता, वह खिलाड़ियों को निडर होकर खेलने को कहते हैं। उनका मानना है कि मैदान पर अपना सौ फीसदी देना होता है। जब वह मौजूद होते हैं, तो आप औसत प्रदर्शन नहीं कर सकते।

वरुण ने साल जुलाई 2021 में भारत के लिए पदार्पण किया था पर 2021 टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन क बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया और अक्टूबर 2024 में उन्हें दोबारा खेलने का अवसर मिला। तब से ही वरुण लगातार टी20 एकादश में शामिल रहे हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में एकदिवसीय डेब्यू के साथ ही टीम को चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, जब मैंने दोबारा वापसी की, तो सूर्या और गंभीर ने मुझसे बात की और उन्होंने मुझे बताया कि हम आपको विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से देखते हैं। और उन्होंने पूरे समय मेरा समर्थन किया। इसके लिए मुझे उन्हें श्रेय देना होगा। मैं तीन साल से ज़्यादा समय तक टीम से बाहर रहा पर इस दौरान आईपीएल में मेरा प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा। उन्होंने मुझे टीम में अवसर दिया यह मेरे लिए बड़ी बात थी।



गंभीर चाहते हैं कि वह एकदिवसीय क्रिकेट में अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए और प्रयास करें। इसका कारण है कि टी20 में आप ज़्यादा से ज़्यादा दो ओवर लगातार गेंदबाजी कर सकते हैं पर एकदिवसीय में आपको लगातार पांच से छह ओवर गेंदबाजी करनी होती है, जिस पर मैंने काम किया और चैंपियंस ट्रॉफी में मैं ऐसा करने में सफल रहा। अब वह चाहते हैं कि मैं घरेलू सर्किट में भी थोड़ा और ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करूं और अपनी बल्लेबाजी बेहतर करूं। वरुण ने स्पिनर कुलदीप यादव की भी जमकर तारीफ की, जो एशिया कप में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। वरुण ने कहा, कुलदीप निश्चित रूप से हमारे मौजूदा खिलाड़ियों में सबसे अनुभवी गेंदबाजों में से एक हैं और उन्होंने कमाल का प्रदर्शन किया है।

# लारा ने वेस्टइंडीज टीम को फटकारा, देश के लिए खेलने का जूनुन होता तो अपने आप बेहतर प्रदर्शन करते

जमैका । वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज रहे ब्रायन लारा अपनी टीम के लगातार खराब होते प्रदर्शन को देखकर दुखी हैं। लारा ने इसी को लेकर टीम को जमकर फटकार लगायी है। लारा ने कहा कि पैसे के साथ ही कई समस्यायें हैं पर इसके बाद भी अगर खिलाड़ियों में जुनून और जज्बा होता तो टीम जरुर सफल होती। लारा के अनुसार प्रतिभा पलायन, बुनियादी ढांचे की कमी और वेतन में हो रही समस्या वेस्टइंडीज क्रिकेट की बदतर होती स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में फ्रेंचाइजी-आधारित टी20 प्रतियोगिताओं के कारण भी वेस्टइंडीज के खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेटर की उपेक्षा कर रहे हैं। टी20 में वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की भारी मांग है पर टेस्ट टीम को अच्छे खिलाड़ी नहीं मिल रहे। लारा ने कहा, ''मैं सभी खिलाड़ियों से पूछना चाहूंगा कि वे बताएं कि क्या वे सचमुच वेस्टइंडीज के लिए खेलना चाहते हैं? और यही सबसे अहम बात है, क्योंकि अगर ऐसा है तो आपको कोई न कोई रास्ता मिल ही जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''हमारे पास भी पहले बेहतर सुविधाएं नहीं थीं। विव रिचर्ड्स ने किसी बेहतर अभ्यास पिच पर बल्लेबाजी नहीं की थी। हमें भी वही काम करना पड़ता था, वही मेहनत करनी पड़ती थी पर तब जज्बा अलग था। वेस्टइंडीज के लिए खेलने का जुनून ही सबसे बड़ा अधिक था।'' टेस्ट क्रिकेट रिकॉर्ड 400 रन की पारी खेलने वाले इस पूर्व दिग्गज ने कहा, ''मैं युवा खिलाड़ियों से आग्रह करता हूं कि वे यह समझें कि देश की ओर से खेलने का उन्हें अवसर मिला।'' लारा ने टेस्ट क्रिकेट में भारत , इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के अलावा अन्य टीमों के बीच होने वाले मैचों में दर्शकों की घटती रुचि पर भी चिंता जाहिर की। साथ ही कहा कि इन टीमों के मैचों में भारी संख्या में दर्शक आते हैं पर अन्य टीमों के साथ ऐसा नहीं होता है।



# मैं भारत के लिए तीनों प्रारूपों में आईसीसी ट्रॉफियां जीतना चाहता हूं: शुभमन गिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट और एकदिवसीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि वह भारत के लिए तीनों प्रारूपों में आईसीसी ट्रॉफियां जीतना चाहते हैं। गिल ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पूर्वसंध्या पर कहा, 'लगातार तीनों प्रारुपों में खेलने से तो शारीरिक थकान तो एक बात है, लेकिन कई बार जब आप लगातार खेलते हो तो मानसिक थकान हो जाती है। मैं जब खेलता हूं तो स्वयं से मेरी कुछ अपेक्षाएं होती हैं और मेरा कुछ लक्ष्य होता है। यह एक बहुत बड़ी चुनौती है जो कि मुझे पूरा करना होता है। मैं भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहता हूं और सफल होना चाहता हूं। मैं आईसीसी ट्रॉफीज जीतना चाहता हूं। और अगर मुझे ऐसा करना है तो यह एक चुनौती है, जिसे मुझे पूरा करना है।'

टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में इंग्लैंड में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शुभमन गिल ने अब अंतरराष्ट्रीय टी-20 में ना सिर्फ वापसी की, बल्कि उन्हें उपकप्तानी भी मिली। इसके बाद वह घरेलू जमीन पर अपनी कप्तानी में पहला टेस्ट मैच जीत रहे थे तभी उन्हें एकदिवसीय टीम का भी कप्तान बना दिया गया।भारतीय टीम प्रबंधन अब भविष्य की ओर देख रहा है अब रोहित शर्मा टीम में बस एक खिलाड़ी के रूप में रह जाएंगे।

अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के अलावा वर्तमान में चल रहा 2027 का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र और 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाला एकदिवसीय विश्व कप शामिल है। उन्होंने कहा, 'बेशक यह घोषणा अहमदाबाद टेस्ट के दौरान (के बाद) हुई, लेकिन मुझे एकदिवसीय कप्तानी मिलने के बारे में टेस्ट मैच से थोड़ा पहले ही पता चल गया था। यह एक बड़ी जिम्मेदारी और सम्मान है। मैं वनडे में भी अपने देश का कप्तानी करने के लिए उत्साहित हूं। पिछले कुछ महीने मेरे लिए बहुत बेहतरीन रहे हैं और मैं आगे की ओर देख रहा हूं। मैं वर्तमान में रहना चाहता हूं और ज्यादा पीछे नहीं देखना चाहता। मैं बस भविष्य की ओर देख रहा हूं और आने वाले महीनों में जो भी मैच आए, उन्हें जीतना चाहता हूं।'

गिल ने इस बात से इनकार कर दिया कि रोहित और विराट उनके 2027 की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों ने टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, लेकिन एकदिवसीय क्रिकेट अभी भी खेल रहे हैं। गिल ने तो यह भी कहा कि वह रोहित की कप्तानी से बहुत कुछ अपनी कप्तानी में उतार भी रहे हैं। उन्होंने कहा, 'रोहित और कोहली के पास जिस तरह का अनुभव है, जिस तरह से उन्होंने भारत को मैच जिताए हैं, ऐसे बहुत ही कम खिलाड़ी होंगे। उनकी क्षमता, कौशल और अनुभव के खिलाड़ी दुनिया में भी बहुत कम है। ये सब देखते हुए हम निश्चित रूप से उनकी ओर देख रहे हैं।




इसके अलावा रोहित (शर्मा) भाई जिस तरह से शांत रहते हैं और जिस तरह से वह खिलाड़ियों के साथ संबंध बनाते हैं, वह सब उनसे सीखने लायक है।' भारतीय टीम का कैलेंडर आने वाले समय में बहुत व्यस्त है। टेस्ट सीरीज समाप्त होने के तुरंत बाद भारतीय टीम दिल्ली से ही पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) के लिए रवाना हो जाएगी, जहां उन्हें तीन एकदिवसीय और पांच अंतरराष्ट्रीय टी20 खेलने है। इसके बाद भारतीय टीम को तुरंत ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज खेलनी है। गिल की तीनों प्रारूपों में भूमिका का मतलब है कि उन्हें अब लगातार क्रिकेट खेलना है।

# वनडे कप्तान शुभमन गिल ने कर दिया साफ, 2027 वर्ल्ड कप के लिए टीम के प्लान में बने रहेंगे कोहली-रोहित

नई दिल्ली। वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले प्रेस से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि, इन दोनों खिलाड़ियों के कौशल और अपार अनुव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि वह इस महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे से इस फॉर्मेट की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्तूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की सीरीज के साथ अपनी वनडे कप्तानी की शुरुआत करेंगे। ये पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि रोहित और कोहली अगले वनडे वर्ल्ड कप की योजना का हिस्सा हैं तो गिल चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की तरह सतर्क नहीं थे, जिन्होंने हाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मुद्दे पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई थी। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पूर्व संध्या पर उन्हें वनडे टीम का कप्तान भी नियुक्त करने से संबंधित सवालों के जवाब देते हुए कहा कि, बिल्कुल। उनके पास जो अनुभव है और उन्होंने भारत के लिए जितने मैच जीते हैं। ऐसे बहुत कम खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारत के लिए इतने मैच जीते हैं।



## रुक्मिणी वसंत ने कांतारा - चैप्टर 1 को बताया ज़िंदगी बदल देने वाला अनुभव

आज जब कांतारा – चैप्टर 1 दुनियाभर में रिलीज़ हुई है, तब एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत ने अपने दिल की बात शेयर की। एक इमोशनल नोट में उन्होंने बताया कि कैसे ये सफर उन्हें एक कलाकार और इंसान दोनों रूपों में नया बना गया। उन्होंने लिखा –एक साल पहले मुझे 'कांतारा – चैप्टर 1' का हिस्सा बनने का मौका मिला। इस फिल्म ने मुझे चुनौती दी, मुझे सिखाया, मेरे हुनर को निखारा और ज़िंदगी को एक नया नज़रिया दिया। ये फिल्म सच में प्यार और जुनून से बनी है – सैकड़ों लोगों की मेहनत से, जिन्होंने दिन–रात एक कर दिया। इस जादुई फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बेहद आभारी हूं। रुक्मिणी ने फिल्म के कप्तान ऋषभ शेट्टी को दिल से शुक्रिया कहा- ऋषभ सर इस प्रोजेक्ट की रीढ़ हैं। सर, आपका जुनून, मेहनत और विज़न मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा रहा। मुझ पर भरोसा करने और इस सफर में मेरा साथ देने के लिए दिल से धन्यवाद।


उन्होंने होम्बले फिल्म्स की पूरी टीम – विजय किरागंदूर, चालुवे गौड़ा, आदर्श और उन सभी अनसुने हीरोज़ का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर इस अनुभव को जीवंत बनाया। और सफर अभी शुरू ही हुआ है। कांतारा – चैप्टर 1 के बाद रुक्मिणी अब दो बड़े प्रोजेक्ट्स में नज़र आएंगी – रॉकिंग स्टार यश के साथ टॉक्सिक और प्रशांत नील की एनटीआर जूनियर वाली मेगा फिल्म में।



# रश्मिका मंदाना की राह पर कृति शेट्टी




कृति शेट्टी साउथ इंडिया सिनेमा में बहुत कम समय में तेज़ी से एक नया नाम बनकर उभर रही हैं, जिस पर ध्यान देना ज़रूरी है। अपनी बेहतरीन स्क्रीन प्रेज़ेंस, स्वाभाविक आकर्षण और उप्पेना, श्याम सिंघा रॉय, बंगाराजु और द वॉरियर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपने बहुमुखी अभिनय के साथ, उन्होंने दर्शकों और फिल्म निर्माताओं, दोनों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। जिस तरह एक समय में रश्मिका मंदाना ने पूरे देश में लोकप्रियता हासिल की थी, उसी तरह कृति भी अपनी शानदार अभिनय क्षमता और सादगी भरी मौजूदगी से उसी दिशा में आगे बढ़ती दिख रही हैं। जो उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे होनहार चेहरों में से एक बनाता है। काफी कम समय में, कृति ने प्रभावशाली भूमिकाओं का एक ऐसा संग्रह तैयार किया है। जिन किरदारों को कृति ने निभाया है, वे दिखाते हैं कि वह अलग–अलग जॉनर में — चाहे रोमांस हो या गंभीर ड्रामा — उनमें खुद को ढालने में पूरी तरह सक्षम हैं। उनके अभिनय में भावनात्मक जुड़ाव और कैमरे के सामने सहजता, उन्हें अपने समकालीन कलाकारों की तुलना में अलग पहचान दिलाती हैं। अपनी उम्र से कहीं ज़्यादा आत्मविश्वास और परिपक्वता दिखाने वाली कृति की यही खूबियाँ उन्हें उस इंडस्ट्री में अलग बनाती हैं जो हमेशा नई टैलेंट की तलाश में रहती है। कृति शेट्टी की पहचान सिर्फ एक मौजूदा लोकप्रिय कलाकार के रूप में नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद और टिकाऊ स्टार के रूप में बन रही है। वे अपने करियर में ऐसे किरदार और कहानियाँ चुन रही हैं जो न केवल उन्हें अभिनय का पूरा अवसर देते हैं, बल्कि व्यापक दर्शकों से जुड़ने का मौका भी। यह युवा अभिनेत्री, तेजी से बढ़ता फैन–बेस और कई भाषाओं की फिल्मों में उनकी मौजूदगी यह संकेत देती है कि कृति आने वाले समय में पैन इंडिया सुपरस्टार की श्रेणी में शामिल होने की राह पर हैं, और तेज़ी से दक्षिण सिनेमा की अगली बड़ी हस्ती बनती जा रही हैं।



## मेरा ध्यान सिर्फ़ किरदार और डायरेक्टर की सोच पर होता है

फिल्म जन्नत 2 से धमाकेदार डेब्यू करने के बाद अब ईशा गुप्ता को बॉलीवुड में 13 साल पूरे हो चुके हैं। इन सालों में ईशा ने खुद को एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में बातचीत में ईशा ने अपने इस सफर को एक ऐसे रोलरकोस्टर की तरह बताया, जिसमें बहुत सारा सीखना, बढ़ना और नए अनुभव शामिल रहे। अपने काम के प्रति बदले नज़रिए पर ईशा कहती हैं, वक़्त के साथ चीज़ें बदल गई हैं और मेरा नज़रिया भी। पहले मैं स्क्रिप्ट के बारे में सोचती थी, लेकिन अब मेरा ध्यान सिर्फ़ किरदार और डायरेक्टर की सोच पर होता है। एक साधारण कहानी भी सही फ़िल्ममेकर के हाथों में मास्टरपीस बन सकती है। अगर मेरा रोल सिर्फ दो मिनट का हो, तब भी मैं उसे पूरी मेहनत से करती हूं, क्योंकि राइटर ने वो किरदार मेरे लिए लिखा है। गौरतलब है कि फिल्मों में अपने किरदारों के अलावा ईशा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को लेकर भी काफी जागरूक हैं। बिना किसी लाग–लपेट के वह कहती हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि आज भी हमारे देश में मेंटल थेरेपी को गलत नज़र से देखा जाता है, जबकि हकीकत यह है कि एक स्वस्थ दिमाग ही थेरेपी का चुनाव करता है। हममें से ज़्यादातर लोग थेरेपी के लिए इसलिए जाते हैं, क्योंकि हम जानते हैं कि ये हमारी बेहतरी के लिए है, जबकि जिन्हें इसकी ज़रूरत है, वे कभी जाते ही नहीं। सच खून, तो मुझे आगे बढ़ने में मेरी थेरेपी ने बहुत मदद की है। मैं हमेशा कहती हूं कि अगर आपके पास पैसा है, तो उसे अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर खर्च करो और उसे स्वस्थ रखो, क्योंकि इनके बिना बाकी सब बेकार है। जहां तक ईशा के अगले प्रोजेक्ट की बात है, ईशा जल्द ही धमाल 4 में अजय देवगन के साथ नज़र आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो ईद 2026 पर बड़े स्तर पर रिलीज़ होगी। इसमें दो राय नहीं है कि जन्नत 2 से लेकर अब तक ईशा ने बतौर अभिनेत्री खुद को बार–बार तराशते हुए एक कलाकार बनने का सफर तय किया है और उनका यह सफर सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि पर्दे के बाहर भी जुनून, लगन और आत्मविकास की प्रेरणादायक कहानी है।

## 'परफेक्ट कपल 2' में नजर आएंगे ईशान खट्टर



ईशान खट्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में सीरीज 'परफेक्ट कपल' की अपनी एक को–एक्ट्रेस के साथ फोटो शेयर किया। इस फोटो के शेयर करते हुए, उस पर कैप्शन लिखा, 'सीजन टू?' आगे लिखा, 'परफेक्ट कपल मिल गया।' शो के मेकर्स को भी ईशान खट्टर ने यह पोस्ट टैग की है। ईशान खट्टर अपनी पोस्ट के जरिए मेकर्स को हिंट दे रहे हैं कि सीरीज 'परफेक्ट कपल 2' करना चाहते हैं। यही ख्वाहिश उनकी को–एक्ट्रेस की भी है। बताते चलें कि अमेरिकन सीरीज 'परफेक्ट कपल(2024)' में ईशान का रोल ज्यादा बड़ा नहीं था, फिर भी वह दर्शकों को याद रह गए। इस मर्डर मिस्ट्री सीरीज को सुजैन बियर ने निर्देशित किया था। निकोल किडमैन जैसी हॉलीवुड की नामी एक्ट्रेस के साथ ईशान को एक्टिंग करने का मौका सीरीज 'परफेक्ट कपल' में मिला। ईशान सीरीज में एक शूटर के रोल में थे।

### इन सीरीज में भी दिखे ईशान खट्टर

सिर्फ 'परफेक्ट कपल' सीरीज में ही ईशान खट्टर ने अभिनय नहीं किया है, उन्होंने मीरा नायर निर्देशित वेब सीरीज 'सूटेबल ब्वॉय' में भी काम किया है। इसके अलावा वह भूमि पेडनेकर के साथ सीरीज 'द रॉयल्स' में नजर आ चुके हैं।

## शशांक खैतान ने दिया दुल्हनिया 3 पर अपडेट

**बॉलीवुड में नई पीढ़ी की सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक आलिया भट्ट और वरुण धवन की जोड़ी फिर से पर्दे पर वापसी करेगी या नहीं, इस सवाल का जवाब हर फैन पिछले कई वर्षों से तलाश रहा है। हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया जैसी हिट फिल्मों के बाद दर्शक लंबे समय से इस सीरीज के तीसरे पार्ट 'दुल्हनिया 3' का इंतजार कर रहे हैं। अब इस पर निर्देशक शशांक खैतान ने बड़ा अपडेट दिया है।**

हाल ही में बॉलीवुड बबल को दिए एक इंटरव्यू में शशांक खैतान ने कहा, हम सब चाहते हैं कि 'दुल्हनिया 3' बने। चाहे मैं हूं, आलिया हो या वरुण– सभी इस फ्रेंचाइज से जुड़े हैं। लेकिन अभी तक हमें वो सही कहानी नहीं मिली है, जो हमें और दर्शकों को संतुष्ट कर सके। उन्होंने साफ किया कि टीम लगातार आइडिया पर बातचीत कर रही है लेकिन अब तक कोई ठोस प्लान तैयार नहीं हुआ है। शशांक ने यह भी कहा कि दुल्हनिया सीरीज को मिली जबरदस्त मोहब्बत को देखते हुए वे जल्दबाजी में फिल्म बनाकर दर्शकों को निराश नहीं करना चाहते।

### सिर्फ फिल्म नहीं, बल्कि कहानी मायने रखती है

निर्देशक के मुताबिक, किसी भी सफल फ्रेंचाइज का अगला पार्ट तभी बनाया जाना चाहिए जब उसके पास बताने के लिए एक मज़बूत और मजेदार कहानी हो। उनका कहना है कि दुल्हनिया 3 तभी आएगी जब टीम को लगेगा कि यह कहानी पिछले दोनों पार्ट्स से भी ज्यादा असरदार और मनोरंजक है।



# मैं हमेशा सोच-समझकर ही रोल्स चुनता हूं



**अभिनेता विशाल जेठवा ने हाल ही में फिल्म होमबाउंड में मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म और उनके अभिनय को क्रिटिक्स ने खूब सराहा। अभिनेता से उनके अब तक के सफर पर खास बातचीत की...**

### 'होमबाउंड' के लिए ऑडिशन का सफर आपके लिए कैसा रहा?

पहले मैंने शोएब के रोल के लिए ऑडिशन दिया था, पर उसमें मेरा चयन नहीं हुआ। बाद में चंदन का किरदार मिला और तीन राउंड ऑडिशन देने के बाद, मेरी मेहनत रंग लाई। धर्मा के ऑफिस में मेरी और ईशान खट्टर की केमिस्ट्री देखकर तय हुआ कि मैं चंदन के लिए सही पसंद हूं।

### होमबाउंड देखने के बाद आपको सबसे बड़ा संदेश क्या मिला?

इस फिल्म को देखकर मुझे लगा कि यह सिर्फ कहानी नहीं है, बल्कि समाज की असलियत दिखाती है। यह हमें बताती है कि हमारे आस–पास भेदभाव, छोटे–छोटे झुकाव और दूसरों को कम आंकने जैसी चीजें रोज होती रहती हैं, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। फिल्म ने मुझे यह सोचने पर मजबूर किया कि किसी भी बात को सिर्फ अपनी नजर से सही या गलत नहीं ठहराया जा सकता। बदलाव तभी आता है, जब हम दूसरों की सोच समझें और उनके साथ खुलकर बात करें। यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं करती, बल्कि सोचने और संवाद करने की प्रेरणा देती है।

### शुरुआत में बॉलीवुड में फिट न होने का एहसास कैसा था?

शुरुआत में मुझे लगता था कि मैं बॉलीवुड में फिट नहीं हूं। बाकी लोग आसानी से सब संभाल लेते हैं। उनकी भाषा, अंदाज और कॉन्फिडेंस और मैं उनके सामने खुद को सही तरीके से दिखा नहीं पा रहा था। मैं उनके हिसाब से खुद को कम समझता था और कभी–कभी मिसफिट सा महसूस करता था। लेकिन धीरे–धीरे मुझे एहसास हुआ कि मैं अलग नहीं हूं। मैंने खुद को जैसे हूं, वैसे स्वीकार कर लिया। जब मैंने खुद को एक्सेप्ट किया, तो दोस्तों और सोशल मीडिया से भी सपोर्ट मिला। मुझे समझ आया कि अपनी पहचान को अपनाना ही सबसे बड़ी जीत है। अब मैं अपने आप पर गर्व महसूस करता हूं। मैं खुश हूं कि मैंने अपने तरीके से खुद को अपनाया।

### कोई ऐसा सीन जो आपकी असली जिंदगी से जुड़ता हो?

शूटिंग के दौरान कई बार मुझे अपने किरदार से जुड़ने का मौका मिला और कुछ सीन मेरे असली अनुभवों को दर्शाते थे। मैंने अपनी पहचान को स्वीकार करना सीखा, लेकिन शुरुआत में मुझे एहसास नहीं था कि यह प्रक्रिया मेरे लिए कितनी चुनौतीपूर्ण होगी। मेरे किरदार के कुछ पहलू ऐसे थे, जिन्हें मैं पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर पा रहा था। बिल्कुल वैसे ही जैसे असली जिंदगी में कभी–कभी हम खुद को पूरी तरह स्वीकार नहीं कर पाते।

### बड़े ऑफर्स के बावजूद आप कोई किरदार कैसे चुनते हैं?

सच कहूं तो, मुझे फिल्मों में ऑफर्स आते रहे, लेकिन मैं हमेशा सोच–समझकर ही रोल्स चुनता हूं। कई फिल्म्स गंभीर और इंटेंस सब्जेक्ट्स पर होती हैं, तो शायद उन्हें लगता था कि मैं सेफ चॉइस हूं। लेकिन मैं चाहता था कि अपने काम में एक्सपेरिमेंट करूं। इस फिल्म में भी शुरुआत में डर था, क्योंकि रोल डिमांडिंग था, लेकिन सलाम वेंकी में मैंने अलग अवतार में काम करके लोगों को अपनी काबिलियत दिखाई थी। इस प्रोसेस ने मुझे यह सिखाया कि एक एक्टर को सिर्फ टाइपकास्ट नहीं होना चाहिए। मीडियम चाहे टीवी हो या फिल्म, हमें हमेशा एक्टिंग के नजरिए से देखा जाना चाहिए।

### ईशान और जान्हवी के साथ काम का सबसे यादगार पल कौन सा रहा?

ईशान और जान्हवी के साथ काम करना बहुत शानदार अनुभव रहा। उनकी परवरिश और जीवन मेरे से काफी अलग हैं, लेकिन उन्होंने मेरे नजरिए का पूरा सम्मान किया। इससे मुझे यह समझ में आया कि किसी की अलग जर्नी होने का मतलब यह नहीं कि काम हमेशा मुश्किल या दबाव भरा है। हम सहज होकर काम कर पाए और एक–दूसरे को सपोर्ट करते रहे।



# ...तो घर में जरूर रखें बांसुरी

भगवान श्रीकृष्ण को बांसुरी बहुत प्रिय है। बांसुरी कृष्णजी को प्रिय होने के कारण उसको प्रकृति का अनुपम वरदान है। ज्योतिष के अनुसार बांसुरी का इस्तेमाल अगर सोच समझकर किया जाए तो यह हमें कई प्रकार के दोषों से बचाती है। वास्तु और फेंगशुई के अनुसार, बांसुरी को अगर घर, दुकान में रखा जाए है तो इसके कई लाभ मिलते हैं। बांसुरी से होने वाले लाभ कौन-कौन से है, आइए जानते है।

- फेंगशुई विद्या के अनुसार, बांसुरी घर में रखना बहुत शुभ माना गया है। यह उन्नति और प्रगति दोनों देने में बहुत सहायक है। इस प्रकार बांसुरी प्रकृति का एक अनुपम वरदान है।
- बांसुरी बांस से बनी होती है तथा इसके पौधे को दिव्य माना जाता है। अतः घर में बांसुरी का प्रयोग करके कई तरह से लाभ उठाया जा सकता है।
- बांसुरी के संबंध में एक धार्मिक मान्यता है कि जब बांसुरी को हाथ में लेकर हिलाया जाता है तो बुरी आत्माएं दूर हो जाती हैं।
- जब बांसुरी को बजाया जाता है तो ऐसी मान्यता है कि घरों में शुभ चुम्बकीय प्रवाह का प्रवेश होता है।
- यदि सोच-समझकर इसका उपयोग किया जाए तो दोषों का बिना किसी तोड़-फोड़ के निवारण कर अशुभ फलों से बचा जा सकता है।
- ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति अपनी नौकरी से परेशान रहता हैं, बांसुरी उसकी सारी मुश्किलें आसान कर सकता है।
- जो व्यक्ति काफी मेहनत के बाद भी अपने बिजनेस में सफलता हासिल नहीं कर पाते उनके लिए बांस से बनी यह बांसुरी उन्नति और समृद्धि दोनों देने में सक्षम है। अतः उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करते हुए अपने दुकान की छत पर दो बांसुरी चिपकानी चाहिए या टांग देनी चाहिए। यह बहुत ही सरल उपाय है जो आपको अपने बिजनेस में उन्नति के शिखर पर ले जाएगा।



# सूर्यास्त के बाद झाड़ू-पौंछा न करें

**धार्मिक गंथों में ऐसी कई सार्वभौमिक सत्य बातें बताई गई हैं, जिनका अनसुरण कर हम अपना सौभाग्य लिख सकते हैं या प्रतिकूल ग्रहों को अनुकूल बना सकते हैं। आइए जानें ऐसी पांच चीजों के बारे में जो हमारे अच्छे व सुखद भविष्य की भी नींव रखती हैं।**

## थाली में न छोडें झूठा अन्न

शास्त्रानुसार कभी भी खाने की प्लेट में जूठा नहीं छोडना चाहिए और न ही कभी जूठे बर्तनों को यूं ही पढ़े रहने देना चाहिए। रात को सोने से पहले सभी जूठे बर्तन धो लेने चाहिए अन्यथा इससे घर में अशांति का वातावरण बनना शुरु हो जाएगा जो अंततः घर के दुर्भाग्य में बदल जाएगा।

## बैड को रखें नीट एंड क्लीन

शास्त्रों के अनुसार बेडरूम सुव्यवस्थित तथा साफ-सुथरा होना चाहिए। खास तौर पर बिस्तर पर बिछी हुई चादर बिल्कुल साफ होनी चाहिए साथ ही कमरे में कचरा नहीं फैला होना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर उस बिस्तर पर सोने वाले का सौभाग्य भी दुर्भाग्य में बदल जाता है।

## जगह-जगह थूकना लाता है दुर्भाग्य

कहीं भी थूक देना (विशेष तौर पर घर में, देव मंदिरों में, सार्वजनिक स्थानों पर) शास्त्रों में पूरी तरह गलत बताया गया है। इससे घर की लक्ष्मी रूठ कर चली जाती है। हमें यथासंभव अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से घर की सुख-शांति खत्म हो जाती है और कंगाली घर में प्रवेश कर जाती है।

## बाथरूम को रखें साफ-सुथरा

बाथरुम को चन्द्रमा का स्थान माना गया है। जिन घरों में बाथरूम गंदा रहता है या अस्त-व्यस्त पड़ा रहता है, उन घरों के स्वामी की कुंडली में चन्द्रमा पर ग्रहण लग जाता है जिससे उस घर में रहने वालों की मानसिक शांति समाप्त हो जाती है तथा वहां धन की कमी होने लगती है।



# पूजा में भगवान श्रीगणेश जी का है सर्वश्रेष्ठ स्थान

हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार, किसी भी शुभ काम के करने से पहले गणेश पूजन आवश्यक हैं। इससे प्रसन्न होकर गणेश जी सारे काम निर्विंघ्न कर देते हैं। हिन्दू संस्कृति और पूजा में भगवान श्रीगणेश जी को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। प्रत्येक शुभ कार्य में सबसे पहले भगवान गणेश की ही पूजा की जाती अनिवार्य बताई गयी है। देवता भी अपने कार्यों की बिना किसी विघ्न से पूरा करने के लिए गणेश जी की अर्चना सबसे पहले करते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि गणेश जी की पूजा में दूर्वा का सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मानी जाती है और साथ ही यह मान्यता है कि गणपति को दूर्वा चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। ऐसे में दूर्वा को पूजन परंपरा से जोडकर उन्होंने दुर्लभ वनस्पतियों को बचाने का संदेश दिया है क्योंकि इससे हम धरती की रक्षा कर अपने लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकेंगे।

ऐसे में कहा जाता है गणपति की साधना-अराधना के लिए बताए गए 108 नाम के बारे में जिनके जप करने से भीतरी आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है। यह भी माना जाता है कि श्री गणेश जी के 21 नाम वालें मंत्रों और 21 पेड़ों के पत्तों को अर्पित करने पर उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

मान्यता है कि पूजन की इस परंपरा के पीछे जीवनदायक प्राण वायु प्रदान करने वाले वृक्षों को न काटने का गूढ़ रहस्य छिपाया गया है। वहीं इस बात को कहने का तात्पर्य गणपति की साधना-अराधना से जुड़े इन वृक्षों संरक्षण किया जाना चाहिए। श्री गणेश नाम वृक्षों के नाम आइए जानते हैं।



## इन मंत्रों का करें जाप

ओम सुमुखाय नमः शमी पत्र।
ओम गणाधीशाय नमः भृंगराज पत्र।
ओम उमापुत्राय नमः बेल पत्र।
ओम गजामुखाय नमः दूर्वापत्र।
ओम लम्बोदराय नमः बेर का पत्र।
ओम हर पुत्राय नमः धतूरे का पत्र।
ओम शूर्पकर्णाय नमः तुलसी के पत्र।
ओम वक्रतुण्डाय नमः सेम का पत्र।
ओम गुहाग्रजाय नमः अपामार्ग पत्र।
ओम एकदंताय नमः भटकटैया पत्र।
ओम हेरम्बाय नमः सिंदूर पत्र।
ओम चतुर्होत्रे नमः तेज पत्र।
ओम सर्वेश्वराय नमः अगस्त पत्र।
ओम विकटाय नमः कनेर पत्र।
ओम हेमतुण्डाय नमः केला पत्र।
ओम विनायकायनमः आक पत्र।
ओम कपिलाय नमः अर्जन पत्र।
ओम वटवे नमः देवरारू पत्र।
ओम भालचंद्रय नमः महुए के पत्र।
ओम सुराग्रजाय नमः गांधारी पत्र।
ओम सिद्धि विनायक नमः केतकी पत्र।

## परिवार और व्यक्ति के दुख दूर करते हैं यह सरल उपाय

बुधवार के दिन घर में सफेद रंग के गणपति की स्थापना करने से समस्त प्रकार की तंत्र शक्ति का नाश होता है।

धन प्राप्ति के लिए बुधवार के दिन गणेश को घी और गुड़ का भोग लगाएं। थोड़ी देर बाद घी व गुड़ गाय को खिला दें। ये उपाय करने से धन संबंधी समस्या का निदान हो जाता है।


परिवार में कलह कलेश हो तो बुधवार के दिन दूर्वा के गणेश जी की प्रतिकात्मक मूर्तिं बनवाएं। इसे अपने घर के देवालय में स्थापित करें और प्रतिदिन इसकी विधि-विधान से पूजा करें। घर के मुख्य दरवाजे पर गणेशजी की प्रतिमा लगाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। कोई भी नकारात्मक शक्ति घर में प्रवेश नहीं कर पाती है।

# तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं

हर व्यक्ति के जीवन में शांति और सम्पन्नता का होना जरूरी है और सम्पन्नता के लिए लक्ष्मी का प्रसन्न होना बेहद आवश्यतक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ खास बातें नहीं की जाएं तो लक्ष्मी की कृपा और आशीर्वाद हमेशा बना रहता है।

- वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के दरवाजों को कभी भी ना खटखटाएं। घर के गेट पर बैल लगाएं या आवाज देकर मालिक को बुलाएं। गेटों को खटखटाने और बजाने से वास्तु दोष बढता है। ऐसे में लक्ष्मी वहां ज्यादा दिनों तक टिकती नहीं है।
- वास्तु के अनुसार सर्वप्रिय देव श्रीगणेश की मालिक द्वारा आराधना जरूरी होती है। यदि घर का मालिक सुबह उठकर श्रीगणेशजी का ध्यान कर पूजा-अर्चना करता है तो घर के वास्तु दोष तुरंत दूर होते हैं।
- वास्तु के अनुसार तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं, इससे जीवन में अशुभता आने लगती है। तुलसी जी के पौधे को पूर्व या उत्तर में लगाना उचित रहता है।
- गंदे कपडे पहनने से भी वास्तु दोषों में बढोतरी होती है। कोशिश करें कि दो दिन के अलावा तीसरे दिन भी पुराने कपडे नहीं पहनें।
- घर की सफाई रात को करना भी वास्तु के अनुसार ठीक नहीं है। कहते हैं कि शाम को जो धूल एकत्रित होती है, वही लक्ष्मी जी की कृपा होती है।





# सकारात्मक ऊर्जा और तन-मन की शांति के लिए..

**धार्मिक ग्रंथों के अनुसार अच्छी सेहत और प्रसन्न तन-मन के लिए कुछ उपयोगी टिप्स दैनिक व्यवहार में लाकर आप एक सुंदर एवं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।**

- सूर्योदय से पूर्व उठने की आदत डालें, इससे सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है जो तन, मन और मस्तिष्क को शांत करती है।
- प्रातः काल आसपास के खुले स्थान, पार्क या भवन की छत पर जाकर पूर्व दिशा की ओर मुंह करके थोड़ा व्यायाम करें और लंबी सांस लें। इससे प्रकृति में सुबह के समय व्याप्त सकारात्मक ऊर्जा यानी आक्सीजन का भरपूर उपयोग करके आप शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं।
- अच्छे स्वास्थ्य के लिए भोजन करते समय आपका मुख सदा पूर्व या उत्तर में रहे। कभी भी पलंग पर बैठकर, खड़े होकर या आड़े-तिरछे बैठकर भोजन न करें।
- भोजन या तो भूमि पर आसन बिछाकर करें या फिर डायनिंग टेबल का प्रयोग करें। विधिवत भोजन करने से शरीर चुस्त दुरूस्त रहता है।
- खाना खाते वक्त टेलीविजन नहीं देखें, इससे उत्पन्न होने वाली नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव से सभी ज्ञानेंद्रियों पर विपरीत असर पड़ता है। इससे पेट की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अतः भोजन करते समय टेलीविजन देखने की बजाए पारिवारिक दिनचर्या पर गपशप करें।
- दवाइयों को डायनिंग टेबल पर नहीं रखें, ये नकारात्मक ऊर्जा की प्रतीक होती है। ऐसा करके हम दवाइयों को भोजन का हिस्सा बनाने का निमंत्रण देते हैं, ऐसा नहीं करें।
- यदि घर में बच्चों या वृद्धों के लिए कुछ टॉनिक आदि का प्रयोग कर रहे हों, तो ऐसे टॉनिक की शीशियां व डिब्बे घर की पूर्व दिशा में बनी आलमारियों में रखें और किसी बीमारी से संबंधित दवाइयों को दक्षिण या पश्चिम में रखें।
- भोजन पूर्व की तरफ मुंह करके ही बनाएं। यह सेहत के लिए उत्तम और सुखदायी होता है। रसोईघर आग्नेय कोण में ही बनाएं। रसोईघर की व्यवस्था उत्तर-पूर्व में न करें। यह धन और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ज्वलनशील पदार्थों को भी दक्षिण-पूर्व में रखें।
- रसोईघर की दीवारों का रंग हल्का पीला, नारंगी या हल्का लाल रखें। जिससे भोजन सुप्पाच्य होकर भूख बढ़ाने में सहायक साबित होगा। जब एक साथ मिलकर सभी खाना खा रहे हों, तो घर के मुखिया का मुंह पूर्व में तथा अन्य सदस्यों का मुंह उत्तर या पश्चिम में होना चाहिए। दक्षिणामुख कभी नहीं बैठें। इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है। हाथ आदि साफ कर प्रसन्नतापूर्वक खाने से आरोग्यता बढ़ती है।



# गोमेद एक खूबसूरत रत्न

## जीवन को भी बना देता है सुंदर

ज्योतिष विज्ञान में गोमेद को एक खूबसूरत रत्न माना गया है, जो जीवन को सुंदर बना देता है। गोमेद सबसे लाभदायक रत्नों में से एक माना गया है। गोमेद राहु ग्रह से संबंधित रत्न माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में राहु को पाप ग्रह माना जाता है अतः ज्योतिषाचार्यों द्वारा राहु के दुष्प्रभावों को समाप्त करने के लिए गोमेद रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। ध्यान रखने योग्य यह है कि गोमेद के साथ माणिक्य, मूंगा और पुखराज नहीं पहनना चाहिए।

यह रत्न जहां रुके कार्यों पूर्ण करने का कार्य करता हैं, वहीं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता देता है। ज्योतिषियों की मानें तो जन्म कुंडली की दशाओं को जानकर ही इस रत्न को धारण करना उचित रहता है। इतना ही नहीं गोमेद ब्लड कैंसर, कम सुनाई देना, आंखों तथा जोड़ों के दर्द जैसी बीमारियों से भी निजात दिलाता है। गोमेद एक चमकदार और अपारदर्शी रत्न है। यह गहरे भूरे अथवा लाल रंग की तरह होता है। इसे गारनेट समूह का रत्न माना जाता है। यह दुनिया में कई स्थानों पर पाया जाता है। गोमेद मुख्य रूप से यह भारत, श्रीलंका और ब्राजील में आसानी से मिल जाता है तथा साउथ अफ्रीका, थाईलैंड और ऑस्ट्रेलिया में भी यह रत्न पाया जाता है। राहु ग्रह से संबंधित इस रत्न को हिन्दी में गोमेद और अंग्रेजी में हैसोनाइट स्टोन कहते हैं। गोमेद रत्न 6 रत्ती से कम का धारण नहीं करना चाहिए। यह रत्न शनि की होरा में शुक्ल पक्ष के किसी भी शनिवार को पहनना अतिशुभ माना गया है। यदि शनिवार के दिन शतभिषा, स्वाती या आर्द्रा नक्षत्र में इसे धारण किया जाए तो गोमेद की शुभता अधिक बढ़ जाती है।

### रत्न धारण करने की विधि

गोमेद रत्न की अंगूठी को सबसे पहले गंगा जल, दूध, शहद और मिश्री के घोल में डालकर एक रात उसमें ही रहने दें। तत्पश्चात ऊँ रां राहवे नमः मंत्र का 108 बार जाप करके कनिष्का में धारण करना चाहिए।

### किस अंगुली में धारण करें

इसे चांदी या अष्टधातु की अंगूठी में जड़वा कर पहनना उचित रहता है। राहु का रत्न गोमेद को कनिष्का ऊंगली में पहनना चाहिए, क्योंकि मिथुन राशि में उच्च का होने से बुध की अंगुली कनिष्का में पहनना शुभ फलदायी रहता है। यह राहु के अशुभ प्रभाव को दूर करता है। गोमेद धारण करने से राहु की दशा-महादशा को दुष्प्रभावों से निजात मिलती है। यह रत्न शत्रुओं पर विजय दिलाने वाला भी माना जाता है, इतना ही नहीं इसे धारण करने से सकारात्मक विचार, एकाग्रता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

### कौन धारण करें

इसे राजनीतिज्ञ, जासूसी, जुआ, सट्टा खेलने वाले तथा तंत्र या मंत्र विद्या से जुड़े व्यक्ति पहनते हैं। कौन ना पहने ये रत्न- जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु 5वें, 8वें 9वें 11वें या 12वें स्थान पर हो उन्हें गोमेद धारण नहीं करना चाहिए। इससे नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है तथा जिनका व्यापार-व्यवसाय राहु ग्रह से संबंधित हो उन्हें भी यह रत्न नहीं पहनना चाहिए।

# पीतल का शेर देगा आपको आत्मविश्वास...

**घर का सामान आपके जीवन, धन-संपत्ति और खुशहाली के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व पर भी गहरा प्रभाव डालता है। वास्तुशास्त्र के कुछ मौलिक सिद्धांत तो लगभग सभी लोगों को मालूम होते भी हैं, मसलन दक्षिण दिशा में मुख्य द्वार नहीं बनाना चाहिए, उत्तर दिशा में तिजोरी रखना और घर में गंदगी इकट्ठी ना होने देना...वगैरह-वगैरह।**

लेकिन कुछ वास्तु टिप्स ऐसे होते हैं, जो आपके व्यक्तित्व पर भी बहुत गहर असर छोड़ते हैं। अगर आप उदास रहते हैं या फिर आपको लगता है कि आत्मविश्वास की कमी के कारण आप अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं या आपको अन्य लोगों के समक्ष अपनी बात रखने में हिचक होती है तो हम आपको एक ऐसा वास्तु उपाय बताने जा रहे हैं जो आपके लिए बेहद कारगर सिद्ध हो सकता है। पीतल धातु से बना शेर, ना सिर्फ आपके घर की शोभा को बढ़ाता है बल्कि आपके भीतर छिपी हीन भावना या आत्मविश्वास की कमी को भी समाप्त करता है।

वास्तुशास्त्र के विशेषज्ञों के अनुसार अगर पीतल धातु से बने शेर को घर की पूर्वी दिशा में स्थापित करते हैं तो यह आपके सेल्फ कॉफिडेंस में गजब का उछाल लाता है। बस एक बात का ध्यान रखें कि जब आप शेर को अपने घर में स्थापित करें तो उसका मुख घर के केन्द्र में होना चाहिए।